

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 45वें शतरंज ओलिम्पियाड की 'मशाल' खेल मंत्री ...

उद्धव ने न केवल बाल ठाकरे की विचारधारा को बल्कि ... 12



वर्ष : 14 | अंक : 277 | नई दिल्ली, सोमवार, 19 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# भारत ने रचा इतिहास: टेस्ट में दर्ज की सबसे बड़ी जीत, सीरीज में 2-1 की बढ़त

## राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ दर्ज की 434 रन की विशाल जीत

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत ने राजकोट में इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज का तीसरा मुकाबला भारत ने 434 रन से जीत लिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। राजकोट में खेले गए मुकाबले की पहली पारी में भारतीय टीम ने 445 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 319 रन बना सकी। भारत को 126 रन की लीड मिली। दूसरी पारी में भारत ने 430 रन बनाकर पारी घोषित कर दी और बेन स्टोक्स की टीम को 557 रन का लक्ष्य थमाया। इसका पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 122 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। राजकोट में खेले गए टेस्ट मुकाबले में भारत ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 में खेले गए मैच में भारत ने 372 रन से जीत दर्ज की थी। वहीं, 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 337 रन से मुकाबला अपने नाम किया था। 2016 में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 321 रन



से मात दी थी। इसके अलावा 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने मोहाली में 320 रन से जीत दर्ज की थी। भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से शिकस्त मिली। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम की ये दूसरी सबसे बड़ी हार है। भारत ने दूसरी पारी चार विकेट पर 430 रन बनाकर घोषित कर दी और इंग्लैंड को 557 रन का लक्ष्य थमाया। दूसरी पारी में बैजबॉल के लिए मशहूर इंग्लैंड की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। मार्क वुड के अलावा कोई भी बल्लेबाज 20 रन से अधिक का स्कोर नहीं तैयार कर पाया। जैक क्रॉली 11 और बेन डकेट चार रन बनाकर आउट हुए। कप्तान बेन स्टोक्स सिर्फ 15 रन बना सके। उन्हें कुलदीप यादव ने आउट किया। इसके अलावा ओली पोप ने तीन, रुट ने सात, बेयरस्टो ने चार, बेन फोक्स ने 16, रेहान अहमद ने शून्य, टॉम हार्टले ने 16 रन बनाए। वहीं, जेम्स एंडरसन एक रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड 122 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने पांच और कुलदीप यादव ने दो विकेट लिए। वहीं, बुमराह और अश्विन को एक-एक सफलता मिली।

## भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन सत्र को पीएम ने किया संबोधित

# विपक्ष के नेता भी लगा रहे एनडीए 400 पार के नारे : मोदी

### कहा-विकसित भारत के लिए भाजपा सरकार का तीसरा टर्म जरूरी



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने जो हासिल किया है वह एक पड़ाव मात्र है और अगले पांच वर्षों में विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने के लिए लंबी छलांग लगानी है लेकिन इसके लिए पहली शर्त सरकार में भारतीय जनता पार्टी की जोरदार वापसी है। भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भाजपा हर भारतीय के जीवन को बदलने के लिए और बहुत कुछ हासिल करने के लिए बहुत से निर्णय अभी बाकी हैं। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत ने जो गति हासिल की है और बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का जो हौसला पाया है वह अभूतपूर्व है। इसलिए नहीं कि मैं कह रहा हूं। आज दुनिया गाजे-बाजे के साथ बोल रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है और यह संकल्प है ह्यविकसित भारत का। उन्होंने कहा, अब देश छोटे सपने नहीं देख सकता है और ना ही देश अब छोटे संकल्प ले सकता है। सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे। हमारा सपना भी है और हम सब का संकल्प भी है कि हमें भारत को विकसित बनाना है। उन्होंने कहा, इसमें अगले पांच वर्षों की बहुत बड़ी भूमिका होने जा रही है। अगले पांच सालों में भारत को पहले से भी कई गुना तेजी से काम करना है।

अगले पांच सालों में हमें विकसित भारत की तरफ एक लंबी छलांग लगानी है। इन सारे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पहली शर्त है सरकार में भाजपा की जोरदार वापसी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विपक्ष के नेता भी अगली बार मोदी सरकार बोल रहे हैं और अगली बार राजग सरकार, 400 पार के नारे लगा रहे हैं। उन्होंने कहा, राजग को 400 पार करने के लिए भाजपा को 370 के मील का पत्थर पार करना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश मानता है 10 साल का उनका कार्यकाल आरोपमुक्त रहा है।

उन्होंने कहा, 25 करोड लोगों को गरीबी से बाहर निकलना कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा, पूरा देश मानता है कि हमने देश को महाघोटाले और आतंकी हमलों से मुक्ति दिलाई है, गरीब और मध्यम श्रेणी के लोगों का जीवन बेहतर करने का प्रयास किया है। छत्रपति शिवाजी महाराज को अपनी प्रेरणा बताते हुए मोदी ने कहा कि वह अपने सुख और वैभव के लिए जीने वाले व्यक्ति नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं। मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं। अगर मैं अपने घर की चिंता करता तो आज करोड़ों गरीबों के घर नहीं बन पाते। मैं देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य के लिए जीता हूं।

### पीएम ने गरीबी, भ्रष्टाचार व परिवारवाद से मुक्ति दिलायी : शाह



नई दिल्ली। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दस साल के शासन के दौरान देश को गरीबी, भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण से मुक्ति दिलाने का काम किया है जबकि आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन इन्हीं नासूरों को फिर से देश में जगह दिलाने के लिए लड़ रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी ने अपने आचरण एवं कार्यों से देश की जनता को सार्वजनिक हीनभावना से बाहर निकाला और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिलायी है और विकास को केन्द्र में रख कर पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस यानी कार्यप्रदर्शन की राजनीति को स्थापित किया है। श्री शाह यहां भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन भाजपा देश की आशा और इंडी गठबंधन, कांग्रेस की हताशा प्रस्ताव को प्रस्तुत करते हुए यह बात कही। इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री मोदी, भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्रीगण एवं पार्टी के करीब 12 हजार कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रस्ताव का अनुमोदन केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। उन्होंने कहा, बीते 75 वर्ष में इस देश ने 17 लोकसभा चुनाव, 22 सरकारें और 15 प्रधानमंत्री देखें हैं। देश में हर सरकार ने अपने समय पर समयानुकूल विकास करने का प्रयास किया है। लेकिन आज मैं बिना किसी कन्फ्यूजन के कह सकता हूं कि समग्र विकास, हर क्षेत्र का विकास और हर व्यक्ति का विकास करने का काम केवल नरेन्द्र मोदी जी के 10 वर्षों में हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्रीय सम्मेलन ऐसे समय में है जब चुनाव नजदीक हैं। इस सम्मेलन के बाद हम मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के संकल्प के साथ अपने निर्वाचन क्षेत्रों में वापस जायेंगे।

## प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने शरीर त्यागा

### छत्तीसगढ़ के डोगरगढ़ के चंदगिरी में बीती रात शरीर त्याग दिया

किरण संवाददाता



रायपुर/एजेंसी। प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में डोगरगढ़ के चंदगिरी में बीती रात्रि शरीर त्याग दिया और ब्रम्हलीन हो गए। मिली जानकारी के अनुसार जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज राजधानी रायपुर से लगभग 100 किमी दूर डोगरगढ़ के चंदगिरी में पिछले छह माह से रूके हुए थे। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। तीन दिनों से उन्होने अन्न जल त्याग दिया था और उपवास पर थे। रात्रि में लगभग ढ़ाई बजे उन्होने शरीर त्याग दिया। आचार्य जी का जन्म 1946 में कर्नाटक के बेलगाम जिले में हुआ था।उन्होने दीक्षा राजस्थान में ली थी।वह हिन्दी और कन्नड सहित कई भाषाओं के जानकार थे।वह जैन समाज के शीर्षस्थ मुनियों में थे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल साइट एक्स पर कहा कि छत्तीसगढ़ सहित देश-दुनिया को अपने ओजस्वी ज्ञान से पल्लवित करने वाले आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को देश और समाज के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्य, उनके त्याग और तपस्या के लिए युगों-युगों तक स्मरण किया जाएगा।

**पीएम ने जताया शोकः** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है, लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके बहूमूल्य प्रयास सदैव स्मरण किए जाएंगे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके बहुमूल्य प्रयास सदैव स्मरण किए जाएंगे। वे जीवनपर्यंत गरीबी उन्मूलन के साथ-साथ समाज में स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने में जुटे रहे। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे निरंतर उनका आशीर्वाद मिलता रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनसे हुई भेंट उनके लिए अविस्मरणीय रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कमलनाथ ने अपने आवास पर लगाया प्रभु श्रीराम का झंडा

नई दिल्ली। बीते दिनों से मध्य प्रदेश की राजनीति में भूचाल मचा हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ के कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। दोनों नेता दिल्ली में मौजूद हैं। माना जा रहा है कि उनके साथ कांग्रेस के कई नेता भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इसी बीच कमलनाथ ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर श्रीराम का झंडा लगा दिया है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि वह कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा के साथ जा सकते हैं। हालांकि कमलनाथ और नकुलनाथ ने इसकी पुष्टि नहीं की है। वहीं उनके घर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। इसके अलावा कमलनाथ खेमे के नेता माने जाने वाले सज्जन सिंह वर्मा ने भी सोशल मीडिया एक्स पर भगवान राम के साथ पोस्टर साझा किया है। पोस्टर में लिखा है, तेरे राम मेरे राम, तुझमें भी राम, मुझमें भी राम, जय श्रीराम। उधर दिल्ली भाजपा के नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा ने कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की खबरों को निराधार बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, बहुत से मित्रों के फोन आ रहे है और वो कमलनाथ के बारे में पूछ रहे हैं। मैंने उनसे फोन पर भी कहा है और यहां भी कह रहा हूं कि सिखों के हत्यारे और हिन्द दी चादर गुरु तेग बहादुर जी के गुरुद्वारे रकाबगंज साहिब को जलाने वाले कमलनाथ के लिए भाजपा के दरवाजे न खुले थे न खुले हैं। प्रधानमंत्री मोदी के होते हुए कभी ऐसा संभव नहीं हो पाएगा, ऐसा मैं आप सबको भरोसा दिलाता हूं।

### सुरेंद्रनगर: वैन पलटने से चार की मौत, दो घायल

सुरेंद्रनगर। गुजरात के सुरेंद्रनगर में शनिवार देर रात वैन का टायर फटने से हुए हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना देर रात 1:30 बजे ध्रांगध्रा राज्य राजमार्ग पर हरिपुर गांव के पास हुई। उन्होंने बताया, छह लोग एक विवाह समारोह में भाग लेने के बाद ध्रांगध्रा लौट रहे थे। एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थीं, जबकि दो लोग हादसे में घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ध्रांगध्रा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान यज्ञेश जादव, इंदुमती जादव, राधा जादव और धनेश चावड़ा के रूप में की गई है।

### पटना में लॉ कॉन्क्लेव 25 फरवरी को सुब्रह्मण्यम स्वामी भी होंगे शामिल

पटना। देश का सबसे बड़ा लॉ कॉन्क्लेव का आयोजन 25 फरवरी को राजधानी पटना के ज्ञान भवन में होगा। इसमें देश के जाने माने वकील और राजनेता सुब्रह्मण्यम स्वामी भी मौजूद रहेंगे। सुब्रह्मण्यम स्वामी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। इस लॉ कॉन्क्लेव का आयोजन पटना के लॉ प्रेप ट्यूटोरियल की ओर से किया जा रहा है। इसमें पांच हजार से ज्यादा लोग शिरकत करेंगे, जिसमें लॉ के विशेषज्ञ से लेकर छात्र और छात्राएं शामिल हैं। कार्यक्रम के आयोजक और लॉ प्रेप ट्यूटोरियल पटना के निदेशक अभिषेक गुंजन ने रविवार को कहा कि इसमें कानून के विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा होगी। कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य मकसद देश के कानून और संविधान के प्रति लोगों के बीच जागरुकता फैलाना है।

## झारखंड में सरकार को कोई खतरा नहीं : चंपई

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस के चार विधायकों को मंत्री के रूप में शामिल करने पर पार्टी विधायकों के एक वर्ग में नाराजगी की खबरों के बीच झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को कहा कि प्रदेश में झारखंड मुक्ति मोचा के नेतृत्व वाला गठबंधन मजबूत है और राज्य में गठबंधन सरकार को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से नई दिल्ली में मुलाकात से पहले सोरेन ने यह टिप्पणी की। खरगे से मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष से यह शिष्टाचार मुलाकात थी। हालिया मंत्रिमंडल गठन को लेकर कांग्रेस विधायकों के एक वर्ग के असंतुष्ट होने पर सोरेन ने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है। इससे पहले सुबह सोरेन ने कहा, यह कोई मुद्दा ही नहीं है, हमारा गठबंधन मजबूत है। असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों के दिल्ली में होने के बारे पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा था, यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है, वे इसे सुलझा लेंगे। मुझे इस बारे में कुछ नहीं कहना है। झामुमो और कांग्रेस के बीच कोई विवाद नहीं है और सब कुछ बिल्कुल ठीक है। कांग्रेस के कम से कम 12 विधायकों ने 23 फरवरी से शुरू हो रहे आगामी राज्य विधानसभा सत्र का बहिष्कार करने और मंत्रियों को नहीं बदलने पर जयपुर जाने की धमकी दी है। झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के पास 81-सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायक (झामुमो के 29, कांग्रेस के 17 और राष्ट्रीय जनता दल का एक हैं। आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख को फिर से मंत्री पद देने के कांग्रेस के फैसले से नाखुश विधायक पहले रांची के एक होटल में एकत्र हुए। उन्हें मनाने के लिए झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के सबसे छोटे बेटे और मंत्री बसंत सोरेन पहुंचे। विधायकों के साथ बैठक के बाद बसंत सोरेन ने कहा, कोई भ्रम नहीं है। हम सभी एकजुट हैं।

## भारत और नेपाल के अधिकारियों की संयुक्त बैठक, सीमा सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा

प्रात : किरण

पूर्वी चंपारण/एजेंसी। आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारत और नेपाल के अधिकारियों की बैठक रक्सौल स्थित इंट्रीग्रेटेड चेकपोस्ट के सभागार में हुई। इंडो नेपाल बॉर्डर कोर्डिनेशन कमिटी की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल और नेपाल के चितवन के डीएम ने संयुक्त रूप से की। बैठक में भारत के नेपाल सीमा से सटे पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चंपारण और सीतामढ़ी जिला के डीएम और एसपी के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वही नेपाल की ओर से भारतीय सीमा से सटे नेपाल के 7 जिलो के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के साथ ही सीमा सुरक्षा, जाली नोट, आर्म्स, ड्रग्स एंड नारकोटिक्स, शराब तस्करी, तंबाकू व अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी पर नियंत्रण और क्रॉस बॉर्डर क्राइम कंट्रोल सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तृत चर्चा किया गया। इसके अलावा मोस्ट वांटेड अपराधियों की धरपकड़, विदेशी नागरिकों के अलावा संदिग्ध लोगों की अवैध आवाजाही और अवांछित गतिविधियों पर रोक, आपसी सूचनाओं के अदान प्रदान और दोनो देश के परस्पर आपसी सहयोग के मुद्दे पर भी दोनों देश के अधिकारियों के बीच गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक के बाद पूर्वी चंपारण और नेपाल के चितवन के डीएम ने संयुक्त रूप से बताया कि दोनों देश के अधिकारियों के बीच काफी सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता हुई है, आपसी सहयोग पर बल दिया गया है।

## टाल-मटोल की नीति न अपनाए केंद्र किसानों की मांगें माने: किसान नेता

प्रात : किरण



चंडीगढ़/नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रियों के साथ यहां रविवार को बातचीत से पहले किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार को टाल-मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए। लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है।

फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों पर तीन केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच शाम छह बजे यहां बैठक होनी है। यह बैठक ऐसे वक्त में होनी है, जब हजारों किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को भी बातचीत हुई थी, जो बेनतीजा रही। डल्लेवाल ने शंभू सीमा पर संवावदाताओं से कहा, मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि वह टाल-मटोल की नीति न अपनाये। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को लगता है कि वह आचार संहिता लागू होने तक बैठकें जारी रखेगी और फिर कहेगी कि आचार संहिता लागू हो गई है एवं हम कुछ नहीं कर सकते। फिर भी किसान वापस नहीं लौटेंगे। उन्होंने कहा, सरकार को आचार संहिता लागू होने से पहले हमारी मांगों का समाधान तलाशना चाहिए। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय किसान नेताओं के साथ बैठक करेंगे। किसानों के दिल्ली चलो मार्च का आज छठा दिन है।

**एमएसपी की मांग पर अड़े किसानः** किसान नेताओं की मांग है कि सरकार अध्यादेश लाकर टरढ के लिए गारंटी कानून लाए। किसानों की मांग है कि सरकार अध्यादेश लेकर आए। किसान मांग कर रहे हैं कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी दी जाए, इसके लिए अध्यादेश लाया जाए। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवन सिंह पंधेर ने शनिवार को कहा कृषि ऋण माफ किया जाए।

## जाति जनगणना देश का एक्सरे हैं: राहुल गांधी

प्रात : किरण



प्रयागराज/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जाति जनगणना देश का एक्सरे है, इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। स्वराज भवन से निकलकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पास लक्ष्मी टाकीज चौराहे पर उन्होंने कहा, जाति जनगणना आपका का हथियार है और आपको पता लगाना है कि आपकी आबादी कितनी है और दूसरे नंबर पर पता लगाना है कि देश के धन पर आपकी कितनी हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा, इस देश में 73 प्रतिशत जातियों के पास कितना धन है? जाति जनगणना देश का एक्सरे है। इससे सब पता लग जाएगा तथा दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। भीड़ से एक छात्र को अपनी जीप पर बुलाकर राहुल गांधी ने उससे पूछा, आप कौन-से वर्ग से हैं। छात्र ने जवाब दिया कि वह ओबीसी वर्ग से है। इस पर राहुल गांधी ने कहा, देश में ओबीसी वर्ग 50 प्रतिशत है, दलित वर्ग 15 प्रतिशत है और आदिवासी वर्ग आठ प्रतिशत है। उन्होंने कहा, इस देश में आप जैसे युवाओं का कोई भविष्य नहीं है। आपकी (ओबीसी, दलित, आदिवासी) आबादी 73 प्रतिशत है, लेकिन हिंदुस्तान में शीर्ष 200 कंपनियों में से एक कंपनी का भी मालिक ओबीसी, दलित नहीं है। देश के सबसे बड़े 90 आईएएस अधिकारियों की सूची में महज तीन लोग आपके वर्ग से हैं। मीडिया में आपका एक भी आदमी नहीं है।

**अभ्यास** | पचास मेहमान देशों के साथ इस समुद्री अभ्यास के लिए भारतीय नौसेना की बड़े पैमाने पर तैयारी

## नौसैन्य अभ्यास मिलन में पहली बार हिस्सा लेंगे विक्रमादित्य और विक्रांत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सिटी ऑफ डेस्टिनी विशाखापत्तनम में 21 फरवरी से होने वाले बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास मिलन में पहली बार भारत के दोनों विमानवाहक आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत हिस्सा लेंगे। करीब 50 मेहमान देशों के साथ इस समुद्री अभ्यास के लिए मेजबान भारतीय नौसेना बड़े पैमाने पर तैयारी कर रही है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने अब तक के सबसे बड़े इस नौसैन्य अभ्यास को समुद्री क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय हित देखते हुए काफी महत्वपूर्ण बताया है। बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास मिलन में शामिल होने के लिए 58 देशों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें 50 से अधिक देशों से शामिल होने की प्रतिक्रियाएं मिलीं हैं। विभिन्न देशों की नौसेनाएं अपने-अपने युद्धपोत समुद्री और हवाई बेड़े के साथ इस अभ्यास में शामिल होने के लिए पहुंचने लगी हैं। अमेरिकी नौसेना का अर्ले बर्क-क्लास गाइडेड मिसाइल विध्वंसक यूएसएस हैल्सी विशाखापत्तनम पहुंच गया है, जिसका पूर्वी नौसेना कमान सनराइज कमांड ने सिटी ऑफ डेस्टिनी में गर्मजोशी से स्वागत किया है।



यह पहला मौका है जब भारत के दोनों विमानवाहक यानी आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत विशाखापत्तनम में होने वाले बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन-2024 में भाग लेंगे। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार कहते हैं कि मिलन वास्तव में अब तक का सबसे बड़ा अभ्यास है, जो अपने कद, सामग्री और जटिलता की डिग्री में बढ़ रहा है। यह इस मायने में बहुत महत्वपूर्ण है कि इस बार का विषय सभी के साथ सहयोग, सामंजस्य और बातचीत है। इसमें एक समुद्री चरण और एक बंदरगाह चरण है, जो 19 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगा। अभी हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, 2030 तक या उससे भी पहले तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से हमारे देश का कद बढ़ रहा है और समुद्री क्षेत्र के महत्व को भी हर कोई महसूस कर रहा है। समुद्री क्षेत्र अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए महासागरों को सुरक्षित, संरक्षित और मुक्त रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि नियम-आधारित व्यवस्था के तहत समुद्री क्षेत्र में हमारे राष्ट्रीय हित सुरक्षित रहें। बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन में भारतीय नौसेना के दोनों विमानवाहक पोतों की भागीदारी पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार कहते हैं कि दोनों वाहक अभ्यास में हिस्सा लेने के बाद पश्चिमी समुद्र तट पर जाएंगे और हम उन्हें एकीकृत करने जा रहे हैं। अभी पश्चिमी समुद्र तट पर ऑपरेशन की गति काफी तेज है, क्योंकि हमारे 10 जहाज ड्रोन-रोधी उपायों के लिए तैनात हैं। अन्य 3-4 जहाज समुद्री डकैती-रोधी अभियानों के लिए तैनात हैं, जो अभूतपूर्व है, क्योंकि पहले ऐसा नहीं था। एमक्यू 9बी ड्रोन की खरीद पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि रक्षा अधिग्रहण परिषद से मंजूरी के बाद अनुरोध पत्र अमेरिकी सरकार को भेज दिया गया है। अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी के बाद आने वाले कुछ महीनों में अनुबंध पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।


INVEST UP
निवेश का महाकुंभ
₹10 लाख करोड़+ की निवेश परियोजनाएं
UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE
औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0
— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —
34 लाख+ नौकरी के अवसर
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री, भारत सरकार
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश
जसवंत सिंह सैनी
राज्य मंत्री, संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव
इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग हब
एम.एस.एम.ई. हब
डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर
एयरपोर्ट प्रदेश
मेट्रो प्रदेश
एक्सप्रेस प्रदेश
दिनांक : 19 फरवरी, 2024 | समय : मध्याह्न 12:00 बजे
स्थान : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ
लाइव प्रसारण
DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS
Youtube.com/dduttarpradesh
एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# किसान आंदोलन के चलते दिल्ली से सटे सभी बॉर्डर बंद, बस सेवा बाधित होने से लोग परेशान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



हरियाणा पंजाब में किसान आंदोलन के चलते दिल्ली के सभी बॉर्डर सील है। जिससे दिल्ली कश्मीरी गेट अंतर्राजिय बस अड्डे तक हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल ट्रांसपोर्ट की बसों को आने-जाने में काफी दिक्कतें हो रही है। ये कहना गलत नही है कि किसान आंदोलन के चलते दिल्ली से बाहर की बस सेवा पूरी तरह से बाधित हो रही है।

हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल ट्रांसपोर्ट की दिल्ली में करीब 1000 से ज्यादा बसें चलती हैं और इस समय करीब 10 के आसपास ही बसें चल रही है। जिसकी वजह से सवारियों को भी ज्यादा किराया देना पड़ रहा है और बस का सफर इस दौरान यात्रियों के लिए सुरक्षित भी नही माना जा रहा है। फिलहाल बसों के यात्रा करने वाली यात्री बसों की जगह अब रेल से यात्रा करना ज्यादा सुरक्षित मान रहे है, यह कहना कश्मीरी गेट बस अड्डे के ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर का है।

दिल्ली से सटे सभी राज्यों बस सेवा बाधित किसान आंदोलन के चलते दिल्ली और यूपी के सभी बॉर्डर पूरी तरह से सील है। हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश से दिल्ली के कश्मीरी गेट अंतर्राजिय बस अड्डे पर आने के लिए बस ड्राइवर को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। दिल्ली में एंट्री करने के लिए ड्राइवर को सिंघी बॉर्डर से करीब 15 से 20 किलोमीटर पहले ही वैकल्पिक रास्तों से दिल्ली आना पड़ रहा है। जिसके लिए करीब तीन से चार घंटे का समय दिल्ली आने में लग रहा है। कश्मीरी गेट बस अड्डे के ट्रांसपोर्टिंग इंचार्ज इंपेक्टर जयकुमार ने बताया कि जितना समय चंडीगढ़ से दिल्ली आने में लगता है, उतना ही समय अब बसों को हरियाणा के बहालगढ़ से कश्मीरी गेट बस अड्डे तक आने में लगता है। बहालगढ़ सिंधु बॉर्डर से करीब 20 किलोमीटर पहले है, पिछले किसान आंदोला को देखते हुए इस बार सरकार ने पहले से ही सख्त कदम उठाते हुए दिल्ली और यूपी के सभी बॉर्डर सील कर दिए। जिस कारण सभी बसों को बहालगढ़ से दिल्ली के एंट्री करने के लिए 'स्त्र और 'स्त्र एक्सप्रेसवे पर करीब 100 किलोमीटर का लंबा अतिरिक्त सफर तय कर दिल्ली आना पड़ रहा है।

इसी वजह से सवारियों को किराया भी ज्यादा देना पड़ रहा है और बसों में सफर के दौरान यात्री भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे है। अब ज्यादातर यात्री बस में यात्रा नहीं कर रेल के यात्रा करना पसंद कर रही है, क्योंकि रेल का किराया भी काम है।

बता दें की दिल्ली में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल ट्रांसपोर्ट की 1000 से ज्यादा बस चल रही है। जिसमें 600 बस हरियाणा सरकार, 200 बस पंजाब 125 से ज्यादा हिमाचल प्रदेश सरकार की है, जबकि बाकी चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट की है। जिनमे हजारों यात्री रोजाना सफर करते है। अब केवल 5 से 10 ही बस चल रही है। उसके लिए भी ड्राइवर और यात्रियों को परेशान होना पड़ता है। जबतक किसान आंदोलन चलेगा तब तक इसी तरह के हालता रहेंगे।

## दिल्ली में ट्रैक से उतरी मालगड़ी को हटाने का काम हुआ पूरा

नई दिल्ली। दिल्ली के सराय रोहिल्ला स्टेशन के पास शनिवार को मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर जाने के मामले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसके बाद से इस लाइन पर रेल यात्रा प्रभावित रही। रेलवे लाइन पर रेस्क्यू का काम लगभग पूरा हो चुका है और अंतिम बोगी को रविवार को हटाया गया। डीसीपी रेलवे केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन रविवार दोपहर को खत्म हुआ। मौके पर रेलवे के सीनियर ऑफिसर की देखरेख में आरपीएफ, दिल्ली पुलिस और डिजास्टर मैनेजमेंट की टीम ने काम किया। शनिवार को एक व्यक्ति की मौत के बाद और किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को मुंबई से चंडीगढ़ जा रही मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस हादसे की सूचना कंट्रोल रूम को दिन में 11:52 पर मिली थी, जिसके बाद मौके पर तुरंत ही रेलवे पुलिस, दमकल विभाग सहित दूसरी एजेंसी की टीम पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया था। मालगाड़ी के जो डब्बे पटरी पर से उतरे थे, उसमें लोहे के शीट रोल रखे हुए थे। हादसे में 70 साल के एक बुजुर्ग कि मौत हो गई थी, जिसकी पहचान रफीक के रूप में हुई है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया था।

# दिल्ली-में बदलेगा मौसम, सर्दी होगी रिटर्न

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में लगातार बढ़ रहे अधिकतम तापमान से फिलहाल भले ही गर्मी का एहसास होने लगा हो, लेकिन जल्द ही दिल्ली वासियों को एक बार फिर ठंड का झटका लग सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से सोमवार, मंगलवार और बुधवार को हल्की वर्षा होने का अनुमान है। इसके कारण अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की कमी आ सकती है। तापमान में कमी आने के चलते एक बार फिर ठंडक बढ़ेगी।

पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। लेकिन शनिवार को इसमें आंशिक कमी देखी गई। शुक्रवार को जहां अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री था तो वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है।

कितना रहा तापमान

शनिवार को न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से चार डिग्री कम है। हवा में नमी का स्तर 100 से 31 प्रतिशत रहा। मुंगेशपुर दिल्ली का सबसे ठंडा इलाका रहा जहां न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि पीतमपुरा सबसे गर्म क्षेत्र रहा। जहां अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री दर्ज किया गया। छाए रहेंगे बादल मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि रविवार को सुबह हल्की धुंध हो सकती है। दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 27 और नौ डिग्री रह सकता है। सोमवार को हल्की वर्षा के साथ तेज हवाएं चलेंगी। मंगलवार को हल्की से मध्यम श्रेणी की वर्षा हो सकती है जबकि बुधवार को हल्की वर्षा की संभावना है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री के लगभग रहने का अनुमान है।

दो दिन खराब श्रेणी में रहेगा प्रदूषण

दिल्ली में अगले दो दिनों तक प्रदूषण खराब श्रेणी में ही बना रहेगा। शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को प्रदूषण में मामूली कमी देखने को मिली। शुक्रवार को जहां दिल्ली का एक्यूआइ 257 था वहीं शनिवार को यह 245 दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि मंगलवार से प्रदूषण मध्यम श्रेणी में आ जाएगा। हवा की रफ्तार बढ़ने के चलते दो से तीन दिन यह मध्यम श्रेणी में ही बना रहेगा। शनिवार को दिल्ली में केवल आनंद विहार एकमात्र ऐसा क्षेत्र रहा जहां प्रदूषण बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। यहां का एक्यूआई 329 रहा। अधिकांश इलाकों में जहां प्रदूषण खराब श्रेणी में रहा, वहीं पांच इलाकों में यह मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया। शनिवार को लोधी रोड दिल्ली का सबसे कम प्रदूषित क्षेत्र रहा जहां का एक्यूआई महज 122 दर्ज किया गया।

# यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 में अमित शाह के किरदार में नजर आ रहे किरण कर्मरकर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



## उनका लुक प्रसंशकों को कर रहा इंप्रेस

यामी गौतम अभिनीत फि ल्म आर्टिकल 370 आदित्य झाम्बले द्वारा निर्देशित और आदित्य धर द्वारा निर्मित है, जिसका ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही तहलका मचाए हुए है। फिल्म के प्रत्येक कैरेक्टर की लोग सराहना कर रही हैं चाहे वह प्रिया मणि हो, वैभव तत्ववादी, या फिर प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी के किरदार में अरुण गोविल, हर किरदार ने दर्शकों का ध्यान केंद्रित किया है, और अब को चीज लोगों को आकर्षित कर रही है वो है अमित शाह के किरदार में किरण कर्मरकर, जो इस फिल्म में अमित शाह से काफी मिलजुल रहे हैं। भूमिका के लिए किरण के आश्चर्यजनक और अविश्वसनीय परिवर्तन की ओर इशारा करते हुए प्रशंसक रील बना रहे हैं। इन डिटेल के साथ फि ल्म अभी चर्चा का विषय बन गया है और यह फि ल्म के प्रचार में मददगार साबित हो रहे हैं।यह फि ल्म कश्मीर में आर्टिकल 370 को हटाए जाने के आसपास की घटनाओं को दशार्ता है। यह उन सभी की कहानी पेश करता है जिन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के पीछे काम किया।

जियो स्टूडियोज और उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के मेकर की ओर से, आर्टिकल 370 एक हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है, जिसमें अभिनेत्री यामी गौतम अहम भूमिका में नजर आ रही हैं और इसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जांभले ने किया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

# आखिर पलायन कब तक का स्पेशल स्क्रीनिंग दिल्ली में सम्पन्न




जितेंद्र शर्मा

आखिर पलायन कब तक का स्पेशल स्क्रीनिंग पिछले दिनों दिल्ली के पीवीआर सिनेमा हॉल में संपन्न हुआ। इसमें भाजपा नेता हरनाथ सिंह यादव , सोहनी कुमारी, निर्देशक मुकुल विक्रम,भूषण पटियाल एवं चितरंजन गिरी शामिल हुए इस अवसर पर भाजपा नेता हरनाथ सिंह यादव ने बताया कि यह एक सही घटना पर आधारित फिल्म है मैंने पार्लियामेंट में भी इस मुद्दे को उठाया था किस तरह से वफ बोर्ड द्वारा जमीनों का कब्जा किया जा रहा है उन्होंने तमिलनाडु के गांव का उदाहरण देते हुए बताया कि पूरे गांव पर एक समुदाय द्वारा कब्जा कर उन्हें वहां से निकलने का प्रयास किया गया इसी तरह से सैकड़ो घटनाएं हैं निमार्ता एवं एक्टर सोहनी कुमारी ने बताया कि मैं राजस्थान से हूं और मैं ऐसी बहुत सारी घटनाएं देखी है जिसमें एक समुदाय द्वारा जमीन कब्जा करने के वजह से लोगों को पलायन करना पड़ा उसी को ध्यान में रखकर एक सच्ची घटना को आधार बनाकर मैंने यह फिल्म बनाई है

सोहनी कुमारी और अलका चौधरी द्वारा निर्मित इस फिल्म के लेखक व निर्देशक मुकुल विक्रम हैं। एक सत्य घटना पर आधारित फिल्म आखिर पलायन कब तक की कहानी दो समुदाय के बीच धार्मिक उन्माद की वजह से हो रही हत्याओं, थाने में तैनात एक पुलिस इंस्पेक्टर, एक लापता परिवार और उसके चार सदस्यों और कई अन्य रोमांचक स्थितियों के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म असल में कश्मीरी पंडितों के मुस्लिम मोहल्ले में रहने के घातक और भयानक अनुभवों को उजागर करती है। किस तरह से अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक समुदाय एक दूसरे के प्रति नफरत और द्वेष रखते हैं। किस तरह से एक दूसरे को दबाने, डर का माहौल पैदा कर एक दूसरे को बेइज्जत करने के लिए अलग-अलग हथकंडे इस्तेमाल करते हैं। यही इस फिल्म में बताने का प्रयास किया गया है। इस फिल्म में राजेश शर्मा, भूषण पटियाल, गौरव शर्मा, चितरंजन गिरी, धीरेंद्र द्विवेदी और सोहनी कुमारी की मुख्य भूमिका है। आखिर पलायन कब तक उन सभी सिनेमा प्रेमियों के लिए ट्रीट होगी, जो यथार्थवादी सिनेमा देखना पसंद करते हैं। यह फिल्म जीवन और समाज की वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है।

# पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर ममता बनर्जी का पुतला दहन : गोयल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



वरिष्ठ भाजपा नेता व यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल जी ने बताया कि इस समय पश्चिम बंगाल में हमारी बेटियों, माताओं व बहनों के साथ वहां की सरकार की मिलिभिगत से यौन शोषण, मारपीट, शारीरिक उत्पीड़न की घटनाओं की आंधी आई हुई है। इसमें कोई शक नहीं कि ममता बनर्जी जो कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री है, वह अपराधियों को पूरी तरह से संरक्षण ही नहीं दे रही बल्कि अपराध को वोट बैंक साधने के लिए भी इस्तेमाल कर रही है। इतना ही नहीं उसके द्वारा पाले जा रहे राजनीतिक गुंडों ने तो हद ही पार कर दी है, जबरदस्ती जमीनों पर कब्जे का भी अभियान वो खुल्लमखुल्ला चला रहे हैं। संदेशखाली में बेटियों, माताओं व बहनों के हर तरह के शोषण की तो उन्होंने ऊपरी सीमा भी लांघ ली है। बड़े दुख की बात है कि जिस मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का चुनावी मुद्दा ही ह्यमां, माटी, मानुष है, वो चुपचाप महिलाओं पर हो रहे हर तरह के अत्याचारों पर, केवल और केवल मूक दर्शक बन कर बैठी हुई है। श्री गोयल ने बताया कि चीखती-चिल्लाती मां-बेटियों की रोने की आवाजें न तो मुख्यमंत्री के कानों को सुनाई दे रही हैं और न ही उनकी ये दयनीय हालत उनके हृदय को स्पर्श कर रही है, तो फिर ऐसी दशा में पूरे विश्व में हिन्दुओं के संग हर घड़ी, हर पल, हर हालत में साथ देने वाला यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट चुप नहीं रह सकता, हाथ पे हाथ धरकर नहीं बैठ सकता। इसलिए शोषित मां-बहन बेटियों की आवाज को केन्द्र सरकार तक पहुंचाने के लिए यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने संतों के सानिध्य में आज दिनांक 18/2/2024 को शाहदरा चैक पर विरोध प्रदर्शन करते हुए ममता बनर्जी का पुतला दहन किया है और माननीय भारत के राष्ट्रपति से पश्चिम बंगाल में तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग उठाई है और इसी से संबंधित ज्ञापन भी राष्ट्रपति महोदया को यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट की डेलिगेशन द्वारा सौंपा गया है। विरोध प्रदर्शन में सर्वश्री मनदीप गोयल, धर्मेन्द्र बेदी, महेन्द्र मनचंदा, अवध कुमार, विनोद गुप्ता, सांवर तायल, राजेश अरोड़ा, अजय कुमार, तुफान क्रांतिकारी, मुकेश कुमार, ज्योति बंसल, मालती, पूनम प्रजापति आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सनातन संस्कृति बचेगी तभी राष्ट्र बचेगा : दाती महाराज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



शनिधाम असोला के पीठाधीश्वर एवं राष्ट्रीय संत सेवा एवं गौरक्षा कल्याण परिषद के अध्यक्ष महामंडलेश्वर श्री दाती जी महाराज ने पूर्वी दिल्ली के एजीसीआर एनक्लेव (कड़कड़डूमा कोर्ट के सामने) में महामंडलेश्वर श्री राम गोविन्द दास महात्यागी जी महाराजके सानिध्य में चल रहे 8 दिवसीय अष्टोत्तर शत परायण श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव के आखिरी दिन भारी तादाद में उपस्थित धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं पर ज्ञान गंगा की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि सृष्टि में माता पिता से बड़ा कोई भगवान नही। ज्ञात रहे जो उनकी सेवा नही कर सकता उनकी फरियाद भगवान भी नही सुन सकता। दाती जी महाराज ने इस अवसर पर वर्तमान के बदलते काल खण्ड में सनातन संस्कृति के उड़ते उपहास पर कड़ा प्रहार करते हुए यह भी कहा कि यह राष्ट्र तभी बचेगा जब सनातन संस्कृति बचेगी। उन्होंने प्री वेडिंग सूट का बहिष्कार करने व बच्चों को संस्कारित करने का भी आह्वान किया। इस मौके पर महंत श्री भोला गिरि जी महाराज, महंत श्री सतीश दास जी महाराज, महंत विजय गिरी जी, महंत परमानंद जी महाराज (ब्रह्मपुर उड़ीसा), संत गिरीजानंद सरस्वती, मुख्य यजमान रजनीश गुप्ता, गणेश बड़डे, एजीसीआर आरडब्ल्यूए से विक्की आहूजा, सुशील गुप्ता, एस बी शर्मा व सिकंदर सहित कई अन्य संत भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि महामंडलेश्वर श्री राम गोविन्द दास महात्यागी जी महाराज के सानिध्य में महोत्सव के आखिरी दिन विशाल हवन यज्ञ का भी आयोजन हुआ जिसमें पूणार्हुति दाती महाराज द्वारा डाली गई। इस मौके पर सभी महात्यागी जी महाराज सहित सभी संतो द्वारा यज्ञ भगवान से श्री कृष्ण जन्म भूमि की शीघ्र अति शीघ्र मुक्तिव धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं के कल्याण की कामना की गई।

## ग्रेनो वेस्ट के घर खरीदारों ने मेट्रो के लिए प्रदर्शन किया

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो का काम शुरू करने की मांग को लेकर घर खरीदारों ने रविवार को एक मूर्ति गोल चक्कर पर प्रदर्शन किया। घर खरीदारों का कहना है कि चुनाव में हर बार मेट्रो शुरू करने का वादा किया जाता है, लेकिन 10 साल बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है। आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे मिहिर गौतम, दीपांकर कुमार, राजकुमार, रवींद्र सिन्हा, महेश यादव, चंदन सिन्हा, रोहित मिश्रा, आरसी भट्ट, पवन चौधरी, अनुराग खरे ने कहा कि यह आंदोलन मेट्रो प्रोजेक्ट का शिलान्यास होने तक जारी रहेगा। उन्होंन कहा कि चुनावी मौसम में मेट्रो की बात होती है और चुनाव के बाद नेता इस मुद्दे को भूल जाते हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट एनसीआर का एकमात्र इलाका है, जहां आज तक सार्वजनिक परिवहन का कोई साधन नहीं है। हर हफ्ते आंदोलन में शामिल हो रहे शैलेश कुमार सिंह, सीवी सिंह, बिपिन प्रसाद, दीपक गुप्ता, गंगेश कुमार, राजकुमार वर्मा, विशाल श्रीवास्तव, नकुलेश्वर पांडेय, अशोक श्रीवास्तव, सुहैल खान, राकेश रुहेला, कुंदन श्रीवास्तव ने कहा कि लंबे समय से लोगों से झूठे वादे किए जा रहे हैं। जिस रूट पर मेट्रो की सबसे ज्यादा जरूरत है, वहीं अनदेखी की जा रही है।

## ट्रक-ऑटो की टक्कर में चालक समेत चार घायल

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में देवला गांव के समीप एक ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक समेत चार महिला सवारी घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने घायल महिलाओं को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस मामले में ऑटो चालक ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। दादरी की तुलसी विहार कॉलोनी में रहने वाले मनीष कुमार ने पुलिस को बताया कि वह दादरी से सूरजपुर के बीच ऑटो चलाता है। शुक्रवार को वह अपने ऑटो में सवारी लेकर सूरजपुर से दादरी आ रहा था। देवला पेट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात ट्रक ने उसके ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में वह खुद और ऑटो में बैठी तीन महिलाएं सायरा, सरोज और नीलेश घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तीनों महिलाओं को नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। ऑटो चालक मनीष ने सूरजपुर कोतवाली में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

# देशभर के झपटमारों से खरीदते थे मोबाइल, दो गिरफ्तार

## 62 मोबाइल बरामद, एक आरोपी 25 व दूसरा आठ मामलों में रहा है शामिल



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली में मोबाइल स्नैचिंग और मोबाइल चुराने वाले एक गैंग का पदार्फाश किया है। इस मामले में गैंग के मास्टरमाइंड सहित उसके साथी को दबोचा गया है। आरोपितों की पहचान राजेश राठौड़ और सनी उर्फ कट्टा के रूप में हुई है। इनके पास से 62 मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार राजेश दिल्ली पुलिस का घोषित बदमाश है और पहले से 25 लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट के मामलों में शामिल रहा है। जबकि इसका साथी सन्नी झपटमारी और चोरी के आठ वारदात को अंजाम दे चुका है। डीसीपी राकेश पावरिया ने बताया कि पुलिस टीम ने इस गैंग तक पहुंचने में काफी मशक्कत की। टेक्निकल सर्विलांस के साथ-साथ दर्जनों की संख्या में सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया और उसके आधार पर सबसे पहले मेहरौली बदरपुर रोड से राजेश राठौर को दबोचा गया। उसके पास से जांच टीम ने 30 मोबाइल बरामद किया है। उससे जब आगे की पूछताछ शुरू हुई तो उसने बताया कि उसका एक साथी संजय है, जो गोविंदपुरी में रहता है। पुलिस टीम ने वहां छापा मारा और उसके पास से 32 मोबाइल के साथ संजय को पकड़ा। इन दोनों से जब पूछताछ हुई तो बताया कि यह लोग मोबाइल चुराने और मोबाइल स्नैचिंग करने वाले गैंग ऑपरेट करते हैं।

ये लोग ज्यादातर भीड़ भाड़ वाले बसों में वारदात को अंजाम देते हैं। जिस बस में यह वारदात को अंजाम देते हैं, उसके पीछे इनका ऑटो चल रहा होता है। जिससे कि ये लोग बस से उतरकर ऑटो में बैठकर फरार हो सके। या मोबाइल चुराने के बाद ऑटो सवार अपने साथी को मोबाइल देकर फिर से बस में सवार होकर दूसरी वारदात को अंजाम दे सकें। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे लोग पिछले 1 साल से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। 100 से ज्यादा मोबाइल वह लोगों के पॉकेट से निकाल चुके हैं, जो 62 मोबाइल बरामद किए गए हैं उनमें से काफी मोबाइल अलग-अलग थाना इलाकों में दर्ज मामलों में कनेक्ट किए जा चुके हैं और बाकी आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क के किनारे खड़े दो वाहन चोरी

नोएडा। वाहन चोर अलग अलग स्थानों से सड़क के किनारे खड़ी स्कूटी और बाइक चोरी कर फरार हो गए। सेक्टर-63 थाना पुलिस को दी शिकायत में राहुल ने बताया कि 13 फरवरी को वह खाने का ऑर्डर लेकर सेक्टर-62 स्थित एंबेसी गैलेक्सी बिल्डिंग आए थे। वह सड़क के किनारे स्कूटी खड़ी कर ऑर्डर की डिलीवरी करने गए। वापस आए तो उनकी स्कूटी चोरी हो गई थी। वहीं सेक्टर 58 थाने में दी गई शिकायत में मुक्तेश कुमार ने बताया कि आठ जनवरी को सेक्टर 62 से उनकी पल्सर बाइक चोरी हो गई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा के बीच हो रही यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा

नोएडा। आज 18 फरवरी को दूसरे दिन भी जारी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से आला अधिकारियों ने क्षेत्र में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निदेर्शानुसार अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार, अपर पुलिस आयुक्त कानून/व्यवस्था शिवहरी मीणा तथा डीसीपी रामबदन सिंह द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उनके द्वारा ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल व स्कूल स्टाफ को निर्देशित किया गया कि कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र के 100मीटर के दायरे के भीतर बिना किसी कारण उपस्थित नही रहेगा व परीक्षा शुरू होने से पूर्व सभी अभ्यर्थियों को चेक करते हुए ही भीतर प्रवेश दिया जायेगा, जिससे परीक्षा को निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सभी केन्द्रों पर पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन अवश्य करायंगे। अपर पुलिस आयुक्त द्वारा बस स्टैण्ड व आस-पास के क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया गया। सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी व संबंधित थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में भ्रमण करते हुए परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया जा रहा है। लोकल इंटेलिजेंस टीम, पीएसी व स्थानीय पुलिस बल भी परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता के साथ निगरानी बनाए हुए हैं।

# केजरीवाल गरीबों तक नहीं पहुंचने दे रहे मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ : बिधूड़ी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने जहां केजरीवाल सरकार पर केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को लागू न करने पर जोरदार हमला बोला, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजधानी दिल्ली को संवारने के लिए दिए गए करोड़ों के प्रोजेक्ट्स के लिए उनका धन्यवाद भी किया। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने हजारों करोड़ रुपए के जो घोटाले किए हैं, उसकी जांच करके जनता को न्याय दिलाया जाए।

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव ह्यभाजपा देश की आशा, विपक्ष की हताशाह्न प्रस्ताव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पूरे देश की जनता तो लाभ उठा रही है लेकिन अरविंद केजरीवाल की दिल्ली सरकार संकीर्ण राजनीति के कारण जनता को उन योजनाओं के लाभ से वंचित रखे हुए है। चाहे वह आयुष्मान भारत योजना हो जिसमें गरीबों का 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज होता है, या फिर पीएम विश्वकर्मा योजना हो जिसमें हाथ से काम करने वाले कामगारों दर्जी, कुम्हार, लुहार, मोची, नाई और राजमिस्त्री आदि को तीन लाख रुपए का तक ऋण दिया जाता है। इसी प्रकार देश भर में पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ लोगों को मकान दिए गए जबकि दिल्ली में लाखों लोगों के सिर पर छत नहीं है। इसी प्रकार पीएम किसान सम्मान निधि योजना हो या फिर कृषि यंत्रों पर सबसिडी की योजना हो, दिल्ली के किसान इससे वंचित हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में बिधूड़ी ने कहा कि एक तरफ केजरीवाल सरकार ने हजारों करोड़ रुपए के घोटाले किए हैं जिनमें शराब घोटाला, जलबोर्ड घोटाला, शीशमहल घोटाला, डीटीसी घोटाला आदि हैं तो दूसरी तरफ मोदी जी की सरकार दिल्ली को करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट देकर जनता के जीवन को सहज और सरल बना रही है। इनमें नेशनल वार मेमोरियल, पुलिस वार मेमोरियल, पुलिस मुख्यालय, कर्तव्य पथ, दुनिया का सबसे बड़ा इको पार्क, तीसरा रिंग रोड, 75 हजार करोड़ रुपए के हाईवे, फ्लाई ओवर तथा अंडर पास और डेढ़ किमी. की टनल भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली के 73 हजार गरीबों को हर महीने मुफ्त राशन, खोखा-पटरी पर काम करने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए 10 हजार रुपए की मदद, हजारों महिलाओं को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस के कनेक्शन और दिल्ली की बस्तियों में रहने वाले लाखों लोगों को अपने आवास का मालिकाना हक देने के लिए पूरी दिल्ली की तरफ से प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद भी देते हैं।

# पुरस्कार वितरण के साथ 36वें उद्यान पर्यटन उत्सव का आज हुआ समापन




नई दिल्ली। दिल्ली पर्यटन द्वारा गार्डन आफ फाइव सेंसेज में त्रिदिवसीय 36वें उद्यान पर्यटन उत्सव का आज पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। उद्यान पर्यटन उत्सव का विषय ह्यह्यधरती फूलों में हंसती हैह्नह्न इस उत्सव में देखने को मिला। फूलों को देखकर हर किसी का हृदय प्रफुल्लित हो जाता है। उद्यान पर्यटन उत्सव में पौधों की 32 श्रेणियों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा गया था जिसमे कैक्टस से लेकर डहलिया, लिली, गुलाब, गुलदावरी, गमले वाले पौधे, गमलों से अलग किए गए पौधे, टोकरियों से लटकने वाले पौधे, बोनसाई, गमलों में सब्जियां व औषिधीय पौधे आदि प्रदर्शित किए थे।

उद्यान पर्यटन उत्सव में भाग लेने के लिए सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के अलावा व्यक्तिगत उद्यान प्रेमियों ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। उत्सव में खान पान के स्टॉल, पौधो की फ्री सेपिलिग, ताजे पौधों की बिक्री, उद्यान में इस्तेमाल होने वाले उपकरण व उर्वरक आदि भी बिक्री हेतु उपलब्ध थे। विषय (थीम) श्रेणी पर माडल के रूप में लघु उद्यान प्रतियोगिता हेतु सृजित किए गए थे। उत्सव में पशु-पक्षियों की आकृतिया, खुशबू वाले पौधें, ट्रे गार्डन के अलावा सेल्फी पॉइंट्स आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। उद्यान पर्यटन उत्सव मे प्रत्येक सांय मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

बसंत उत्सव का समापनः दूसरी ओर बसंत उत्सव का आयोजन स्टेट इम्पोरिया कांप्लेक्स कनॉट प्लेस में दिल्ली पर्यटन द्वारा 14 से 18 फरवरी तक किया गया जहां विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद आगंतुकों ने उठाया। उत्सव में जगह जगह पर सेल्फी पॉइंट्स ने आगंतुकों को आकर्षित किया। इस उत्सव का प्रवेश सभी के लिए निःशुल्क था। बसंत उत्सव में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगंतुकों ने भरपूर आनंद लिया। इस उत्सव का भी आज समापन हो गया।

हेरिटेज वॉक का शुभारंभ : उत्सवों की श्रृंखला में दिल्ली पर्यटन द्वारा हेरिटेज वॉक का शुभारभ कर दिया गया है जिसमे दिल्ली को मिली विरासत में अनेक धरोहरों की जानकारी मिलेगी। यह हेरिटेज वॉक 31 मार्च 2024 तक चलेगी। तो आइए, दिल्ली में स्थित अनेक धरोहरों के बारे में जानने के इस बेहतर पल का आनंद लीजिए।

संक्षिप्त समाचार

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया आपदा से बचाव का प्रशिक्षण

**ऋषिकेश, एजेंसी।** बाल विकास विभाग के जौलीग्रांट सेक्टर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को एक दिवसीय आपदा बचाव और प्राथमिक उपचार संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को रेस्क्यू, भूकंप से बचाव का तकनीकी ज्ञान, आग, वन अग्नि से बचाव, बाढ़, पानी में डूबने, बहने या फंसने की स्थिति में बचाव के तरीको की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर राजू शाही ने उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुए स्ट्रेचर बनाना, हाथों से शीट बनाना, सीपीआर देना, त्रिकोणीय पट्टियों की सहायता से खून रोकना, सांप के काटे जाने से संबंधित प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। ट्रेनर राजू ने कहा कि पूरा प्रदेश तमाम प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील है। इसलिए आंगनबाड़ी को आपदा और बचाव की जानकारियां दी जा रही हैं। जिससे आपदा के समय आंगनबाड़ी कुशलता से कार्य कर खुद को और दूसरों की जान बचा सकें। इस अवसर पर सुपरवाइजर अनिता पटवाल, दीपा, अनिता देवी, सीमा, शक्ति नौटियाल, विजय, रजनी, संतोषी देवी आदि आंगनबाड़ी उपस्थित रहे।

## पानीपत के पहलवान उमेश के सिर सजा वसंतोत्सव केसरी का ताज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** षिकेश वसंतोत्सव के उपलक्ष्य में नगर निगम परिसर में आयोजित दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पानीपत के पहलवान उमेश ने जीता। पहलवान करनैल उपविजेता रहे। प्रतियोगिता में हरिद्वार, दिल्ली, हरियाणा आदि जगहों से आए हुए पहलवानों ने दमखम दिखाया। विजेता पहलवानों को नकद पुरस्कार राशि के साथ ही गदा देकर पुरस्कृत किया गया। दंगल के फाइनल मुकाबले के साथ ही छह दिवसीय वसंतोत्सव का भी समापन हो गया। शुक्रवार को पहलवान प्रदीप सिंह शास्त्री, सुशील, भगत, प्रवीण, किशन, हिटलर, वीर सिंह थापा, सुग्रीव, राजवीर, गोपाल, जगत आदि के बीच कई दंगल मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबला पहलवान उमेश और पहलवान करनैल के बीच हुआ। जिसमें पानीपत के पहलवान उमेश विजयी रहे। पहलवानों का मुकाबला देखने के लिए दर्शकों की भीड़ रही। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, मेला संयोजक दीप शर्मा, हर्षवर्धन शर्मा, महंत वत्सल प्रपनाचार्य, मेला सचिव विनय उनियाल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर मेजर गोविंद सिंह रावत, महंत रवि प्रपन्नाचार्य, रामकृपाल गौतम, संदीप गुप्ता, राकेश सिंह, गुरविंदर, शिवकुमार गौतम, सुमित पंवार, राजू शर्मा, सतीश, डीबीपीएस रावत, सुरेंद्र भट्ट, डॉ. सुनील दत्त थपलियाल, संजय ध्यानी, गोल्डी, सुजीत यादव, सोनू पांडे, संजय ध्यानी, रूपेश गुप्ता, सोनू पांडे, रंजन अंथवाल, प्रवीण रावत, दीपक भारद्वाज, अनुराग तिवारी, सूरज, आदित्य आदि शामिल रहे। दंगल में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार व उत्तराखंड राज्य के करीब 85 पहलवानों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक की भूमिका में जयप्रकाश, श्याम बहादुर थापा और आशु चौधरी रहे। पहलवान प्रदीप कुमार शास्त्री ने कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, महंत वत्सल प्रपन्नाचार्य महाराज, हर्षवर्धन शर्मा को पगड़ी पहनाकर दंगल के फाइनल मुकाबलों का शुभारंभ किया।

## सड़क दुर्घटना में मां, बेटी और बेटा घायल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** लक्ष्मणझूला-नीलकंठ मोटर मार्ग पर घट्टूगाड़ के समीप एक वाहन अनियंत्रित होकर करीब 30 मीटर नीचे खाई में गिर गया। दुर्घटना में मां, बेटी और बेटा घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना थाना लक्ष्मणझूला पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने रेस्क्यू कर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए एम्स पहुंचाया। वाहन में चालक समेत चार लोग सवार थे। थाना लक्ष्मणझूला पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे उन्हें सूचना मिली की नीलकंठ मोटर मार्ग पर घट्टूगाड़ से करीब 10 मीटर पहले एक वाहन खाई में गिर गया है। पुलिस ने वाहन में सवार चालक मोहित (25) पुत्र महेंद्र सिंह निवासी ए-49 राज बाग कॉलोनी दिल्ली, प्रशांत पांडे (34), उसकी बहन अंजली पांडेय (25) और उनकी मां उर्मिला पांडे (55) पत्नी गोपाल पांडे निवासी सी 12 ए महेश नगर जयपुर निवासी घायलों को रेस्क्यू किया।

## गड्ढों से हादसे का खतरा

**श्रीनगर, एजेंसी।** कीर्तिनगर पुल से श्रीकोट स्वीत तक करीब 10 किमी दायरे में सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे श्रीनगर नगर बाजार से होकर गुजरता है। यहां कीर्तिनगर से श्रीनगर आने वाली सड़क पर कई स्थानों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। यही स्थिति श्रीनगर से श्रीकोट तक की है। आए दिन गड्ढों से उठती धूल से लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। साथ ही मार्ग पर कई स्थानों पर सीवर के मेनहोल भी टूटे हुए हैं। वहीं एनएच खंड श्रीनगर के अधिशासी अभियंता तनुज कांबोज ने बताया कि गड्ढों को जल्द भरकर उन स्थानों पर डामरीकरण किया जाएगा।

# दिन का कर्फ्यू हटा तो पटरी पर लौटी जिंदगी



**हल्द्वानी, एजेंसी।** बनभूलपुरा के मलिक के बगीचा में आठ फरवरी को अवैध मदरसा और नमाज स्थल हटाने के दौरान उपद्रव हुआ था। इसके बाद से पूरे नगर क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया था। बाद में बनभूलपुरा थाना क्षेत्र को छोड़कर सभी जगहों से कर्फ्यू हट गया था। शनिवार को जिला प्रशासन ने दिन का कर्फ्यू हटाया तो लोगों ने राहत की सांस ली और क्षेत्र में जिंदगी फिर पटरी पर लौटती दिखी। हालांकि दैनिक जरूरत के सामान की दुकानें ही खुलीं। शाम पांच बजे छूट खत्म होने पर लोग घरों में चले गए और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। इस बीच पूरे इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी।

चोरगलिया रोड समेत अन्य क्षेत्रों में खाने-पीने की दुकानों और मेडिकल स्टोर पर लोगों की भीड़ रही। सैलून की दुकानों पर भी काफी लोग पहुंचे। ललित आर्य महिला इंटर कॉलेज का गेट बंद रहा। जबकि दूसरे क्षेत्रों के स्कूलों की बसें बच्चों को लेने क्षेत्र में पहुंचीं। साथ ही कई बच्चे अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा देने गए। बनभूलपुरा लाइन नंबर 17 में बैंक और कुछ दुकानें खुलीं थीं, लेकिन एटीएम में कैश न होने के कारण लोग मायूस होकर लौटे। शनिवार को कर्फ्यू में दिनभर की ढील मिली तो बच्चों को भी आजादी महसूस हुई। आठ दिन से घरों में बंद बच्चे दोस्तों से मिलने पहुंचे तो कोई बाजार में घूमने निकल आया। कक्षा पांच में पढ़ने वाले रेलवे स्टेशन निवासी सूरज ने बताया कि वह बनभूलपुरा में साइकिल की दुकान पर पंक्चर ठीक कराने पहुंचा। उसने बताया कि आठ दिन से घर में ही रहने से वह बोर हो गया था। खेलने और साइकिल चलाने का मौका ही नहीं मिला। बनभूलपुरा इलाके में व्यवसायिक गतिविधियां चलती हैं। कारोबारी गतिविधियां संचालित होने के बीच पुलिस टीम कुर्की समेत अन्य कार्रवाई कर रही थी, उनके सायरन बजाते वाहन सड़क पर दौड़ रहे थे। मलिक के बगीचा में अतिक्रमण मुक्त स्थल की 100 मीटर की परिधि में कर्फ्यू लगा हुआ था। यहां पर पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान तैनात थे और सख्ती के साथ नियमों का पालन कराने में जुटे थे। वहीं, इलाके से सटे इंदिरानगर गौला खनन गेट से भी खनिज निकासी शुरू नहीं हो सकी। टनकपुर रोड का घोड़ा-बुग्गी वाला गेट भी बंद रहा है। लाइन नंबर 17 निवासी मेडिकल स्टोर संचालक सलमान ने बताया कि आठ फरवरी की रात का मंजर याद नहीं करना चाहता। शाम को बैरिकेडिंग लगनी शुरू हो गई थी। घर से पिता का फोन आया कि घर आ जाओ। अनहोनी के डर से 5ः30 बजे दुकान बढ़ाकर घर गया। नमाज पढ़ने बैठा ही था कि बाहर उपद्रव शुरू होने की आवाजें आई। छत पर जाकर देखा तो खूब हल्ला हो रहा था और भगदड़ मची थी। अंधेरा होने के कारण कुछ दिखाई नहीं दिया फिर उसके बाद के हालात सबके सामने हैं।

आठ फरवरी को उपद्रव के बाद से केमू की बसों का संचालन तिकोनिया के पास से हो रहा था। अब कई दिन बाद कर्फ्यू में छूट मिलने पर केमू बस स्टेशन से बसों का संचालन शुरू हो सका। केमू अध्यक्ष सुरेश डसीला ने बताया कि घटना के बाद से बस का संचालन प्रभावित चल रहा है। पहाड़ में यात्रियों का आना-जाना कम हुआ है। इससे केमू के राजस्व पर काफी असर पड़ा है। डीजल का खर्चा तक नहीं निकल पा रहा है। अब स्थितियां सामान्य हो रही हैं, बस स्टेशन से संचालन सुचारू हुआ है। उम्मीद है कि अब यात्री मिल सकेंगे। बनभूलपुरा क्षेत्र के कुछ इलाकों का कर्फ्यू हटने के बाद शनिवार को प्रधान डाकघर की ओर से रुकी डाक बांटी गई, जबकि कर्फ्यूग्रस्त इलाकों की डाक को अब भी डाकघर में संभालकर रखा गया है। पोस्टमास्टर गौरव जोशी ने बताया कि दिन के समय कर्फ्यू हटाए गए इलाकों में डाक बांटनी शुरू कर दी गई है, जबकि कर्फ्यूग्रस्त इलाकों में बाद में डाक बांटी जाएगी।



## पेपर मिल के गोदाम में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंची नौ दमकल की गाड़ियां

**रुड़की, एजेंसी।** पेपर मिल फैक्ट्री के गोदाम में भीषण आग लग गई। करीब नौ दमकल की गाड़ियां मौके पर बुलाई गई। सभी गाड़ियों ने मिलकर करीब छह घंटे की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया।

रुड़की के नारसन क्षेत्र स्थित एक पेपर मिल फैक्ट्री के गोदाम में भीषण आग लग गई। जिससे करीब एक करोड़ का नुकसान बताया जा रहा है। वहीं करीब छह घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। नारसन से झबरेड़ा रोड पर गंगोत्री पेपर मिल है।

गोदाम में भीषण आग लगने की सूचना मिलते ही रुड़की से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि काबू पाया नहीं जा सका। इस पर जिले से करीब नौ दमकल की गाड़ियां मौके पर बुलाई गई, जिसके बाद करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

घटना की सूचना मिलते ही मंगलौर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली। मंगलौर सीओ विवेक कुमार ने बताया कि आग के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है।

## डबल मर्डर का साजिशकर्ता एएसआई सस्पेंड, नेत्रहीन महिला का शव बरामद

**हरिद्वार, एजेंसी।** 20 लाख के लालच में एक नेत्रहीन महिला व उसके नाबालिग बेटे की हत्या के आरोपित एएसआई को एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने सस्पेंड कर दिया। वहीं, नेत्रहीन महिला का शव शनिवार को मंगलौर क्षेत्र से गंगनहर से बरामद कर लिया गया।

शुक्रवार को हरिद्वार पुलिस ने सिडकुल से सटे गांव रोशनाबाद निवासी दृष्टिहीन महिला ममता, उसके नाबालिग पुत्र नरेंद्र उर्फ राजा की हत्या कर शव फेंकने के मामले का खुलासा किया था। दरअसल, झबरेड़ा क्षेत्र के अकबपुर झोझा मार्ग पर नाले में एक किशोर का शव मिला था। उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी।

प्रारंभिक पड़ताल में मृतक की जेब से एक टेलर का विजीटिंग कार्ड मिला था। उसी सिरे के सहारे किशोर की पहचान हो सकी थी। गांव रोशनाबाद में रह रहे मां बेटे के आठ तारीख को अपना घर बेचकर जाने की बात सामने आई थी।

पुलिस लाइन में तैनात सशस्त्र पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक छुन्ना सिंह निवासी ग्राम राठा पोस्ट मसूदपुर थाना अछ्ला जिला औरैया हाल निवासी हनुमाननगर आगरा ने अपने साथी शहजाद निवासी ग्राम अकबरपुर झीझा थाना झबरेड़ा और उसके दोस्त विनोद उर्फ काला निवासी सराय ज्वालापुर के साथ मिलकर मां बेटे की चलती कार में हत्या की थी। बेटे का शव झबरेड़ा क्षेत्र में नाले में फेंक दिया गया था।

जबकि मां का शव मंगलौर के लिब्बरहेडी नहर पटरी से गंगनहर में फेंक दिया था। मकान बेचकर मिली 20 लाख की रकम के लालच में ही मां बेटे की हत्या की गई थी।

एसओ झबरेड़ा अंकुर शर्मा ने बताया कि शनिवार को लिब्बरहेड़ी नहर पटरी पर पहुंचकर गंगनहर से मां का शव बरामद कर लिया गया है, जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपितों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने दोहरे हत्याकांड के साजिशकर्ता एएसआई छुन्ना सिंह को निलंबित कर दिया है। तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

दोहरे हत्याकांड के मास्टरमाइंड एएसआई छुन्ना सिंह और शहजाद ने पूरी रकम मिलने के बाद दिसंबर माह में ही मां बेटे को कत्ल कर देने की तैयारी कर ली थी। आठ फरवरी को जैसे ही बाकी बचे एक लाख रूपये मिले, तब उन्होंने घर खाली करवाकर खरीददार को चाभी सौंप दी।

एएसआई, शहजाद के साथ अब शहजाद का दोस्त विनोद भी प्लानिंग का हिस्सा बना। उसके बाद प्लानिंग के तहत ही मां बेटे को लेकर मौत की नींद सुला लिया गया। पूछताछ में मास्टर माइंड छुन्ना सिंह ने कबूला कि उन्हें डर था कि रकम हड़प लेने के बाद महिला उसकी शिकायत विभाग में कर सकती थी, इसलिए उसने हत्याकांड की साजिश रची। उसे पता था कि महिला का कोई स्वजन नहीं है, इसलिए कोई तलाश नहीं करेगा। कुछ समय बाद जब उनके शव मिलेंगे, तब पहचान न होने पर पुलिस भी फाइल बंद कर देगी।

मां बेटे का कत्ल करने से आरोपियों ने हरकी पैड़ी ले जाकर गंगा स्नान भी कराया। हरकी पैड़ी पर गंगा स्नान के बाद साथ में खाना खाया और अंधेरा होने पर देहात क्षेत्र के लिए निकल पड़े। एएसआई छुन्ना सिंह कार चला रहा था और शहजाद-विनोद ने एक एक कर हत्याकांड को अंजाम दिया। वहीं, पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि आरोपित एएसआई छुन्ना सिंह की उसके परिवार की भी अनबन रहती है। वह अपने परिवार को घर खर्च नहीं देता था। अक्सर इस बात को लेकर विवाद होता रहता था।

## अब ऐसे हैं हल्द्वानी के हालात, पेट्रोल बम बनाने और एसओ की गाड़ी फूंकने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे; 58 लोग सलाखों के पीछे

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बनभूलपुरा में हुए उपद्रव में शामिल 14 और आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के बारे में मिली जानकारी चौंकाने वाली है। पेट्रोल बम तैयार करने से लेकर एसओ की गाड़ी फूंकने वाले और पीएसी के जवान की मैगजीन लूटने वाले लोग भी इसमें शामिल हैं। इसके अलावा तीन नाम वह भी शामिल है, जिन्हें वांछित करार देने के साथ शहर में इनके पोस्टर भी चस्पा किए गए थे।

शनिवार शाम पुलिस बहुउद्देशीय भवन में प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि बनभूलपुरा मामले में दो प्राथमिकी पुलिस और एक नगर निगम की तरफ से दर्ज कराई गई थी। 44 लोग पहले गिरफ्तार किए गए थे। वहीं, 14 लोग अब गिरफ्तार किए गए हैं। इससे अब तक गिरफ्तार हुए लोगों की संख्या 58 हो गई है।

पुलिस के अनुसार, शनिवार को गिरफ्तार हुए शकील अंसारी, मोकिन सैफी और जियाउल रहमान पुलिस की वांछित सूची में भी शामिल थे। वहीं, शारिक और मो. दानिश ने पीएसी के जवान की मैग्जीन छीनी थी। इनके कब्जे से मैगजीन भी बरामद हुई है। फैजान नाम के युवक के घर से चार पेट्रोल बम भी मिले हैं।



फैजान और शहजाद ने उपद्रव के दौरान एसओ मुखानी की सरकारी गाड़ी में पेट्रोल डालकर आग लगाई थी। इनके अलावा पुलिस ने सलीम मिकरानी, अब्दुल रहमान, मो. इमरान, हैदर, जावेद, गुड्डू वारसी और फहद को गिरफ्तार किया है। वार्ता के दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और एसपी हरबंस सिंह मौजूद थे। वहीं, उपद्रव में शामिल 58 लोग अब तक गिरफ्तार हो चुके हैं।

वांछितों में शामिल जिस शकील अंसारी को पुलिस ने पकड़ा है, वह नगर निगम का निवर्तमान पार्षद है, जबकि मोकिन सैफी यूथ कांग्रेस में हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष था। हालांकि, संगठन ने निष्कासित कर दिया है। वहीं, दो निवर्तमान पार्षद जिशान परवेज और महबूब आलम पूर्व में गिरफ्तार हो चुके हैं।

आठ फरवरी को उपद्रवियों की भारी भीड ने चारों तरफ से हमला कर दिया था। शारिक और दानिश ने भीड़ के बीच पीएसी जवान की राइफल लूटने की कोशिश की थी, लेकिन जवान ने साहस का परिचय देते हुए ऐसा होने नहीं दिया, लेकिन मैगजीन छीन ली गई। अगर उपद्रवियों के हाथ में सरकारी असलहा आ जाता तो वह कुछ भी कर सकते थे।

मुखानी थानाध्यक्ष की गाड़ी फूंकी गई। इसके अलावा उनकी सरकारी रिवाल्वर भी गायब है। एसएसपी के अनुसार असलहे की तलाश जारी है।

## सरकार को चोट देने की नई तरकीब, काशीपुर में टोल प्लाजा को दो घंटे तक रखा फ्री

**काशीपुर, एजेंसी।** कुंडा स्थित टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। एमएसपी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए किसानों ने कहा कि मांगें पूरी नहीं की गई तो वे दिल्ली कूच करेंगे। इसके लिए अगले दो दिनों में किसान यूनियन के पदाधिकारी बैठक कर रणनीति बनाएंगे। इस बीच दोपहर 12 से दो बजे तक किसानों ने टोल प्लाजा को फ्री रखा। भारतीय किसान युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने कहा कि दिल्ली जाने से किसानों को नोएडा, गाजियाबाद, सिंधु बार्डर समेत एनसीआर में रोका जा रहा है, जो निंदनीय है। तराई किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बलविंदर सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार किसानों का अत्याचार कर रही है। अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रताप सिंह विर्क ने कहा कि एक समय तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पास जाकर मोदी ने उनसे किसानों को एमएसपी देने की पैरवी की थी। आज जब वह खुद प्रधानमंत्री हैं, तो एमएसपी देने के लिए मना कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन करने वालों में मनप्रीत सिंह, राजू बाजवा, अमनदीप सिंह, बलजिंदर सिंह बंटी, दीपक चौधरी, सुखविंदर सिंह, रमनदीप सिंह, रवि ढींगरा, अवनीश बेदी, मनदीप सिंह ढिल्लो, राजू छीना, अमनप्रीत सिंह, हरपाल सिंह, सुरजीत ढिल्लो, सुखवीर सिंह, तुषार गुप्ता, सन्नी निज्जर, कल्याण आदि किसान शामिल रहे। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कुंडा थाना प्रभारी दिनेश सिंह फर्त्याल, कोतवाली प्रभारी मनोज रतूड़ी, आइटीआइ प्रभारी प्रवीन सिंह कोश्यारी, जसपुर प्रभारी आशुतोष सिंह व ट्रैफिक इंचार्ज जितिन पाठक भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## पंचायतों को सुदृढ़, विकसित और स्वायत्तशासी सरकार बनाना जरूरी : महाराज

**रुद्रपुर, एजेंसी।**

पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पंचायतीराज विभाग पंचायतों को सुदृढ़, विकसित व स्वायत्तशासी सरकार बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का संचालन कर रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायतों को मजबूत करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। ग्राम स्तर पर स्थानीय समस्याओं के समाधान, विकास का नियोजन, प्रबंधन व उनका क्रियान्वयन करने के उद्देश्य से 73वें संविधान संशोधन के जरिये पंचायतीराज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया गया है।

पंचायतीराज मंत्री ने यह बात शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत गांधी पार्क में आयोजित कुमाऊं मंडल के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों व कार्मिकों की दो दिनी कार्यशाला में कही। उन्होंने कार्यशाला का दीप जलाकर शुभारंभ किया। कहा कि 73वें संविधान संशोधन की ओर से एक सुनियोजित पंचायतीराज व्यवस्था स्थापित की गई। कैबिनेट मंत्री महाराज ने कहा कि पंचायतों के विकास और सशक्तीकरण के लिए 15 वें वित्त आयोग से प्रदेश को अब तक टाइट फंड से 933 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा प्रदेश में बढ़ते प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन के लिए 95 विकास खंडों में 85 कॉम्पैक्टर्स बनाए हैं। इनमें से अधिकतर ने काम सुचारू रूप से शुरू कर दिया है।

डीपीआरओ मास्टर ट्रेनर पूनम पाठक ने पंचायत



विकास सूचकांक (पीडीआई) आदि विषयों की जानकारी दी। पंचायतीराज मंत्रालय के परामर्शदाता मोहित गुप्ता ने ई-पंचायत एप्लीकेशंस व उनके कार्यों, पूर्व वन संरक्षण अधिकारी कीर्ति सिंह, पूर्व निदेशक विश्वेश्वरैया, वाटर एकेडमी रांची अजीत कुमार ने भी विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। वहां जिपं अध्यक्ष रेनू गंगवार, विधायक शिव अरोरा, संयुक्त निदेशक राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी, जिला पंचायतराज अधिकारी गौरव पांडेय, अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर संभल, अमित नारंग, जगदीश विश्वास आदि थे। पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चुनावों में उम्मीदवारी के लिए सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग को न्यूनतम हाईस्कूल तथा सभी वर्ग की महिलाओं एवं एससी, एसटी के लिए न्यूनतम आठवीं की योग्यता को अनिवार्य किया। शैक्षिक योग्यता निर्धारित होने से पंचायत प्रतिनिधि नियमों, अधिनियमों के साथ-साथ पंचायत के क्रियाकलापों एवं गतिविधियों को समझकर स्वयं कार्य करने में सक्षम हो रहे हैं। बताया कि राज्य की साक्षरता दर में भी अपेक्षित सुधार हो रहा है। ब्लॉक प्रमुख एवं जिला पंचायत अध्यक्षों का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से किए जाने के लिए सरकार की ओर से संविधान के अनुच्छेद 243 के तहत संशोधन कराने का भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। ताकि भ्रष्टाचार खत्म हो। कार्यशाला में पंचायती राज मंत्री ने बताया कि सरकार ने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने को ग्राम पंचायतों की खाली भूमि पर पार्किंग बनाने, कूड़ा करकट, गंदगी आदि को हर घर से एकत्र करने, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सड़कों की सफाई, मृतक पशुओं को हटाने, कूड़ादान, व्यक्तिगत व सामुदायिक कूड़ा निस्तारण आदि पर निर्धारित शुल्क की वसूली की। दो साल में सरकार ने 1250 पंचायत भवन बनाए। लगभग 400 भवनों की मरम्मत कराई। अधिकतर पंचायत भवनों में सीएससी सेंटर के रूप में 250 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया। जहां सेवा का अधिकार अधिनियम में अधिसूचित सेवाएं नियत समयावधि में आमजन तक पहुंचाई जा रही है।

## मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में ऊर्जा प्रदेश का स्वप्न हो रहा साकार

देहरादून, एजेंसी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड को ऊर्जा प्रदेश बनने का संकल्प सिद्ध होता हुआ नजर आ रहा है।इसी दिशा में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना बेहद सफल साबित हो रही है। बड़ी बात यह है कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक 20 से लेकर 200 किलोवाट क्षमता के सौर संयंत्रों की स्थापना के लिए प्रदेश के युवा खूब दिलचस्पी दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर 13 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना (टरर ) को संशोधित का किया गया। इसके बाद प्रदेश में 20 / 25/ 50 /100 और 200 किलोवाट के ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना पोर्टल पर 839 आवेदन प्राप्त किए जा चुके हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इनमें 297 आवेदनों के जारी की जा चुकी है। पूर्ववर्ती टरर योजना में 3.43 मेगावाट स्थापित क्षमता 13.6 करोड़ के अनुमानित निवेश की तुलना में मॉडिफाइड टरर



योजना में 839 आवेदनों में से 297 संख्या, संचयी क्षमता 44.94 टहस्र के एलओए, अब तक जारी किए जा चुके हैं, जिससे राज्य में रोजगार के अवसर के साथ-साथ लगभग 224 करोड़ के निवेश के अवसर पैदा होंगे। नई मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना में 44.94 मेगावाट की स्थापना के बाद प्रदेशवासियों के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। इसके साथ ही ग्रीन एनर्जी प्रोडक्शन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर लक्ष्य प्राप्त करने के अधिक अवसर पैदा होंगे। मॉडिफाइड टरर योजना में उत्तराखंड के निवासी उत्सुकता से आवेदन कर रहे हैं और आवंटन प्रक्रिया 246 टहस्र संचयी लक्ष्य उपलब्धि तक जारी है ।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, सोमवार, 19 फरवरी, 2024

**सम्पादकीय**

## चुनावी काल में अशान्ति का दावानल

देश को अशान्त करने के लिये सीमा पार से निरंतर प्रयास होते रहे हैं। कभी राजनैतिक दलों ने सीधे प्रहार करके वैमनुष्यता के बीज बोये गये तो कभी अधिकारों की दुहाई पर अशान्ति फैलायी गई। छद्म्म भेषधारियों की एक बडी फौज राष्ट्र के सीने में खंजर भौंपने का काम कर रही है। वर्तमान समय में लाल सलाम करने वालों ने हंसिया-हथौडा लेकर किसान आन्दोलन के नाम पर जेहाद छेड दिया है। एसी, गद्दे, फर्नीचर, शामयाना, पकवान पकाने के संसाधन, घातक उपकरणों के साथ-साथ धन की खुली थौलियां लेकर आने वालों ने अनेक असामाजिक तत्वों को भी भीड का अंग बना लिया। दिल्ली में अफरातफरी फैलाने के षडयंत्र को अमली जामा पहनाना शुरू हो चुका है। खालिस्तान समर्थकों की एक बडी संख्या भी आन्दोलन का हिस्सा बनकर सरकार विरोधी अभियान में जुट गई। आरोपों में आकण्ठ डूबे अनेक राजनैतिक दलों के संरक्षण में पर्दे के पीछे से चीनी चालें विकराल रूप लेती जा रहीं हैं। पाकिस्तान के रास्ते से आने वाली घातक योजनायें पंजाब में पांव पसारती जा रहीं हैं। खेत पर काम करने वाले किसानों को इस फसली काल में आन्दोलन का विचार सूझना नितांत अप्रासांगिक है। उनके सामने लो लहलहाते पौधे हैं, उनकी परवरिश है और है कमाई का एक अवसर। ऐसे में वास्तविक किसान तो खेतों की मैड पर पसीना बहा रहा है जबकि दिल्ली बार्डर पर सरकार के विरुध्द मोर्चा खोलने वाले किसानों के नाम का सहारा लेकर चुनावी काल में छुपे एजेन्डा पर काम करने में जुटे हैं। स्वादिष्ट भोजन, मनोरंजन के संसाधन, आराम की सुविधाओं का उपभोग करने वाली भीड सरकार पर दबाब बनाकर विदेशी लक्ष्य साधने में लगी है। दूसरी ओर बेलगाम हो चुका बंगाल अब पूरी तरह से मनमानी पर उतर आया है। घुसपैठियों की दम पर हुंकार भरने वाली सरकार की तानाशाही चरम सीमा पर पहुंचती जा रही है। केन्द्र के सरकारी अमले तक पर आक्रमण की घटनायें सरेआम सामने आ रहीं हैं। आर्थिक विकास के मापदण्डों पर चार कदम आगे चलकर दुनिया में सनातन का परचम फहराने वाले भारत के विकास से पडोसी घबडा रहे हैं। चीन, पाकिस्तान, कनाडा, मालदीप जैसे देश एक जुट होकर भारत में भितरघातियों के कंधों पर हथियार रखकर चलाने में जुटे हैं। लोकसभा चुनावों के आधार पर तय होने वाला भारत का भविष्य एक बार फिर देश के नागरिकों की अग्नि परीक्षा की अग्नि परीक्षा लेने की तैयारी में है। वहीं दुनिया के अनेक मुस्लिम कट्टरपंथी राष्ट्र अब सनातन के मानवतावादी सिध्दान्तों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात के आबूधाबी के बाद अब बहरीन में भी सनातन के प्रेरणालय यानी मंदिर की आधार भूमि तैयार हो गई है। कट्टरपंथी मुस्लिम राष्ट्रों में वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श वाक्य को चरितार्थ करने वाली प्रकृति को स्वीकारोक्ति मिलना सहज नहीं है। भावनात्मक थाथी लेकर सर्वे भवन्तु सुखिनः का शंखनाद करने वालों पर दैत्व आक्रमण होना, आश्चर्य चकित नहीं करता। स्वार्थ, लालच और अहंकार का भण्डार जमा करने की नियत वालों को एकत्रित करके उन्हें सुखद भविष्य की मृग मारीचिका के पीछे दौडाया जा रहा है। पैसों पर जमीर बेचना वालों की भीड चारों ओर बढती जा रही है। घर के भेदिये को ही परिवार का अहसान फरोमोश बनाया जा रहा है। देश में उत्तराखण्ड की हल्व्दानी, बंगाल की संदेशखाली, दिल्ली बार्डर जैसी घटनायें तो सामने आ चुकीं है परन्तु अभी अनेक षडयंत्रों का क्रियान्वयन होना बाकी है। लोक सभा के चुनावों की घोषणा के ठीक पहले जगह-जगह अशान्ति का वातावरण निर्मित करके मतदाताओं के मस्तिष्क को असत्य से प्रभावित करने की मंशा साफ जाहिर हो रही है। विश्व मंच पर भारत के बढते प्रभाव से बौखलाये देशों ने भारत विरोधियों पर विदेशी पैसों की बरसात करना शुरू कर दी है ताकि धनपिपासु को आकर्षित किया जा सके। चुनावी काल में अशान्ति का दावानल विकराल किया जा रहा है ताकि क्षुधा शान्ति के लिए विदेशों से सामने कटोरा लेकर खडा रहने वाले देश का अतीत एक बार फिर पुनरावृत्ति कर सके। स्वाभिमानी भारत को विश्वगुरु के सिंहासन पर आसीन होने की स्थितियां निर्मित होते ही कलुषित मानसिकता का वीभत्स क्रन्दन शुरू होने लगा है। सियारों की आवाजें रात के अंधेरे में रुदन करने लगती है। अपनों के खून से होली खेलने के लिए लोगों की आंखों पर पट्टियां बांधी जा रहीं हैं। जीवन के बाद के सुनहरे सपने दिखाये जा रहे हैं। चांदी के सिक्कों पर सौदों के महल खडा हो रहे हैं। ऐसे में देश के आम आवाम को स्वयं ही अपने विवेक को जगाना होगा, इतिहास को खंगालना होगा और लेने होंगे राष्ट्रहित में निर्णय ताकि देश की विकास यात्रा को गौरवशाली पथ पर तेजी से आगे बढाया जा सके। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह

## जीवाईएएन ही देश की जाति

अजय दीक्षित

पिछले कुछ महीनों से विपक्षी देश में जातिगत जनगणना की मांग करते आ रहे हैं। बिहार में तो नीतीश कुमार जब से आर.जे.डी. के साथ थे, जातिगत जनगणना करा दी थी। इसे सर्वे का नाम दिया गया क्योंकि जनगणना करने का अधिकार मात्रा केन्द्र को है। असल में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल जनगणना के द्वारा नारा दे रहे हैं कि जिसकी जितनी आबादी उसका उतना प्रतिनिधित्व। इसके उत्तर में मोदी जी ने देश में केवल चार जातियां बतलाई हैं-- महिला किसान गरीब और युवा। अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे जीवाईएएन का नाम दिया है यानि जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी। पिछले दिनों मध्य प्रदेश के झाबुआ में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 फरवरी के दौरे के समय डॉ. यादव ने अपने भाषण में कहा कि अब मध्यप्रदेश हर्षित है उत्साहित है। देश के लोकप्रिय और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को सम्बोधित करने पधारे। इस दिन पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि थी जो समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। उनका एकात्म मानववाद का दर्शन ही पाथेय है। समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर समाज और सरकार को कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाले पं. दीनदयाल जी का पूरा जीवन समर्पण का प्रतीक था। यह ऐतिहासिक संयोग है कि इसी दिन ही संथाल परगना में क्रांतिकारी जनजातीय नायक वीर तिलका मांझी का जन्म हुआ था। जनजातीय समुदाय के प्रति प्रधानमंत्री जी का स्नेह, समर्पण और सम्मान हम सब जानते हैं। उन्होंने हमारे आग्रह को स्वीकार किया और झाबुआ आने पर सहमति दी। झाबुआ साधारण क्षेत्र नहीं है। यह क्षेत्र क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की जन्मभूमि रही है। आज प्रधानमंत्री जी के झाबुआ आगमन पर मध्यप्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता की ओर से मैं उनका हृदय से स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि जनजातीय समाज के जल, जंगल और जमीन पर आंच न आए तथा उनके कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने देश के 11 करोड़ से अधिक जनजातीय बंधुओं के हितों को संरक्षण प्रदान किया है। प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत के चार अमृत स्तंभ जीवाईएएन अर्थात जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वर्ष 2047 तक भारत को विश्वका सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विगत दिनों निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केन्द्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के अंतर्गत 50 लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री जी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास नारा दिया है। उनके मार्गदर्शन में हर गरीब और वंचित को सुविधाएं पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में केन-बेतवा परियोजना की तरह पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की स्वीकृति दी गई है, जो प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमने श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना शुरू की। प्रधानमंत्री जी ने जनजातियों के स्वत्व, स्वाभिमान और स्वराज रक्षक भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित कर जनजातीय समुदाय का मान बढ़ाया है। मध्यप्रदेश में जनजातियों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। जनजातीय युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश में भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजनाएं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना आदि लागू की गई है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से मप्र सरकार जो निर्णय ले रही है, वह भविष्य के संकल्पों को पूरा करने *के लिए मोदी जी की गारंटी है। मोदी जी के मन में मध्यप्रदेश है, इसीलिए, मुझे पूरी उम्मीद है कि जब भारत विश्व का विकसित राष्ट्र बनेगा, तब मध्यप्रदेश भारत के प्रांतों में अग्रणी होगा। अमृतकाल में अमृतपथा पर आगे बढ़ते हुए हम सभी विकसित भारत निर्माण के लिए विकसित मध्यप्रदेश निर्माण का संकल्प लें। जबसे डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हुए हैं, वे रात-दिन एक करके प्रदेश को प्रगति पथ पर ले जा रहे हैं।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलाव की ब्यार पर प्रश्न चिन्ह क्यों?

**आगे आने वाले लगभग पांच वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी, ऐसा आंकलन विश्व के कई वित्तीय एवं आर्थिक संस्थान कर रहे हैं। आज विश्व के कई देश पूंजीवादी मॉडल से निराश होकर भारतीय आर्थिक मॉडल को अपनाने की बात करने लगे हैं क्योंकि सनातन संस्कृति पर आधारित भारतीय आर्थिक मॉडल पश्चिमी आर्थिक मॉडल की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। परंतु, दुर्भाग्य से भारत में कुछ राजनैतिक दल एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हुए भारत में हाल ही के समय में हुई आर्थिक प्रगति को कमतर आंकते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलाव की ब्यार पर ही प्रश्न चिन्ह लगाते दिखाई दे रहे हैं। भारत आज अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में नित नई ऊंचाईयां छू रहा है। दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में भारत ने फ्रान्स एवं ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में पूरे विश्व में पांचवा स्थान हासिल किया था। भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं हांगकांग थे। परंतु, अब दो माह से भी कम समय में भारत ने शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ते हुए विश्व में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि भारत अर्थ के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर खोई हुई अपनी प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है।**






**प्रहलाद सबनानी**
सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक

भारत में पिछले एक दशक में, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में, अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर है और भारतीय अर्थव्यवस्था आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गई है। आगे आने वाले लगभग पांच वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी, ऐसा आंकलन विश्व के कई वित्तीय एवं आर्थिक संस्थान कर रहे हैं। आज विश्व के कई देश पूंजीवादी मॉडल से निराश होकर भारतीय आर्थिक मॉडल को अपनाने की बात करने लगे हैं क्योंकि सनातन संस्कृति पर आधारित भारतीय आर्थिक मॉडल पश्चिमी आर्थिक मॉडल की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। परंतु, दुर्भाग्य से भारत में कुछ राजनैतिक दल एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हुए भारत में हाल ही के समय में हुई आर्थिक प्रगति को कमतर आंकते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलाव की ब्यार पर ही प्रश्न चिन्ह लगाते दिखाई दे रहे हैं।

भारत आज अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में नित नई ऊंचाईयां छू रहा है। दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में भारत ने फ्रान्स एवं ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में पूरे विश्व में पांचवा स्थान हासिल किया था। भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं हांगकांग थे। परंतु, अब दो माह से भी कम समय में भारत ने शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ते हुए विश्व में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि भारत अर्थ के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर खोई हुई अपनी प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है।

एक ईसवी से लेकर 1750 ईसवी तक आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में भारत का बोलबाला था। इस खंडकाल में विश्व के कुल विदेशी व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत से भी अधिक की रही है क्योंकि उस समय पर भारत में सनातन संस्कृति का पालन करते हुए व्यापार किया जाता था। भारत में कर्म एवं अर्थ के कार्यों को धर्म का पालन करते हुए करने की प्रथा का पुरातन शास्त्रों में वर्णन मिलता है। भारत में चूंकि आज एक बार पुनः सनातन संस्कृति का पालन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य सम्पन्न हो रहे हैं अतः पूरे विश्व का भारत पर विश्वास बढ़ रहा है। विदेशी निवेश के साथ साथ आज लगभग 50 देश भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करना चाहते हैं क्योंकि भारत वैश्विक स्तर पर विभिन्न उत्पादों के लिए एक बहुत बड़े बाजार के रूप में विकसित हो रहा है। ऐसा कहा जाता है कि शेयर बाजार में निवेशक अपनी जमापूंजी का निवेश बहुत सोच विचार कर करता है एवं जब निवेशकों को यह आभास होने लगता है कि अमुक कम्पनी का भविष्य बहुत उज्जवल है एवं निवेशक द्वारा किए गए निवेश पर प्रतिफल अधिकतम रहने की सम्भावना है, तभी निवेशक अपनी जमापूंजी को शेयर बाजार में उस अमुक कम्पनी में निवेश करते है। इस प्रकार, जब किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर निवेशकों का भरोसा बढ़ता हुआ दिखाई देता है तो विशेष रूप से विदेशी निवेशक एवं विदेशी संस्थागत निवेशक उस देश में विभिन्न कम्पनियों के शेयर में अपनी निवेश बढ़ाते हैं। चूंकि विदेशी संस्थानों को आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था पर एवं भारतीय कम्पनियों की विकास यात्रा पर भरपूर भरोसा है अतः भारतीय शेयर बाजार में निवेश भी रफ्तार पकड़ रहा है।

किसी भी देश की आर्थिक प्रगति में शासन द्वारा बनाई गई नीतियों का विशेष प्रभाव रहता है। पिछले 10 वर्षों के खंडकाल में भारत न केवल आर्थिक क्षेत्र बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में भी मजबूत हुआ है और भारत ने पूरे विश्व में अपनी धाक जमाई है। आज भारतीय मूल के लगभग 3.20 करोड़ लोग विश्व के अन्य देशों में निवास कर रहे हैं। भारतीय मूल के इन नागरिकों ने भारतीय सनातन संस्कृति का पालन करते हुए इन देशों के स्थानीय नागरिकों को भी प्रभावित किया है जिससे विदेशी नागरिक भी अब सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित होने लगे हैं। विशेष रूप से विकसित देशों में तो सामाजिक तानाबाना इतना अधिक छिन्न भिन्न हो चुका है कि अब ये देश आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक समस्याओं के हल हेतु आशाभारी नजरों से भारत की ओर देख रहे हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में आज भारत एक वैश्विक ताकत बनाकर उभरा है। भारत आज न केवल अपने लिए सेटेलाईट अंतरिक्ष में भेज रहा है बल्कि विश्व के कई अन्य देशों के लिए भी सेटेलाईट अंतरिक्ष में स्थापित करने में सक्षम हो गया है। योग एवं आध्यात्म के क्षेत्र में तो भारत अनादि काल से विश्व गुरु रहा ही है, परंतु हाल ही के समय में भारत एक बार पुनः योग एवं आध्यात्म के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शन करने की ओर अग्रसर है। योग को सिखाने के लिए तो यूनाइटेड नेशन्स ने प्रति वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाने का निर्णय लिया है और इसे पूरे विश्व में लगभग सभी देशों द्वारा बहुत ही उत्साह से मनाया जाता है। इसी प्रकार विज्ञान के क्षेत्र में भी भारत ने पूरे विश्व में अपना एक अलग मुकाम बना लिया है। किसी भी देश के लिए आर्थिक प्रगति तभी सफल मानी जानी चाहिए जब उस देश के अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक को भी उस देश की आर्थिक प्रगति का लाभ मिलता दिखाई दे। इस दृष्टि से विशेष रूप से गरीबी एवं आय की असमानता को कम करने में भारत ने विशेष सफलता पाई है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय मुद्रकोष एवं विश्व बैंक ने भी जमकर सराहना की है। भारत में वर्ष 1947 में 70 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे थे, और अब वर्ष 2020 में देश की कुल आबादी का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है। आज भारत डिजिटल इंडिया के माध्यम से क्रांतिकारी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत ने डिजिटलीकरण के क्षेत्र में अतुलनीय प्रगति की है एवं आज भारत में 120 करोड़ से अधिक इंटरनेट, 114 करोड़ से अधिक मोबाइल एवं 65 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं। इस प्रकार भारत ने एक नए डिजिटल युग में प्रवेश कर लिया है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी डिजिटल इंडिया ने कमाल ही कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाई गई है। अब तो ड्रोन के लिए भी नए डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग हो रहा है एवं ड्रोन के माध्यम से कृषि को किस प्रकार सहयोग किया जा सकता है इस पर भी कार्य हो रहा है। ड्रोन के माध्यम से बीजों का छिड़काव आदि जैसे कार्य किए जाने लगे हैं। कृषि क्षेत्र, रक्षा उत्पादों, फार्मा, नवीकरण ऊर्जा, डिजिटल व्यवस्था के साथ ही प्रौद्योगिकी, सूचना तकनीकी, आटोमोबाईल, मोबाइल उत्पादन,

## इलेक्टोरल बॉन्ड : राष्ट्रवाद की आड़ में रिश्वत और भ्रष्टाचार ?

**इस योजना के तहत चंदा देने वाले की पहचान गुप्त रखी जा सकती थी। ये फैसला ऐसे समय पर आया है जबकि आगामी अप्रैल– मई में ही देश में लोकसभा के आम चुनाव होने जा रहे हैं। सरकार की इस योजना को अदालत में चुनौती देने वालों का कहना था कि इसमें काला धन को सफेद किए जाने से लेकर, किसी काम को किए जाने के अघोषित समझौते के तहत बड़ी कंपनियों या व्यक्तियों से चंदा लिया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायलय ने यह भी कहा है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को राजनीतिक पार्टियों को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए मिली धनराशि की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देनी होगी। और चुनाव आयोग को स्टेट बैंक से प्राप्त यह जानकारी 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित भी करनी होगी। इस जानकारी के सार्वजनिक होने पर अब यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि किसने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा और किस राजनैतिक दल को दिया। सरकार द्वारा ह्ल2017 में जब इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को एक वित्तीय विधेयक के भाग के रूप में लाया गया था, उस समय भी न केवल कई विपक्षी दलों ने बल्कि चुनाव आयोग ने भी उस प्रस्तावित विधेयक के प्रति जो चिंताएं व्यक्त की थीं, अदालत ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में उन सभी बिंदुओं को संबोधित किया है।**






**तनवीर जाफरी**
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

मैं नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 2017-18 में शुरू की गयी संदिग्ध व विवादास्पदह्ल इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम को देश के माननीय सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों की खंडपीठ ने गैर-कानूनी करार दे दिया है। इस योजना के तहत चंदा देने वाले की पहचान गुप्त रखी जा सकती थी। ये फैसला ऐसे समय पर आया है जबकि आगामी अप्रैल- मई में ही देश में लोकसभा के आम चुनाव होने जा रहे हैं। सरकार की इस योजना को अदालत में चुनौती देने वालों का कहना था कि इसमें काला धन को सफेद किए जाने से लेकर, किसी काम को किए जाने के अघोषित समझौते के तहत बड़ी कंपनियों या व्यक्तियों से चंदा लिया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायलय ने यह भी कहा है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को राजनीतिक पार्टियों को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए मिली धनराशि की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देनी होगी। और चुनाव आयोग को स्टेट बैंक से प्राप्त यह जानकारी 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित भी करनी होगी। इस जानकारी के सार्वजनिक होने पर अब यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि किसने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा और किस राजनैतिक दल को दिया। सरकार द्वारा ह्ल2017 में जब इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को एक वित्तीय विधेयक के भाग के रूप में लाया गया था, उस समय भी न केवल कई विपक्षी दलों ने बल्कि चुनाव आयोग ने भी उस प्रस्तावित विधेयक के प्रति जो चिंताएं व्यक्त की थीं, अदालत ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में उन सभी बिंदुओं को संबोधित किया है। अब जबकि सर्वोच्च न्यायलय के आदेश के बाद यह ह्यखुफिया ह्य इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना समाप्त हो जाएगी और कॉरपोरेट्स द्वारा राजनीतिक दलों को जो पैसा दिया जाता था, जिसके बारे में आम लोगों को कुछ भी पता नहीं होता था, वो बिल्कुल ही समाप्त हो जाएगा। और इस मामले में जो पारदर्शिता इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम ने खत्म की थी वो 2017 की पूर्व स्थिति में वापस आ जाएगी। दरअसल इस योजना में चंदा देने वालों का नाम छिपा सकने की इतनी अधिक संभावना थी कि राजनीतिक दलों और उन्हें दान देने वालों को इससे बहुत अर्थ लाभ हुआ। इससे पारदर्शिता तो कतई नहीं बढ़ी परन्तु इसका एकदम विपरीत असर जरूर हुआ। ह्ल इतना ही नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि चंदा देने वाले व्यक्ति या कंपनी का नाम न बताने का कानून सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। इस अदालती निर्णय के बाद कई उत्साहित विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तीफे तक की मांग करने लगे हैं।

सत्तधारी भारतीय जनता पार्टी को इस योजना से क्या लाभ पहुंचा है, इसे लेकर इलेक्टोरल बॉन्ड से सम्बंधित माननीय सर्वोच्च न्यायलय फैसला आने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर जो लिखा है वही इलेक्टोरल बॉन्ड के पीछे छुपी सरकार की मंशा को समझने के लिये काफी है। राहुल गांधी ने लिखा है कि ह्यह्लसस्ते में एयरपोर्ट बेचो, इलेक्टोरल बॉन्ड लो, सस्ते में माइन्स बेचो, इलेक्टोरल बॉन्ड लो, सस्ते में जमीन बेचो, इलेक्टोरल बॉन्ड लो। ह्यह्ल, मैं देश नहीं बिकने दूंगा का नारा देने वाले नरेंद्र मोदी चुनावी चंदे के लिए देश का हर संसाधन बेचने को तैयार हैं। मगर किसान अपनी फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य भी न मांगे, क्योंकि किसान इलेक्टोरल बॉन्ड नहीं देता है। अजीब विडंबना है। ह्यह्ल राहुल की इस टिप्पणी में बहुत कुछ छिपा हुआ है। वैसे भी अगले लगभग तीन सप्ताह में यह जानकारी सार्वजनिक करने के बाद यह और भी साफ हो जायेगा कि किसने कितनी कीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे और किस राजनैतिक दल को चंदे के रूप में दिये। तभी पता चलेगा कि क्या ह्ययह सब कुछ पाने के एवज में कुछ देना हुआह्ल और किस से कितना लिया और लेने वाले ने उनके (देने वाले के लिये) लिए क्या उपकार किया।

राहुल गांधी का इशारा सीधे तौर पर मोदी सरकार द्वारा अडानी ग्रुप को लाभ पहुँचाने व इसके बदले में सत्ताधारी भाजपा के लिये अकूत धनराशि हासिल करने की तरफ है। दरअसल अडानी व मोदी की मित्रता तो 2012-13 से ही उस दौरान नजर आने लगी थी जबकि नरेंद्र मोदी अडानी का निजी विमान लेकर पूरे देश में चुनाव प्रचार करते फिर रहे थे। अडानी का यह ह्यउपकारह्ल उस समय और भी फली भूत होते दिखाई दिया जब 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी अपने साथ विदेश यात्राओं पर अडानी-अम्बानी जैसे उद्योगपतियों को अपने साथ ले जाने लगे और विदेशों में कई जगह उन्हें व्यावसायिक लाभ पहुँचाने लगे। उसके बाद देश में वही खेल शुरू हुआ जिसका इशारा राहुल गांधी ने किया। यानी रेल, तेल, गैस एयरपोर्ट, बंदरगाह, माइन्स, विद्युत, तमाम जमीनें आदि अनेक संसाधन अडानी व कुछ अन्य मित्र उद्योगपतियों के हवाले कर दिये गये। यहाँ तक कि दो वर्ष पूर्व लाया गया कृषि कानून भी कथित तौर पर ऐसे ही उद्योगपति मित्रों के हितों के मद्देनजर लाया गया था। अनेक उद्योगपतियों का लाखों करोड़ का कर्ज मुआफ करना भी सरकार की पूंजीवादी नीति और पूंजीवादियों को संरक्षण देने का ही द्योतक है।

## चुनाव और भारतीय मुसलमानों के समक्ष विकल्प

राम पुनियानी

जैसे-जैसे 2024 के आमचुनाव नजदीक आ रहे हैं, कुलीन वर्ग के कुछ मुसलमान अपने समुदाय से अपील कर रहे हैं कि भाजपा के बारे में अपनी राय पर वह एक बार फिर विचार करे (तारिक मंसूर, ह्यमुस्लिम्स शुड रीलुक एट बीजेपीह्ल, द इंडियन एक्सप्रेस, फरवरी 01, 2024)। पुनर्विचार के आग्रहियों का कहना है कि भारतीय मुसलमानों के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं हो रहा है। उनका यह भी कहना है कि सरकार की खाद्यान्न, आवास, रसोई गैस, पेयजल इत्यादि से संबंधित समाज कल्याण योजनाओं से मुसलमानों को भी लाभ मिल रहा है। इसके अलावा, भाजपा पसमांदा और सूफी मुसलमानों की ओर विशेष ध्यान दे रही है और यह भी कि भारत में 2014 के बाद से कोई बड़ा साम्प्रदायिक दंगा नहीं हुआ है। उनका दावा है कि पिछला एक दशक साम्प्रदायिक हिंसा की दृष्टि से स्वतंत्रता के बाद भारत का सबसे शांतिपूर्ण दौर रहा है। इस तरह की अपीलें अर्धसत्यों पर आधारित हैं और उन मूल मुद्दों को नजरअंदाज करती हैं जो भारतीय मुसलमानों के जीवन को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहे हैं। यह हो सकता है कि कुलीन वर्ग के कुछ मुसलमानों को पहले की तुलना में कम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हो मगर उससे असुरक्षा, हाशियाकरण और अपने मोहल्लों में सिमटने की मजबूरी जैसी मुसलमानों से जुड़ी समस्याएं अदृश्य नहीं हो जातीं। इस बात में कोई दम नहीं है कि 2014 के बाद से मुसलमानों के खिलाफ हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। दिल्ली में शाहीन बाग आंदोलन के पश्चात मुसलमानों के खिलाफ भयावह हिंसा हुई थी जिसे भाजपा के नेताओं ने भड़काया था (गोली मारो।।।) । इस हिंसा में मारे गए 51 लोगों में से 37 मुसलमान थे। हर दिन किसी न किसी बहाने मुसलमानों की संपत्ति जमींदोज करने के लिए बुलडोजर खड़े हो जाते हैं। कुछ भाजपा शासित राज्यों के बीच तो यह प्रतियोगिता चल रही है कि कौन मुसलमानों की संपत्ति को ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश ए। पी। शाह ने एक न्यूज पोर्टल को बताया कि, ह्यह्यकिसी अपराध में शामिल होने का आरोप किसी भी स्थिति में संबंधित व्यक्ति की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आधार नहीं हो सकताह्ल। गाय और गौमांस पर राजनीति का एक नतीजा है सड़क पर विचरण करते असंख्य आवारा मवेशी और उनके कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं। दूसरा नतीजा है खेतों में खड़ी फसलें चट करते आवारा गायों और बैलों के झुंड। और तीसरा नतीजा है जान लेने के एक नए तरीके झ्र लिंचिंग - का भारत में बढ़ता उपयोग। मोहम्मद अखलाक से शुरू कर ऐसे अनेक मुसलमान (और दलित) हैं जो खून की प्यासी भीड़ के हाथों मारे गए हैं। मोनू मानेसर, जो नासिर और जुनैद के खिलाफ हिंसा में शामिल था, की दास्तां दिल दहलाने वाली है। हर्षमंदर, जो पीड़ितों के परिवारों से मिले थे, ने लिखा, ह्यह्यमोनू मानेसर के सोशल मीडिया पेज देखकर मैं सन्न रह गया। वो और उसकी गैंग के सदस्य खुलेआम आधुनिक बंदूकें लहराते हुए पुलिस की गाड़ियों के सायरन जैसी आवाज करने वाली जीपों में घूमते हैं, गाड़ियों पर गोलियां चलाते हैं और जो उनके हत्थे चढ़ जाता है उसकी बेदम पिटाई करते हैं। सबसे बड़ी बात तह कि अपनी इन हरकतों की वे लाईव स्ट्रीमिंग भी करते हैं। गाय से जुड़ी हिंसा में मौतों और घायलों की संख्या के बारे में कोई अधिकृत आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि सरकार उन्हें छुपाना चाहती है। परंतु इसमें कोई संदेह नहीं कि इस तरह की घटनाओं से मुसलमान बहुत डर गए हैं। मेवात, जहां बड़ी संख्या में मुसलमान डेयरी उद्योग से जुड़े हुए हैं, उन स्थानों में से एक है जहां के मुसलमान गंभीर मुसीबत में हैं। राजस्थान में शंभूलाल रैगर ने अफराजुल की जान लेते हुए अपना वीडियो बनाया। कलीमुद्दीन अंसारी की हत्या के आरोपियों का तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने अभिनंदन किया था। इस तरह की घटनाएं अब आम हो चली हैं।

हमने लव जिहाद के चारों ओर बुना गया नफरत और भय का जाल देखा है, हमने जिहाद के प्रकारों के टेबिल देखे जिनमें यूपीएससी जिहाद और लैंड जिहाद शामिल था। सबसे मजेदार था कोरोना जिहाद। हमें बताया गया कि भारत में तबलीगी जमात में आए मुसलमानों ने कोरोना फैलाया! कई रहवासी संघों ने मुसलमान ठेले वालों का आवासीय परिसरों में प्रवेश रोक दिया था। इस्लामोफोबिया नई ऊंचाईयां छू रहा है। मुसलमान डरे हुए हैं और केवल अपनों के बीच रहना चाहते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत की मिट्टी से मिल रहा लोगों को रोजगार

अमरोहा।कामन फेसेलिटी सेंटर के निर्देशन में संचालित महाराजा दक्ष माटी कला औद्योगिक उत्पादन सहकारी समिति बिजौरा का बिजनौर से आए लोगों ने भ्रमण किया। उन्होंने मिट्टी की बोतल, गमला, कढ़ाई, लस्सी गिलास, खीर कटोरी, चाय के कुल्हड़, मूर्ति, भोजन प्लेट, दही वाले कुंडे, तंदूर, स्टूल व दही हांडी आदि की प्रशंसा की। उद्योग संस्थापक डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति ने कहा कि मिट्टी अमृत है, मिट्टी सोना है, मिट्टी में ही सृष्टि के प्रत्येक खनिज तत्व पाए जाते हैं। मिट्टी के घड़े में जितना ठंडा और साफ पानी होता है उतना अन्य किसी पात्र में नहीं होता। इस दौरान मुकेश कुमार, राहुल कुमार, चैतन्य शर्मा, शिवलाल सिंह, जीशान, देवेंद्र उपाध्याय, वरूण रावत, असलम अली, अमरपाल सिंह, अजब सिंह नागर आदि रहे।

### पुराने विवाद को लेकर मारपीट, दंपति समेत तीन लोग घायल

गजरौला। दो पक्षों के बीच पुराने विवाद को लेकर हुई मारपीट में दंपति समेत तीन लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी दिनेश कुमार का मोहल्ले के ही श्यामवीर से किसी बात को लेकर पुराना विवाद चला आ रहा है। रविवार को भी दोनों के बीच विवाद हो गया। गाली-गलौज के बीच आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह विवाद शांत कराया। आरोप है कि इसके कुछ देर बाद श्यामवीर अपने साथियों के साथ दिनेश के घर में घुस आया व मारपीट करते हुए दिनेश व उसकी पत्नी मधु के साथ ही मां सरोज देवी को मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामले में तहरीर पर जांच एवं कार्रवाई करने की बात कही।

### समाज की भलाई को बढ़ायें कदमः सहगल

लायंस क्लब फतेहपुर के तत्वावधान में रविवार को आईटीसी फॉर्च्यून लखनऊ में आयोजित चार्टर समारोह में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी नवनीत सहगल ने क्लब के सदस्यों को समाज की भलाई के लिए प्रेरित किया। पूर्व अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार ने लायंस क्लब फतेहपुर के चार्टर अध्यक्ष विनायक नाथ, चार्टर सेक्रेटरी लॉयन स्वाति नाथ, लॉयन अभिनव सिंह, लॉयन किरन सिंह, लॉयन ज्ञान गुप्ता, लॉयन इं. डीपी सिंह, लॉयन मृत्युन्जय गुप्ता एवं अन्य को सम्मानित कर लायंस क्लब फतेहपुर को समाज में सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में नवनीत सहगल ने सामुदायिक सेवा के महत्व और लायंस क्लब जैसे संगठनों की प्रभावशाली भूमिका पर प्रकाश डालते हुए जहां सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देने में क्लब के सदस्यों से अपील की, वहीं उन्होंने सामाजिक जरूरतों को पूरा करने में सामूहिक कार्य करने पर बल दिया। चार्टर अध्यक्ष विनायक नाथ ने क्लब के उद्देश्यों को सारगर्भित करते हुए समर्पण भावना की सेवा के साथ कार्य करने के लिए क्लब के सदस्यों को प्रोत्साहित किया।

# धूमधाम से हुआ "हम फेस्ट संस्था" का "दिल की आवाज" सुर संगीत समारोह

## सुरेंद्र सिंह एवं सुनील कुमार के उपन्यास "खून का कर्ज" उपन्यास का हुआ विमोचन

- सूफी गायक मुश्ताक अली, सिंगर इब्ने हसन, फीमेल सिंगर अजरा मिर्जा ने अपनी गायकी से बांधा समां, दर्शक झूमने पर हुए मजबूर
- मुरादाबाद मंडल से आईपीएस, आईएएस, आईआरएस बनने वालो को मुरादाबाद मंडल गौरव सम्मान से नवाजा गया




प्रात : किरण संवाददाता

मुरादाबाद। मुरादाबाद के जिला पंचायत घर के ऑडिटोरियम में शनिवार को मुंबई की हमफेस्ट संस्थाह्व का सुर संगीत कार्यक्रम दिल की आवाज और वरिष्ठ लेखक एवं मेलोडी सिंगर सुरेंद्र सिंह व लेखक सुनील कुमार द्वारा लिखित उपन्यास खून का कर्ज का बहुत भव्य रूप और धूमधाम एवं उत्साहपूर्वक विमोचन हुआ। कार्यक्रम में मंडल मुरादाबाद की आईएएस, आईपीएस, आईआरएस तथा अन्य सामाजिक क्षेत्रों में लोहा मनवाकर और उच्च पदों पर आसीन होकर अपने माँ, बाप तथा नगर का नाम रोशन करने वालो को मुरादाबाद मण्डल गौरव सम्मान से भी नवाजा गया। कार्यक्रम में मुम्बई और दूसरी जगहों से आये मशहूर कलाकारों ने गीत गजलों को पेश कर दर्शकों पर अपनी गायकी का जादू चलाया। वरिष्ठ लेखक सुरेंद्र कुमार सिंह और वरिष्ठ लेखक सुनील कुमार सिंह द्वारा संपादित खून का कर्ज उपन्यास का विमोचन मुरादाबाद के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग अग्रवाल द्वारा भव्य रूप से किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रकाश हॉस्पिटल एंड इंस्टिट्यूट नोएडा के डायरेक्टर वरिष्ठ सर्जन और मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के संभावित प्रत्याशी डॉक्टर वीएस चौहान, इकबाल अंसारी अध्यक्ष नगर पंचायत कांठ, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संयोजक मजाहिर रुहेला पठान, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार शर्मा, साहित्यकार सुरेंद्र कुमार सिंह, हिंदुस्तान के मशहूर शायर नजर बिजनौरी,मुरादाबाद सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष डॉ प्रदीप शर्मा एवं कोषाध्यक्ष हाजी अशरफ अली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते हुए किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉसमास हॉस्पिटल के डायरेक्टर वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर अनुराग अग्रवाल ने की एवं संचालन कार्यक्रम के आयोजक प्रसिद्ध शायर नजर बिजनौरी एवं साहित्यकार सुरेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मंच की व्यवस्था बनाने में परिंदा वेलफेयर की राष्ट्रीय अध्यक्षा फराह परवीन ने भी सहयोग किया।

दिल की आवाज कार्यक्रम में मुंबई से आए सूफी गायक मुश्ताक अली ने अपनी आवाज का जादू चलाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।इनके अलावा मौलेडि सिंगर सुरेंद्र कुमार सिंह ने ने पार्श्व गायक स्वर्गीय मौहहम्मद रफी द्वारा गाए गए अनेक फिल्मी गीतों को अपनी आवाज में पेश करके शानदार समा बांध कर रख दिया। प्लेबैक सिंगर अजरा मिर्जा, शायर राहुल शर्मा एवं सिंगर इब्ने हसन ने गीत और गजलों की प्रस्तुति से दर्शकों को पूरे समय बांधे रखा।इसके अतिरिक्त एक्टिव प्रेस क्लब मुरादाबाद के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार शर्मा ,महामंत्री हाजी अशरफ अली, जाकिर अली बेग, बिलाल सिद्दीकी एवं परवेज नाज़िम को संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में हाजी सलाउद्दीन मंसूरी परिंदा वेलफेयर एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष और परवीन सभासद नादरा कमर, आदि को भी सम्मानित किया गया।इस दौरान सहायक कृषि निदेशक प्रशांत यादव समाजसेवी धवल दिक्षित, बाबा संजीव आकांक्षी, जमशेद कुरैशी एडवोकेट ,चेयरमैन कांठ इकबाल अंसारी, श्रीमती संजय शर्मा (झालू ),देवेंद्र सिंह सिसोदिया, देवेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ मनोज रस्तोगी, प्रदीप वार्ष्णेय, नारी बाल उत्थान समिति से मुकुल अग्रवाल, डॉ विजय सिंह चौहान, सुनील कुमार शर्मा, वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया के एक्जीक्यूटिव मेंबर एवं वरिष्ठ पत्रकार नादिर त्यागी, समाजसेवी नईम अहमद, अजीत सिंह सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं गीत संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।वरिष्ठ लेखक एवं मेलोडी गायक सुरेंद्र सिंह और हिंदुस्तान के मशहूर शायर नजर बिजनौरी के द्वारा कराए गए इस दिलकश प्रोग्राम ने सभी दर्शकों के दिलों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी।

# पकड़ा गया पुलिस भर्ती का सौदागर, 50 से ज्यादा लोगों से ऐंठे लाखों रुपए



प्रात : किरण संवाददाता, मनोज शर्मा

अमरोहा/रहरा। पुलिस व सर्विलांस टीम ने पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन एक जालसाज सौदागर को घेराबंदी कर धरदबोचा।। पुलिस को उसके पास प्रवेश पत्र, मार्कशीट, मोबाइल व अन्य दस्तावेज मिले है। आरोपी ने पुलिस भर्ती में सेटिंग के नाम पर 50 से अधिक लोगों को झांसे में ले व जालसाजी कर लाखों रुपए भी ऐंठे है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। पुलिस जालसाजी में शामिल इसके अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि रहरा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने की जालसाजी में संलिप्त है। इसके नाम पर लोगों से पैसे ऐंठ रहा है। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की धरपकड़ को रहरा थाना पुलिस सहित सर्विलांस टीम को लगाया गया था। रविवार को पुलिस ने घेराबंदी कर रहरा थाना क्षेत्र के तरौली गांव निवासी विनीत को धरदबोचा। पुलिस को आरोपी के पास से प्रवेश पत्र, कई मार्कशीट, कूटरचित दस्तावेज व एक मोबाइल बरामद हुआ।पुलिस की गिरफ्त में आए सौदागर ने जिले के अलावा दूसरे जिले के लोगों को भी ठगी का शिकार बनाया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सेटिंग्स के जरिए पुलिस भर्ती परीक्षा में पास कराने का दिलासा दिलाया। विश्वास दिलाने को कुछ नकद और एकाउंट में रकम ली। आरोपी ने इस जालसाजी में 50 से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया। और लोगों से लाखों रुपए की मोटी रकम ऐंठी।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ के आधार पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश में जुट गई। आरोपी करीब पखवाड़े भर से लोगों को जालसाजी का शिकार बना रहा था। 50 से अधिक लोगो ने उसके झांसे आकर कुछ रकम व मूल दस्तावेज उसको दे दी। हालांकि पुलिस को युवक की कारगुजारी की इन वक्त पर भनक लगी तो पुलिस एक्टिव हो गई। आरोपी को धरदबोचा।

# बीमारी की पहचान विशेषज्ञों ने की चर्चा

लखनऊ, एजेंसी

केजीएमयू के शताब्दी फेस-2 में त्वरित बीमारी की पहचान करने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। रविवार को संस्थान की रेडियोडायग्नोसिस विभाग ने आईएसएसआरटी के सहयोग से एमआरआई और सीटी में नई जानकारी की खोज के लिए कार्यशाला की गयी,जिसमें देश दुनिया के नामी गिरामी दो सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया । डॉ. योगेश राठी हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, प्रो. एम महेश जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी, डॉ. दुर्गा उदयकुमार यूटी साउथवेस्टर्न मेडिकल सेंटर डल्लास यूएसए , समेत एम्स और अन्य प्रमुख भारतीय संस्थानों के प्रमुख वक्ताओं ने एमआरआई और सीटी प्रौद्योगिकियों में नवीनतम जानकारियाँ साझा कीं। साथ ही मुख्य व्याख्यानों में स्टेडी स्टेट एमआरआई में उन्नति पर प्रो. अनित परिहार, लिवर एमआरआई के माध्यम से लिवर मेलिग्नेंसीज की शुरूआती पहचान, एमआरआई अनुक्रम, न्यूरोलॉजिकल विकारों में फंक्शनल एमआरआई, एमआर स्पेक्ट्रोस्कोपी, ब्रेस्ट एमआरआई, और कार्डियक एमआरआई पर चर्चा की गई। साथ ही ऑन्कोलॉजिक और नॉन-ऑन्कोलॉजिक स्थितियों में मरीजों पर एमआर परफ्यूजन अध्ययनों की महत्वपूर्णता को भी उजागर किया गया। इसी क्रम में सचिव डॉ. दुर्गेश कृ द्विवेदी ने कार्डियक सीटी और एमआरआई अधिग्रहण, पोस्ट-प्रोसेसिंग पर हाथों पर कार्यशालाओं की पेशकश पर जोर दिया। डॉ. अखिलेश गुप्ता, एसइआरबी सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, ने शोध और सरकारी समर्थन के महत्व के बारे में बताया। कार्यशाला के दौरान प्रो. मनोज, प्रो. प्रतीक, प्रो. निशिकांत दमले, डॉ. गौरव राज, कर्नल डॉ. एनके जैन, डॉ. नितिन दिक्षित, डॉ. सिद्धार्थ मिश्रा, डॉ. सौरभ, डॉ. अजुमंद, गौरांग पांडे उपस्थित रहे। वहीं कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने विभिन्न बीमारियों के प्रबंधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उन्नत इमेजिंग के प्रभाव और शोध उन्नति की जानकारी साझा की।

# आशा सम्मेलनःस्वास्थ्य विभाग में उत्कर्ष कार्य करने वाली आशाऐं सम्मानित

## आयुष्मान योजना के छूटे पात्र व्यक्तियों का अभियान चला कर बनाएं गोल्डन कार्ड : डीएम



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। राजकीय मिनी स्टेडियम में अमरोहा महोत्सव मंच में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में आशा सम्मेलन का कार्यक्रम किया गया ।कार्यक्रम में जनपद की बड़ी संख्या में आशाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभाग की कार्यों में ईमानदारी के साथ रुचि लेकर सराहनीय कार्य करने वाली आशाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि आशाएं स्वास्थ विभाग द्वारा चलने वाले कार्यक्रमों अभियानों की रीढ़ हैं। आशाएं अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से करें विभाग भी उनका ध्यान रखें और समय से उनका मानदेय मिल जाए यह ध्यान रखे। कहा की आशाएं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जाने वाले कार्यक्रमों/ अभियानों को समाज के अंतिम पायदान पर पहुंचाने का कार्य करती हैं। घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करती हैं जोड़ती हैं उनका योगदान अवश्य ही विभाग के लिए सराहनीय है।कहा कि अभी भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे बहुत से महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिन पर कार्य करने की आवश्यकता है।आयुष्मान योजना के तहत जो भी पात्र व्यक्ति अभी तक इस योजना से लाभान्वित नहीं हो पाए हैं उनको भी इस योजना से जोड़ें। छूटे हुए पात्र व्यक्तियों का अभियान चला कर सरकार की इस महत्व पूर्ण योजना से लाभान्वित कराएं।कहा कि इससे हर गरीब की के लिए 5 लाख का निशुल्क इलाज दिया जा रहा है यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। कहा कि जो जन सेवा केंद्र सहयोग नहीं कर रहे हैं।उन पर भी शिकंजा कसा जाएगा। ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधान सेक्रेटरी और कोटेदारों को भी आयुष्मान योजना में सहयोग के लिए निर्देश दिए जा चुके हैं वह भी आपका सहयोग करेंगे। जो व्यक्ति अभी तक कार्ड नहीं बनवा पाए हैं उनको भी मोटिवेट कर योजना से लाभान्वित कर कार्ड बनवाएं। कहा की टीकाकरण के जो कार्यक्रम विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं उसमें यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक गर्भवती धात्री और नवजात शिशुओं को लगने वाले टीके समय से लग जाए इस पर विशेष ध्यान दें कोई भी पात्र व्यक्ति इस महत्वपूर्ण टीके से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री सुरेन्द सिंह जी मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अमरोहा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डीपीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉक्टर तथा बड़ी संख्या में आशा सम्मेलन में प्रतिभाग की हुई आशा बहुएं मौजूद रही।

# उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा में अब तक 122 मुन्नाभाई गिरफ्तार

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश पुलिस के 60,244 पदों के लिए भर्ती परीक्षा दूसरे दिन जारी है। योगी सरकार के कड़े निर्देश के तहत रविवार को भी नकल बिहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए एसटीएफ एवं क्राइम ब्रांच की टीमें सक्रिय हैं। आरक्षी परीक्षा में अब तक कुल 122 मुन्ना भाई गिरफ्तार किए जा चुके हैं।उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी परीक्षा प्रदेश के 75 जिलों में कुल 2385 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हो रही है। शनिवार और रविवार को दो पॉलियों में सिपाही भर्ती परीक्षा सम्पन्न होगी। सुबह 10 से 12, दोपहर 3 से 5 बजे दो पॉली की परीक्षा में लगभग 48 लाख से अधिक अभ्यर्थी सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होंगे। योगी सरकारी की नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए उप्र एसटीएफ की टीमें एवं क्राइम ब्रांच की टीमें सक्रिय है।सूत्रों की मानें तो पहले दिन की परीक्षा शनिवार को 96 जालसाज एवं सॉल्वर पकड़े गए थे। हालांकि दूसरे दिन भी एसटीएफ एवं क्राइम ब्रांच की टीमें कड़ी निगरानी में लगी हुई हैं। प्रयागराज एवं एटा में सबसे अधिक सॉल्वर गैंग के सदस्य पकड़े गए। खबर लिखे जाने तक प्रदेश में कुल 122 जालसाज एवं सॉल्वर गैंग के सदस्य पकड़े गए हैं। उप्र पुलिस भर्ती में लगभग 15.50 लाख महिलाएं सिपाही भर्ती परीक्षा दे रहीं। बिहार, एमपी, राजस्थान, हरियाणा के अभ्यर्थी भी शामिल। दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड के 6 लाख अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बॉयोमेट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश है। नकल माफियाओं पर यूपी एसटीएफ की विशेष नजर। परीक्षा केंद्रों पर सादी वर्दी में एसटीएफ के लोग लगे हैं। परीक्षा केंद्रों की एसटीएफ निगरानी कर रही है। कानपुर पूर्वी जोन के पुलिस उपायुक्त श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि शासन का कड़ा निर्देश जारी किया गया है कि किसी भी कीमत पर परीक्षा में गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों को चेक किया जा रहा है। केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाओं को देख कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सभी पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में टीमों के साथ सक्रिय हैं।

# बाबा साहेब के विचार को आगे बढ़ा रही है आरपीआई : पवन भाई गुप्ता

लखनऊ, एजेंसी

आज रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) परम श्रद्धेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के समतामूलक समाज के विचार को आगे बढ़ा रही है। उत्तर प्रदेश के कोने-कोने में आरपीआई कार्यकर्ता बाबा साहेब के विचार को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। आज संस्कृति एवं विरासत की पवित्र भूमि बाराबंकी, जहां 1857 की क्रांति के नायक राजा बलभद्र सिंह चेहलरी ने जन्म लिया, लेफि्टनेंट शंकर दयाल बाजपई जैसे वीरों ने देश की सीमाओं की रक्षा की, संत कवि बैजनाथ जैसे लोकप्रिय साहित्यकार जिस भूमि में जन्मे, जहां संत कवि जगजीवन दास जैसे महान संत पैदा हुए, उस भूमि को नमन करता हूँ। ये बात आरपीआई के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने ग्राम सहावर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने सम्बोधन के दौरान कहीं। पवन भाई गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश का बहुजन समाज, शोषित, वंचित, अल्पसंख्यक सहित हर वर्ग आरपीआई के साथ जुड़ रहा है। आरपीआई के कार्यकर्ता जमीन पर उतरकर जनता के मुद्दों, उनके अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आरपीआई उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत कर रही है। हर गरीब को बिल्कुल निःशुल्क शिक्षा, चिकित्सा देने की माँग आरपीआई कर रही है। जाति आधारित जनगणना को लेकर आरपीआई प्रयासरत है। पवन भाई गुप्ता ने कार्यकताओं से आगामी 4 मार्च को होने वाली संविधान सम्मान रैली में भारी संख्या में पहुँचकर रैली को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लखनऊ में संविधान सम्मान रैली के माध्यम से आरपीआई अपनी ताकत दिखाएगी। कार्यकर्ता सम्मेलन में तमाम लोगों ने आरपीआई की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम आयोजक रामसागर रावत, प्रवीण खरे सहित अन्य सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेशनल समिट ऑफ इंस्टीट्यूशनल लीडर्स-2024 में श्री वेंक्टेश्वरा की धूम



प्रात : किरण ब्यूरो, इकरामुद्दीन मलिक

अमरोहा/ लखनऊ। नेशनल समिट ऑफ इंस्टीट्यूशनल लीडर्स-2024ह्यह्य में श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय की धूम रही। देशभर से आये हजारों शिक्षाविदों, कुलपतियों, वैज्ञानिकों, शिक्षा अधिकारियों एवं राजनयिकों की उपस्थिति में वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय की डीन मास कम्यूनिकेशन डॉ. दिव्या गिरधर ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व रखते हुए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उच्च टेक्नोलॉजी के दम पर प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प - 2047 में शिक्षण संस्थानों की भूमिका को सर्वोच्य बताया।लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय (15-17 फरवरी 2024) ह्यह्यराष्ट्रीय शिक्षा समागम-2024ह्यह्य का शुभारम्भ मुख्य अतिथि, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री भारत सरकार राजकुमार रंजन सिंह, यू.पी. के उच्च शिक्षामंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, विद्या भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरे विश्व में उच्च शैक्षणिक मापदण्डों के चलते भारत का रूतबा शिखर पर है। हमें शिक्षा को संस्कार, नवाचार एवं रोजगार (तीनों) से जोड़कर भारत को फिर से विश्वगुरू बनाना है।श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभाग करते हुए डीन मास कम्यूनिकेशन डॉ. दिव्या गिरधर ने कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सम्पूर्ण रूप में लागू करने वाला वेंक्टेश्वरा देश का सबसे पहला निजी विश्वविद्यालय है। नयी शिक्षा नीति को तकनीक से जोड़कर भारत को विकसित बनाने में शिक्षण संस्थानों की भूमिका सर्वोच्य होगी।तीन दिवसीय ह्यह्यराष्ट्रीय शिक्षा समागम-2024ह्यह्य को यू.जी. चेयरमैन एम. जगदीश कुमार, एन.डी.टी. एफ. के चेयरमैन डॉ. अनिल सहस्त्रबुद्धे, इग्नू के कुलपति नागेश्वर राव, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह आदि ने सम्बोधित किया।इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा समागम में वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय का शानदार प्रभावी प्रतिनिधित्व करने पर डॉ. दिव्या गिरधर को विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं प्रशासन की ओर से प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, सलाहकार आर.एस. शर्मा, कुलपति प्रो. ऐ.के. शुक्ला, प्रतिकुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे, संयुक्त सचिव डॉ. राजेश सिंह एवं मेरठ परिसर से निर्देशक डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोगों ने शुभकामनाऐं प्रेषित की हैं।

**नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने मे श्री वेंकटेश्वरा प्रथम**

अमरोहा।विद्याभारती व शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, एवं उच्च शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुधीर गिरि के निर्देश पर डीन मास कम्यूनिकेशन डॉ. दिव्या गिरधर ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं तकनीक के बल पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में शिक्षण संस्थानों की भूमिका को सर्वोच्य बताया। उन्होने बताया कि श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्ण रूप से लागू करने वाला देश का पहला निजी विश्वविद्यालय/ संस्थान है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ एवं प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने कि शिक्षामित्र के अश्रितो की आर्थिक मदद

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों द्वारा मृतक शिक्षामित्र श्री दौलतराम कश्यप के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।और जनपद के शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों द्वारा सहयोग राशि के रूप में एकत्र की गयी धनराशि परिजनों को सौंपी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने बताया कि बीती 03 फरवरी को विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय सांथलपुर 2 में कार्यरत शिक्षा मित्र दौलतराम कश्यप की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। मौत की खबर से शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों साथियों में शोक की लहर दौड़ गयी थी। मृतक शिक्षामित्र दौलतराम कश्यप के परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी।जब शिक्षक एवं शिक्षा मित्रों को पता चला तो जनपद अमरोहा में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, संकुल शिक्षकों एवं परिचारकों द्वारा मृतक परिवार को सहयोग राशि के रूप में 2,31,500=00 रुपए (दो लाख इकतीस हजार पांच सौ) की धनराशि मृतक परिवार को सौंपीं और भविष्य में भी सभी उपस्थित शिक्षकों एवं संघ पदाधिकारियों द्वारा मदद करने का पूरा भरोसा दिलाया।उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर पोसवाल ने कहा कि दौलतराम कश्यप संगठन के प्रति बहुत ही वफादार थे। उनके निधन से संगठन में जो खालीपन हुआ है, उसे नहीं भरा जा सकता। वास्तव में हमने अपना एक जांबाज साथी खो दिया। जिसकी कमी हमें हमेशा खलेगी।उन्होंने मृतक परिवार को हमेशा साथ खड़े होने का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, संकुल प्रभारी ढवारसी जयवीर सिंह, प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर पोसवाल, जिला उपाध्यक्ष वरूण कुमार गुर्जर, जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी देवदत्त शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष हसनपुर कुलदीप सिंह चौहान,छत्रपाल सिंह,

# अनियंत्रित कार सड़क किनारे पलटी, चालक घायल

लखनऊ। शादी समारोह में आइकन कार शामिल होकर दूसरे दिन घर वापस जा रहे युवक की कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढ़े में पलट गयीं। सड़क किनारे कार के पलटने से युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। ग्राम जेहटा निवासी मुन्नू सिंह अपने साढू रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर मवईकला एक शादी समारोह में शनिवार को शामिल होने आया था। जो दूसरे दिन रविवार को अपने घर वापस कार यूपी 32 जीसी 2537 से जा रहा था रास्ते में ग्राम चांदपुर के निकट दोपहर करीब डेढ़ बजे अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढ्ढे में पलट गयी। जिससे कार चला रहा युवक मुन्नू सिंह घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# प्रधान बदलते ही बदल गई मानपुर गौशाला की हालत

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का कहना है कि गौवंशों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है, संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दे रहे हैं की गौशालाओं में गौंवसो के लिए चारा पानी के लिए अच्छी व्यवस्था करें। उसी तर्क पर ग्राम प्रधान ने गौशाला की हालत बदल कर रख दी। मामला विकासखंड हरक के मानपुर गांव का है जहां ग्राम प्रधान रेनू देवी के पति मोतीलाल ने वास्तव में गौशाला की हालात बदल कर रख दी,दैनिक तरुण मित्र की टीम पहुंचते ही देखने को मिला कि ग्राम प्रधान पति मोतीलाल गौशाला की साफ सफाई करवाते मिले उसके बाद देखा गया कि गौशाला की में भूषा स्टोर में जानवरो को खिलाने के लिए चुनी चोकर वह हरे चारे की भी व्यवस्था दिखाई दी। गौशाला के अंदर लगभग चार बीघा पशुओं के लिए हरे चारे भी लगा दिखा। जो जानवरों को खिलाया जाता है वही लोगों ने बताया कि आज तक गौशाला में ऐसा पहली बार हुआ है जो ग्राम प्रधान ज्यादा वक्त यहां बिताते हैं मजदूरों के साथ लगकर गौवन्शो को चारा पानी व्यवस्था खुद करते हैं पहले काफी दिन पहले दैनिक तरुण मित्र की पड़ताल में गौशाला का खुलासा किया था। जहा देखा गया था कि भूख से तड़प तड़प कर मर रहे थे गोवंश आज ग्राम प्रधान के बदलते ही प्रधान ने बदल दी गौशालय की हालत जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना।वही ग्राम प्रधान रेनू देवी ने बताया कि हमे जनता ने प्रधान बनाया है। हमारा फर्ज है की गांव का विकास करना, मेरी ग्राम पंचायत में सरकार ने गौशाला बनवाया है। में सौभाग्य मिला की हम भी गौवंश की सेवा कर रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में आरा मंडल कारा में छापेमारी



आरा। एकदम सुबह लगभग 7:00 बजे के आस पास जिला पदाधिकारी भोजपुर पुलिस अधीक्षक भोजपुर,सहायक पुलिस अधीक्षक सदर, एसडीएम सदर ,दोनों प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ,नगर और नवादा थाना अध्यक्ष तथा पुलिस बल के साथ आरा जेल में छापेमारी की गई तथा संपूर्ण वार्ड की नियमानुसार जांच और चेकिंग किया गया। उद्देश्य यही था कि जेल के अंदर किसी भी प्रकार की होने वाली आपराधिक घटनाओं के लिए साजिश तथा अन्य किसी अवैध गतिविधि को चेक किया जाए तथा उस पर विधिक करवाई किया जाए ।आज की छापामारी में फिलहाल किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध सामग्री या आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है ।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा जेल अधीक्षक को जेल परिसर में निगरानी रखने के साथ कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए, जिससे किसी प्रकार की अवैध व आपराधिक गतिविधियों की साजिश या अन्य प्रकार की गतिविधि जेल परिसर में नहीं होने पाए।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक किसान की हुई मौत,

सासाराम ।रोहतास जिले के सासाराम के तकिया कॉलेज के पास पंडित दीनदयाल गया रेल खंड पर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति सासाराम फजलगंज के गोरख पासवान बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गोरख पासवान खेत की ओर से लौट रहे थे।इसी दौरान तकिया कॉलेज सासाराम के पास ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। सासाराम जंक्शन से पश्चिम घटी इस घटना कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस का अगली कार्रवाई भी जारी है।

### पुलिस ने देसी शराब एवं बाइक को किया बरामद

काराकाट ( रोहतास) ।पुलिस ने देसी शराब एवं बाइक को किया बरामद , पुलिस मामले में एक कारोबारी एवं एक शराबी को किया गिरफ्तार । कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि काराकाट थाना क्षेत्र के किरहीं निवासी कौशल वर्मा को शराब और बाइक के साथ कछवां थाना क्षेत्र के सवारी से गिरफ्तार किया गया है ।उन्होंने कहा कि गिरफ्तार कारोबारी के पास से 28 लीटर देसी शराब बरामद किया गया ।साथ ही साथ मामले में प्रयुक्त पुलिस ने बाइक को भी जब्त कर लिया है ।तो वहीं दूसरी ओर पुलिस ने शराब के नशे में धुत सवारी निवासी उपेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया ।

### दर्जनों अज्ञात लोगों पर डीजे बजाने को लेकर की प्राथमिकी दर्ज

बिक्रमगंज(रोहतास)।पुलिस ने की 9 नामजद एवं दर्जनों अज्ञात लोगों पर डीजे बजाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज ।कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने कछवां बाजार से डीजे का पैनल एवं रिसीवर को जब्त किया है ।उन्होंने कहा कि पूजा कमेटी एवं डीजे संचालक पर डीजे बजाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है ।उन्होंने कहा कि 9 नामजद और दर्जनों अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई ।जिसकी जांच स्थानीय पुलिस कर रही है ।

### पांच वारंटी गए जेल

बिक्रमगंज(रोहतास):बिक्रमगंज पुलिस ने पांच वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष ललन कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के धनगांई गांव से संजय चौधरी ,गुड्डू कुमार , रामदयाल साह , गिलू नट एवं प्रभावती देवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।उन्होंने कहा कि गिरफ्तार पांचों अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्ट से वारंट निर्गत वारंट था।

### अज्ञातवाहन ने बाइक मे मारी ठोकर बाइक सवार महिला हुई घायल

कोचस (रोहतास) शनिवार की संध्या में राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर एक अज्ञात चार चक्के वाहन ने बाइक मे पीछे से जोरदार ठोकर मार दी जिसमे बाइक से गिर 50 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि जिला कैमुर कुदरा निवासी मुनीलाल शाह की 50 वर्षीय धर्मपत्नी उषा देवी अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार हो कोचस जा रही थी, कि राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर कोचस बाजार के समीप तेज रफ्तार से आ रही एक अनियंत्रित चार चक्के वाहन ने बाइक में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी जिसमें बाइक से गिर उक्त महिला बुरी तरह घायल हो गई।हालाकि चार चक्के वाहन का स्थानीय लोगों ने पीछा किया लेकिन चालक वाहन को लेकर भागने में सफल रहा ।

# रोहतास के सासाराम मंडल कारा में डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से की छापेमारी

## आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंडल कारा में चलाया गया छापेमारी अभियान

प्रात: किरण संवाददाता



सासाराम। रोहतास जिले के सासाराम मंडल कारा में डीएम नवीन कुमार तथा एसपी विनीत कुमार ने आज सुबह मंडल कारा पहुंचकर छापामारी किया ।करीब तीन घंटे मंडल कारा सासाराम में चली छापामारी में आपत्तिजनक सामान अंदर से बरामद नहीं हुआ। वही इस मामले में डीएम नवीन कुमार ने बताया कि मंडल कारा सासाराम के एक एक वार्ड,बैरक,हॉस्पिटल वार्ड,में गहन छापामारी किया गया। छापामारी में डीएम तथा एसपी के अलावा सासाराम एसडीएम आशुतोष रंजन तथा एसडीपीओ दिलीप कुमार भी मौजूद रहे। कड़ी चौकसी के बीच इस छापामारी से बंदियों में हड़कंप मचा रहा। डीएम नवीन कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मॉडल कार में इच्छा बीमारी अभियान चलाया गया है। जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि मंडल कारा सासाराम में स्थित अस्पताल बैरक एक-एक वार्ड की जांच के साथ ही सीसीटीवी कैमरो को भी जांच किया गया। उन्होंने कहा कि इस छापामारी में आपत्तिजनक सामान नहीं मिले हैं लेकिन तंबाकू मिलने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं मंडल कारा के गाइडलाइन के अनुसार अन्य व्यवस्थाओं की भी जांच के साथ आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## संस्कृति पब्लिक स्कूल छात्रावृत्ति से विद्या के पथ में आगे बढ़ाते हुए नया कदम



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। संस्कृति पब्लिक स्कूल, कायम नगर, आरा ने आज एक विशेष पाठ्यक्रम के तहत छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की। इस परीक्षा में 500 से अधिक छात्र भाग लिए। इस पाठ्यक्रम के तहत सफल प्रतिभागियों को मुफ्त शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा, जिसमें स्कूल को किसी भी शुल्क का लेन-देन नहीं करना होगा, जिसमे परिवहन शुल्क भी स्कूल के तरफ से देय होगा अर्थात शून्य शुल्क। यह सुविधा केवल शीर्ष 3 छात्रों के लिए सीमित रहेगी। इसके बाद, 3 छात्रों को 50% छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, और प्रतिभाशाली छात्रों के लिए कई सांत्वना पुरस्कार होंगे। इस पहल को देखते हुए माता-पिता बहुत खुश हैं। श्री बबलू तिवारी ने इस पहल के संदर्भ में कहा, "यह एकमात्र स्कूल है जो व्यापार नहीं कर रहा है, बल्कि आरा में छात्रों को शिक्षित कर रहा है।" संस्कृति पब्लिक स्कूल का यह कदम न केवल छात्रों के भविष्य को उजागर करता है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और समर्थन का संकेत भी देता है।

## पूर्व प्रधानाध्यापक की पुण्यतिथि पर श्रधांजली सभा का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। कोइलवर प्रखंड के धनडीहा स्थित श्रीराम वाटिका मे बालिका उच्च विद्यालय के संस्थापक प्रधानाध्यापक स्व रामबल्लभ प्रसाद सिंह की दूसरी पुण्यतिथि मनाई गई इस मौके पर विष्णुसहस्रनाम पाठ एवम गीता पाठ का आयोजन किया गया तत्पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन के साथ साथ गरीब लाचार असहाय लोगो के बीच कम्बल वितरण किया गया श्रधांलजी सभा मे उनके पुत्र एवम प्रशिद्ध समाजसेवी पुंज कुमार सिंह ने कहा कि पूज्य पिता जी के आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत है और उनके पदचिन्हों पर चलकर हम उनके स्मृतियों को जीवंत रखेंगे क्योंकि हमेशा पिता जी शिक्षा औए अलख जगाने का प्रयास करते रहे और खाशकर बालिका शिक्षा को लेकर वह शुरू से ही प्रयत्नशील रहे तभी तो उन्होंने गांव में दो दो विद्यालय की स्थापना कराई मौके पर उपस्थित बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह ने कहा कि आज भी पूर्व प्रधानाध्यापक रामबल्लभ सिंह के विचार अनुकरणीय है और शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने जो समाज मे अलख जगाने का काम किया वह हमेशा जीवंत रहेगा वही पुत्रबधू इंद्रावती सिंह ने कहा कि पिता ने बच्चीओ की शिक्षा के लिए अनेकों काम किये आज सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारे लगा रही है और पिता जी वर्षो पहले से यह काम करते आ रहे है इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा मे हजारों लोगों ने उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें की हजारों की संख्या में लोगो के बीच प्रसाद वितरण किया गया मौके पर उपस्थित लोगों में राणा रंधीर सिंह चौहान गोल्डमैन बिहार प्रेम कुमार सिंह पुंज कुमार सिंह विनय सिंह विनीत सिंह पुरषोत्तम सिंह जयप्रकाश सिंह राजेन्द्र सिंह परिहार विनोद सिंह अरुण सिंह काशु सम्मी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## अस्पताल के बाहर बाईक खड़ा कर अंदर दवा लाने के क्रम में बाइक चोरों ने स्वास्थ्यकर्मी की बाइक उड़ाई

सासाराम। रोहतास जिले के सासाराम में इन दिनों बेखौफ वाहन चोरों द्वारा पलक झपकते ही वाहन चोरी कर चलते बन रहे हैं। बड़ी बात है कि रोहतास पुलिस का प्रतिदिन वाहन जांच की दावा के बीच जुमार्ना वसूली जारी है फिर भी चोरी के वाहनों की बरामदगी नहीं हो रही है। ताजा मामला सदर अस्पताल सासाराम से जुड़ा है। जहां एएनएम सुनीता देवी ने अपने पति के साथ अस्पताल पहुंचकर दवा देने के लिये अस्पताल के भीतर गई थी। बाहर आते ही बाईक चोरी हो गई। सदर अस्पताल सासाराम परिसर में पलक झपकते ही इस घटना ने पुलिस कि चौकसी सहीत सड़कों पर चलाए जा वाहन जाँच अभियान पर सवाल खड़ा दिया। वाहन चोर सासाराम में लगातार वाहनों कि चोरी की घटना को अंजाम देकर आराम से चलते बन रहे हैं लेकिन पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी करने में तत्परता नहीं दिखा रही है। जिससे बेखौफ चोर पुलिस को खुली चुनौती देते हुए वाहन चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

पीड़िता स्वास्थ्यकर्मी सुनीता देवी ने बताया कि अस्पताल में पति के साथ अभी अंदर ही गई थी कि बाहर आते ही देखा उसकी बाईक चोरी हो गई। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत की बात बताते हुए रो पड़ी।

## हृदय से राम नाम लेने वाले का योगक्षेम का वहन भगवान करते हैं : देवराहा शिवनाथ

आरा। जगदीशपुर परमपूज्य त्रिकाल दर्शसंत श्री देवराहा शिवनाथ दासजी महाराज के सान्निध्य में श्रीदेवराहा धाम सिअरुआ में आज भजन -कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन -कीर्तन के पूर्व हजारों श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज ने कहा कि भगवान राम व्यापक ब्रह्म है ।वह कण कण में विराजित हैं ।जो भक्त राम के स्वरूप को और उनके नाम को अपने हृदय में धारण कर लेता है तो वैसे भक्त पर काम, क्रोध,मद,मोह,लोभ,और माया का तनिक भी प्रभाव नहीं पड़ता है। अर्थात वह जीव षड्विकार से मुक्त हो जाता है। संतश्री ने आगे कहा कि भगवान राम के श्याम शरीर का स्वभाव ही अनोखा है ।उनकी शोभा से तो करोड़ों कामदेव भी अपने को लज्जित हो जाते हैं। महावर से युक्त चरणकमल बड़े सुहावन लगते हैं जिन पर मुनियों के मन रुपी भौंरे सदा छाए रहते हैं।

## बाल विवाह जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



भोजपुर। जिले के कोइलवर प्रखण्ड के कुल्हाड़ियां गांव के कटहरी मोहल्ला में बाल विवाह, बाल श्रम और बाल शोषण के रोकने के प्रति नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों में जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम दिशा एक प्रयास संस्था के द्वारा आयोजन किया गया। इस संस्था में कार्यरत सिएसडब्लू रंजू कुमारी ने बताया कि हमारे समाज मे बाल विवाह जैसी कुप्रथा व्यापक रूप से फैली हुई है। इसकी बढ़ती संख्या से बाल विवाह के कारण बच्चों में शारीरिक-मानसिक रूप से विकास में बाधक तो है ही साथ ही गरीब-तबकों में यह कुप्रथा काफी चलन में है। अब इस कृत्य को रोकने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठन और समाजसेवी आगे आ गए हैं। इसी को लेकर रविवार को कोईलवर प्रखण्ड के कुल्हाड़ियां गांव के कटहरी मोहल्ला में उक्त संस्था के द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया। जिसमें पूरे ग्रामीण उपस्थित होकर नाटक का आनंद उठाया साथ ही जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बाल विवाह रोकने जैसे सन्देश को जीवन के अमल में लाने को उचित माना।

## भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन मे राजनीतिक प्रस्ताव 'विकसित भारत-मोदी की गारंटी'

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। नई दिल्ली के भारत मंडपम मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17-18 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन मे राजनीतिक प्रस्ताव'विकसित भारत-मोदी की गारंटी' पारित हुआ ।इसके साथ-साथ राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी का कार्यकाल को जुन 2024 तक बढाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ।

राष्ट्रीय अधिवेशन मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश भर के कार्यकताओ मे 2024 के चुनाव भाजपा के 370 सीट सहित एनडीए के 400 पार सीट के लिए उदगार भरा।

राष्ट्रीय अधिवेशन मे पारित राजनीतिक प्रस्ताव 'विकसित भारत-मोदी की गारंटी' मे कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 2047 तक मोदी की क्रांति के साथ 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने का प्रस्ताव है। 10 वर्ष का काल उपलब्धियो भरे और मोदी की गारंटी का रहा। नरेंद्र मोदी के 10 वर्षो में सैकड़ो ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए जिसे न केवल दो तिहाई नागरिकों का जीवन स्तर ऊपर उठा बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी रिकॉर्ड तोड़ दिया। देश पहले से ज्यादा सुरक्षित और निर्णायक बना बल्कि दुनिया में देश ने नेतृत्व का एक नया अध्याय भी जोड़ा। 10 वर्षों में देश ने असीमित उपलब्धियां का साक्षात्कार किया है। एक-एक उपलब्धियां पर पूरी पूरी किताब लिखी जा सकती है। धारा 370 का निरस्तीकरण अयोध्या में श्री राम मंदिर का बनना और उनमें रामलला का विराजमान होना, ट्रिपल तलाक का खात्मा, जीएसटी का कार्यान्वयन, नागरिक संशोधन कानून,नया संसद भवन,संसद भवन मे सेंगोल का स्थापित होना,नारी शक्ति वंदन अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता, चंद्रयान जैसी कई उपलब्धियां बनी जो इतिहास मे स्वर्णाक्षरों से अंकित की जाएगी ।स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढाओ,नमामि गंगे और जी 20 देश मे सहभागिता का नया अध्याय शुरू किया। कोविड प्रबंधन मे जन भागीदारी और सरकार के प्रबंधन की प्रशंसा दुनिया भर मे हो रही है ।हजार वर्ष बाद भी जब लोग चर्चा करेंगे तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे इस कालजयी कालखंड की चर्चा करते नही थकेंगे। नरेन्द्र मोदी की सरकार मे देश पहले से ज्यादा सुरक्षित हुआ है और आतंकवाद पर करारा प्रहार किया गया है।



भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे अटुट श्रद्धा और विश्वास व्यक्त करते हुए आह्वान किया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से केन्द्र मे सरकार बनाएगी ।भाजपा निश्चित तौर पर 370 सीटो पर जीत का आंकडा पार करेगी और एनडीए 400 के पार जाएगा नरेन्द्र मोदी सरकार 3.0 देश मे विकास के गति को और तेज करते हुए सफलता के नए रिकार्ड बनाएगी।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन मे उक्त राजनीतिक प्रस्ताव के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री को विश्वास दिलायी कि पार्टी का पूरा संगठन, एक-एक कार्यकर्ता समर्पित भाव से उनके बताये रास्ते पर चलने के लिए कटिबद्ध है,ताकि 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार हो सके। वहीं राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढाते हुए जुन 2024 तक पारित हो गया। *राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान राष्ट्रीय, प्रदेश स्तरीय नेताओं पदाधिकारियों, कार्यकताओ सहित भोजपुर जिले से सांसद आर के सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष डाँ. प्रेम रंजन चतुवेर्दी, सीडी शर्मा,सूर्यभान सिंह सहित वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए।

## बॉलीबॉल के फाइनल मैच में झारखंड और बंगाल की टीम बनी विजेता

प्रात: किरण संवाददाता



नावानगर (बक्सर) अखिल भारतीय पुरुष व महिला बॉलीबॉल प्रतियोगिता मैच के फाइनल में पश्चिम बंगाल और झारखंड टीम बनी विजेता। शनिवार को भोजपुर जिला के बखोरापुर गांव स्थित खेल ग्राउंड में भारत प्लस एथेनॉल कंपनी लिमिटेड के सीएमडी सह समाजसेवी अजय कुमार सिंह के पिता स्व. रामाधार सिंह की 11वीं पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर इस बॉलीबॉल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय बुनियादी विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित मैच में देश के विभिन्न राज्यों से सभी 12 टीमों ने भाग लिया। जिस मैच को देखने के लिए हजारों खेल प्रेमियों की ग्राउंड में भीड़ उमड़ी थी। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड कंपनी के सीएमडी सह उद्योगपति बखोरापुर गांव निवासी अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय महिला बॉलीबॉल की खिलाड़ी जयश्री राठी सहित विभिन्न राज्य सहित देश स्तर के खिलाड़ियों ने बॉलीबॉल मैच में प्रदर्शन करते हुए लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। समाजसेवी उद्योगपति ने बताया कि बिहार के इतिहास में पहली बार बखोरापुर के राजकीय बुनियादी विद्यालय के खेल मैदान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के महिला खिलाड़ियों का मैच आयोजित की गई। वही देर रात तक बॉलीबॉल मैच देखते हुए लोगों खिलाड़ियों हौसला अफजाई करते नजर आए। आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता मैच में 8 पुरुष और 4 महिला की टीमों ने भाग लिया। जिस प्रतियोगिता में पुरुष टीम में झारखंड की टीम ने मैच जीत ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। जबकि बिहार के टीम उपविजेता रही। मौके पर आयोजक अजय कुमार सिंह और स्व. रामाधार सिंह की धर्मपत्नी देव कुमारी सिंह के द्वारा झारखंड की विजेता टीम को 35 हजार नगद के साथ ट्रॉफी से सम्मानित किया। उपविजेता बिहार की टीम को 25 हजार नगद सहित उप विजेता ट्रॉफी से पुरुस्कृत किया गया। दूसरी तरफ 4 महिला टीमों तहत पश्चिम बंगाल की टीम विजेता बनी। जो विजयी टीम को 30 हजार नगद के साथ ट्रॉफी से पुरुस्कृत किया गया। जबकि उप विजेता हरियाणा की महिला टीम को 20 हजार नगद राशि सहित उप विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। साथ ही साथ प्रतियोगिता शामिल अन्य टीमों के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

### एसडीएम और डीएसपी ने नक्सल प्रभावित बूथों का किया निरीक्षण

बिक्रमगंज(रोहतास)। लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने संयुक्त रूप से शनिवार की देर संध्या नक्सल प्रभावित बूथों का किया निरीक्षण । एसडीएम और डीएसपी ने कछवां थाना क्षेत्र के निरंजनपुर, ढोढनडीह एवं भड़कुड़िया सहित अन्य नक्सल प्रभावित बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी बूथों पर आने-जाने का रास्ता , पेयजल,रौशनी,मापदंड सहित अन्य बिंदुओं पर जांच की गई। जांच के दौरान एसडीएम अनिल बसाक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय, कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार, अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी मौजूद थे। इसकी जानकारी कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी ।

## नाच के दौरान दूल्हे के चचेरे भाई को लगी गोली, एक गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। टाउन थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही गांव में बक्सर से आए बारात में नाच के दौरान नर्तकी से हुए विवाद को लेकर गांव के ही एक युवक द्वारा फायरिंग कर दी गई। फायरिंग के दौरान दूल्हे के चचेरे भाई को गोली लग गई। जख्मी बक्सर जिला के कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव निवासी स्व. मतवार उपाध्याय के 48 वर्षीय बेटे संतोष उपाध्याय है। गोली बाएं पैर के घुटने के नीचे लगी है। जख्मी का इलाज आरा शहर के एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है।

पुलिस मामले की छानबीन में जुट गए हैं। वही इस मामले में टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मौके से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक द्वारा अपने साथी को भगा दिया गया था।

जख्मी संतोष ने बताया कि उनके चचेरे भाई प्रभाकर उपाध्याय उर्फ मोनू उपाध्याय का बारात छोटकी सिंगही गांव निवासी सुरेश चंद्र पांडेय के घर आई थी और बारात में नाच का प्रोग्राम भी था। पूरी रात नाच प्रोग्राम बिल्कुल ठीक चला और लड़की पक्ष के लोग का बहुत बढ़िया सहयोग भी रहा की कही कुछ ना हो।

लेकिन इसी बीच रविवार की अहले सुबह छोटकी सिंगही गांव के व्यक्ति द्वारा टोनबाजी को लेकर नर्तकी से विवाद हो गई। तभी उसने अपने कमर से हथियार निकाल कर फायरिंग कर दी। जिसमें उन्हें गोली लग गई।

## अच्छी शिक्षा के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना आवश्यक : नूपुर

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। यूथ फॉर सेवा द्वारा पर्दा कन्या मध्य विद्यालय आरा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रिंसिपल सविता सिंह यूथ फॉर सेवा के स्टेरिंग टीम मेंबर अमित शाह व नवीन शर्मा ने किया।

जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता नूपुर ने कहा कि अच्छी शिक्षा हेतु अच्छा स्वास्थ्य का होना अति आवश्यक है अच्छा स्वास्थ्य भी संभव है जब हम अपनी दैनिक जीवन में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें उन्होंने मुख्य रूप से मासिक धर्म के दौरान अपनाये जाने वाले सावधानियां से अवगत कराया क्योंकि कई बार जानकारी के अभाव मे पीरियड्स के दौरान मन में कई भ्रांतियां पाल लेते हैं और इसको संकोच की दृष्टि से देखा जाता है लोग इसको बताना नहीं चाहते हैं ।

इस अवसर पर नूपुर ने कहा कि बच्चियों को अपने शिक्षिका हुआ घर में अपने मां से लेनी चाहिए या कोई भी परेशानी हो उससे उन्हें अवगत कराना चाहिए। महिलाओं को पीरियड्स के दौरान हर-चार घंटे पर पैड का प्रयोग करना चाहिए इसके साथ ही खान-पान पर भी ध्यान देना चाहिए उसे दौरान उन्हें उचित आराम की भी आवश्यकता होती है महिलाओं को भूलकर भी घरेलू कपड़े का प्रयोग नहीं करना चाहिए। वहीं विद्यालय की प्रिंसिपल सविता सिंह ने कहा कि यूथ फॉर सेवा का लगातार सामाजिक में सार्थक अभियान चलता है जो सराहनीय है और इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता अभियान बच्चियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है ऐसे आयोजन से समाज में जागरूकता फैला है और कई तरह की बीमारियों सहित सामाजिक कुरीतियों का भी खात्मा होता है ।इस अवसर पर श्रेया ने कहा कि हमें पीरियड्स के दौरान किसी प्रकार का संकोच नहीं करना चाहिए यह एक प्राकृतिक देन हैं या कोई बीमारी नहीं है।

### बुढ़वा महादेव तारा चंडी में भाजपा का नारी शक्ति वंदन के तहत कार्यशाला आयोजित

सासाराम (रोहतास) । भारतीय जनता पार्टी सासाराम विधानसभा क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन कार्यशाला बुढ़वा महादेव तारा चंडी में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सासाराम ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष बंशीधर सेट एवं संचालन सासाराम नगर दक्षिनी के मंडल अध्यक्ष बृजनंदन कुशवाहा ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला के उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी अरुण पांडे एवं जिला के महामंत्री अशोक साह तथा विधानसभा कार्यक्रम संयोजक जिला के उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह की उपस्थिति में हुई जिला के कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अरुण पांडे ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से बताया उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा में नारी शक्ति वंदन का आयोजन करना है सासाराम में हो रहा है आगे काराकाट डेहरी में होगा महामंत्री अशोक शाह ने बताया की आने वाले दिनों में भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी 3 करोड़ जीविका दीदी को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मंडल स्तरों पर ले जाकर के शक्ति केंद्र के द्वारा बूथों पर कराया जाएगा कार्यक्रम में बिनोद पासवान अवधेश सिंह श्री भगवान सिंह परमहंस सिंह अयोध्या सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मातृ पितृ पूजन उत्सव का कार्यक्रम किया गया आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। रामरेखा प्रसाद सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ पितृ पूजन उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया` कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर आभा सिंह ने किया. ये जगजीवन कॉलेज आरा के प्राचार्य के पद पर कार्यरत है. आरंभ में दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई ।सर्वप्रथम अतिथियों का शॉल देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में प्रकाश डाला` उन्होंने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति जिस तरीके से बच्चों के मस्तिष्क पर प्रभाव डाल रही है उसके विरुद्ध यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है. इसका उद्देश्य है बच्चों में माता-पिता के प्रति आदर भाव प्रकट करना` विद्यालय के सचिव निर्मल तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों का संपूर्ण विकास होता है ।इसके बाद श्री रामप्रवेश पांडे के नेतृत्व में आए हुए माता-पिता का पूजन उनके पुत्र -पुत्री द्वारा कराया गया. बच्चों ने माता-पिता का चरण धोकर आरती उतार कर एवं प्रसाद खिलाकर पूजन किया ।इसके बाद रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया `इस कार्यक्रम का अभिभावकों और आगत अतिथियों द्वारा काफी तारीफ की गई. बच्चों ने रंगमंचीय कार्यक्रम के माध्यम से सब का मन मोह लिया । अंत में रंजीत कुमार बख्शी ने धन्यवाद प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों का बहुत योगदान रहा इस अवसर पर गोवर्धन सिंह, डॉक्टर रिता सिंह, रमेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार बख्शी, संजय कुमार पाठक, बबिता तिवारी सरोज देवी, सरिता सिंह, विनोद ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## मतदाता निर्भीकता से अपने मताधिकार का प्रयोग कर के लोकतंत्र को मजबूत करें : जिला युवा पदाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। रामपुर प्रखंड स्थित आज 18/02/2024 को मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न जगहों पर नेहरू युवा केंद्र,कैमूर द्वारा नुक्कड़ नाटक सह जागरूकता अभियान का कार्यक्रम किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़-नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई। जिला युवा पदाधिकारी सुशील करोलिया ने बताया कि रामपुर प्रखंड के बेलाव बाजार ,ग्राम बहेरी तथा अमाव बाजार में ग्रामीणों को जागरूकता अभियान अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि बहुमूल्य वोट प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेना चाहिए। क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य नींव रखता है।

जनतांत्रिक प्रणाली में इसका बहुत महत्व होता है`इस प्रणाली पर आधारित व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है की प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव, जाति ,धर्म से हटकर अपने मत का अधिकार प्रदान करना चाहिए।

अपने देश के लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म ,वर्ग, जाति समुदाय एवं किसी के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके साथ ही किसी भी समस्या हेतु वोटर हेल्पलाइन ऐप पर जानकारी एवं संपर्क कर सकते हैं। बिरहा धुन का इस्तेमाल कर ढूंनमुन रसिया द्वारा लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने की कोशिश की गई `कार्यक्रम में स्वयंसेवक मोहित कुमार, कृष्णा कुमार, पीटीए राधा कृष्णा शर्मा, त्रिभुवन कुमार, धीरज कुमार, सुरेंद्र राम, बैजनाथ सिंह ,मदन दुबे समेत कई ग्रामीण वासी मौजूद रहे।



## IMDB की वैलेंटाइन वीक लिस्ट में पहली पोजिशन पर रही तृप्ति डिमरी

रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल में तृप्ति डिमरी ने महफिल लूट ली। उनका छोटा सा किरदार दर्शकों के जेहन में इस कदर छप गया कि थिएटर से निकलने के बाद कई लोग रश्मिका से ज्यादा तो तृप्ति डिमरी की बातें करते नजर आए। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने तृप्ति को रातोरात नेशनल क्रश बना दिया। अब IMDB की वैलेंटाइन वीक लिस्ट में भी तृप्ति डिमरी ने पहली पोजिशन पाकर बता दिया है कि उनके करियर का ग्राफ अब लगातार ऊपर जाने वाला है।

**शाहिद कपूर को मिली 7वीं पोजिशन**

हर महीने IMDB के पोर्टल पर दुनिया भर के 200 मिलियन से ज्यादा यूजर्स आते हैं और इनकी वोटिंग-रिएक्शन के आधार पर वैलेंटाइन वीक के दौरान सबसे ज्यादा पॉपुलर रहे सेलेब्रिटीज की लिस्ट बनाई गई। पब्लिक वोटिंग के आधार पर बनी इस लिस्ट में एनिमल की भाभी 2 यानि तृप्ति डिमरी नंबर 1 पोजिशन मिली है। लिस्ट में तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया फेम एक्टर शाहिद कपूर 7वें नंबर पर हैं।

**लिस्ट में पूनम पांडे और रजनीकांत भी**

अपनी मौत का झूठा ड्रामा करके पिछले दिनों जमकर क्रिटिसाइज हुई एक्ट्रेस पूनम पांडे को IMDB की इस लिस्ट में 8वीं पोजिशन मिली है और लिस्ट में 23वें नंबर पर रही हैं एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर। इसके आगे साउथ के कई स्टार्स के नामों को लिस्ट में जगह मिली है। उदाहरण के लिए धनुष, राम चरण, महेश बाबू और रजनीकांत जैसे नाम इस लिस्ट में शामिल हैं।

**लिस्ट में सबसे नीचे रहे ये पॉपुलर एक्टर**

लिस्ट में बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन को 49वीं पोजिशन मिली है जो कि कुछ लोगों के लिए थोड़ी शॉकिंग हो सकती है। अनुष्का शर्मा की फिल्म बुलबुल के जरिए तृप्ति डिमरी को पहली बार फेम मिला था। साल 2020 में आई इस फिल्म में उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। इसके पहले तृप्ति मॉम, पोस्टर बॉयज, और लैला मजनू फिल्म में भी नजर आ चुकी हैं।



# सच्ची घटना पर आधारित है ऑपरेशन वेलेंटाइन

मानुषी छिल्लर अपनी अपकमिंग फिल्म ऑपरेशन वेलेंटाइन को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म पुलवामा अटैक पर आधारित है। फिल्म ऑपरेशन में मानुषी छिल्लर एक रडार ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म से शक्ति प्रताप सिंह हाड़ा बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म दो भाषा हिंदी और तेलुगु में 1 मार्च को रिलीज की जाएगी। **फिल्म की लीड एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर हैं। ऐसे में उनसे पूछा गया कि आप अपने किरदार के बारे में कुछ बताइए।**

मेरा रोल एक रडार कंट्रोलर का है। रडार कंट्रोलर हमारे फाइटर पायलट को गाइड करते हैं। फिल्म में मेरा और वरुण का एक पर्सनल रिश्ता भी दिखाया गया है। इसलिए हम दोनों घर की बात अलग और काम की बात अलग रखते हैं। मैं अपने रोल को वायस ऑफ रीजन कहना चाहूंगी। यानी कि ऐसा व्यक्ति जो दूसरों को समझदारी से कार्य करने के लिए प्रभावित करता है। मैंने जब पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तो फिल्म में अपना किरदार काफी प्रैक्टिकल लगा। मैंने फिल्म में आहना गिल का किरदार निभाया है। मेरा मानना है कि हम सब फीमेल में आहना गिल की क्वालिटी होती हैं। इसलिए मैंने इस किरदार से बहुत रिलेट किया।

**इस तरह की देशभक्ति वाली फिल्म करने में आपको कैसा महसूस हुआ?**

बचपन से हम इस देशभक्ति के एहसास से बड़े हुए हैं। देश के लिए प्यार हम सबके अंदर भरा हुआ है। ये समझना बहुत जरूरी है कि एक देश की रक्षा करने के लिए एक नहीं बल्कि बहुत लोगों का योगदान होता है। मुझे अभी भी याद है जब मैं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के लिए जा रही थी, उस दौरान मुझसे कहा गया था कि प्रतियोगिता में 120 देशों की लड़कियां होंगी। वहां आपको आपके नाम से नहीं बुलाएंगे। बल्कि आपको आपके देश के नाम से बुलाएंगे। इसलिए मेरा नाम एक महीने के लिए इंडिया था। इसी तरह जब आप ऐसी फिल्में करते हैं, जो देश के हीरोज पर आधारित हैं, बहुत गर्व महसूस करते हैं। बतौर ऐक्टर्स हमें ऑडियंस को एंटरटेन करना होता है और इस तरह के रोल जिम्मेदारी से निभाना भी होता है।

**मानुषी, आप फिल्म में रडार कंट्रोलर का रोल निभा रही हैं, आपने तैयारी कैसे की?**

इस फिल्म के दौरान मैं एक और फिल्म का शूट कर रही थी, जिसमें मेरे एक्शन सीक्वन्स थे। ऐसे में ऑपरेशन वेलेंटाइन फिल्म के लिए मुझे वजन बढ़ाना पड़ा। वरुण ने मेरी काफी मदद की। उन्होंने मुझे डाइट के लिए सही तरह से गाइड किया।

**मानुषी, आपने तेलुगु सिनेमा में भी काम किया है। ऐसे में आप साउथ इंडस्ट्री का एक्सपीरियंस बताइए।**

मैंने साउथ के खाने को काफी एंजॉय किया। हालांकि तेलुगु सीखने की काफी कोशिश की है। थोड़ी-बहुत तेलुगु समझने जरूर लगी हूं। लेकिन पूरी तरह से तेलुगु भाषा सीखने में समय लगेगा। सेट पर लोग थे, जो हमें डायलॉग बोलना सिखा देते थे। मैं तेलुगु लाइन याद करके ही सेट पर जाती थी। मैंने तेलुगु के डायलॉग्स भी बोले हैं।

**साउथ इंडस्ट्री के बारे में एक पॉजिटिव और नेगेटिव बात बताइए।**

हालांकि मैंने साउथ इंडस्ट्री की एक ही फिल्म की है, ऐसे में सबसे अच्छी बात मुझे वहां का डिसप्लिन लगा। सबकी टाइमिंग बिल्कुल फिक्स रहती थी, और लोग टाइमिंग फॉलो भी करते थे। वहां के लोग टाइम को लेकर बेहद पंक्चुअल थे। मुझे बहुत अच्छा लगता था कि हम टाइम से शुरू, टाइम पर खत्म और बीच में 1 घंटे का ब्रेक लिया करते थे। रविवार को मेरी छुट्टी रहा करती थी। इस तरह के रूटीन से मुझे मेरे बचपन की याद आ गई। एक चीज जो मैं बदलना चाहूंगी वो बस भाषा की वजह से कम्युनिकेशन गैप कहूंगी।

## पैप्स पर भड़कीं नेहा धूपिया



नेहा धूपिया अपनी प्रोफशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। नेहा एक बार फिर स्क्रीन पर बेहद अलग अंदाज में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री नो फिल्टर नेहा नाम के शो के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। इस बीच नेहा अपने शो का प्रमोशन करते हुए स्पॉट हुईं और पैप्स पर अपनी नाराजगी भी जाहिर की। नेहा ने कहा, कुछ भी डालते हो आप लोग सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लेकर नेहा को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है।

## दुल्हनिया बनने जा रही है दिव्या अग्रवाल!



इस वेडिंग सीजन में अब तक कई टीवी और बॉलीवुड स्टार्स शादी के बंधन में बंध चुके हैं। अब इस लिस्ट में बिग बॉस ओटीटी 1 विनर दिव्या अग्रवाल का नाम भी शामिल हो गया। दिव्या अग्रवाल 20 फरवरी को बिजनेसमैन बॉयफ्रेंड अपूर्व पडगांवकर संग सात फेरे लेंगी। 5 दिन बाद दुल्हन बनने जा रही दिव्या इस समय अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा बटोर रही हैं। सोशल मीडिया पर खबरें छाईं हैं कि दिव्या शादी से पहले ही प्रेग्नेंट हैं। ऐसा हम नहीं बल्कि सोशल मीडिया यूजर्स कह रहे हैं। दरअसल, वैलेंटाइन डे के मौके पर शादी की डेट अनाउंस करते हुए दिव्या ने होने वाले पति अपूर्वा संग कुछ रोमांटिक तस्वीरें शेयर की थीं। इन तस्वीरों के बाद से ही उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाह उड़ने लगी। एक यूजर ने लिखा-क्या दिव्या प्रेग्नेंट हैं? दूसरे यूजर ने लिखा- बंप तो अभी से नजर आ रहा है। तीसरे यूजर ने लिखा- प्रेग्नेंट होने के बाद इनको शादी याद आ जाती है। रिपोर्ट्स के अनुसार ये कपल दिव्या के घर चेंबूर में शादी करेगा जिसके फंक्शन 18 फरवरी को शुरू होने वाले हैं।



# द व्हाइट लोटस 3 का हिस्सा नहीं बनेंगी दीपिका पादुकोण?

**दीपिका पादुकोण को लेकर कहा जा रहा था कि वे द व्हाइट लोटस सीजन 3 का हिस्सा बनेंगी, लेकिन अब इसके कलाकारों में अभिनेत्री के शामिल होने पर आशंका जताई जा रही है।**


एमी विजेता शो द व्हाइट लोटस ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दूसरे सीजन ने भी दमदार सफलता हासिल की, जिसका प्रीमियर अक्तूबर 2022 में हुआ था। वहीं अब तीसरे सीजन का फैंस को बेसब्री से इंतजार है, जिसका प्रीमियर 2025 में कई बड़े सितारों के साथ होगा। वहीं खबर आई थी कि बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण भी इस सीरीज का हिस्सा बनेंगी और कूलिज, नताशा रोथवेल, एलेक्जेंड्रा डैडारियो जैसे कई कलाकारों के साथ काम करेंगी। हालांकि, अब दीपिका पादुकोण के इस सीरीज का हिस्सा बनने पर आशंका जताई जा रही है।

### साल के अंत में होगी शूटिंग

पहला सीजन माउई में शूट किया गया था। वहीं, दूसरे सीजन की शूटिंग सिसिली में की गई थी। द व्हाइट लोटस के तीसरे सीजन की शूटिंग थाईलैंड में होनी है, लेकिन अब सवाल पैदा हो रहे हैं कि क्या दीपिका इस साल के अंत में थाईलैंड में कलाकारों और क्रू में शामिल होंगी? वहीं अब खबर आ रही है कि दीपिका पादुकोण व्यक्तिगत कारणों से इस सीरीज से बाहर हो सकती हैं। हालांकि, अभी तक न तो दीपिका या प्रोडक्शन के किसी भी व्यक्ति ने पहले सीरीज में उनकी भूमिका की पुष्टि की थी, इसलिए उनके सीरीज से बाहर होने की खबरों पर भी पूरी तरह से मुहर नहीं लगी है। पहले रिपोर्ट्स के अनुसार, सीरीज में दीपिका के शामिल होने की पुष्टि की गई थी। वहीं, हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दीपिका पादुकोण व्यक्तिगत कारणों से इस साल के अंत में थाईलैंड में कलाकारों और क्रू में शामिल नहीं हो सकती हैं, जिस वजह से वे इस सीरीज का हिस्सा नहीं बनेंगी।

### बाफ्टा पुरस्कार में शामिल होंगी दीपिका

वहीं बात करें दीपिका पादुकोण के वर्कफ्रंट की तो हाल ही में वे फाइटर में नजर आईं, जिसमें ऋतिक रोशन, अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर जैसे कई कलाकार थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। वहीं अब दीपिका एक बार फिर देश का नाम बढ़ाती नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, अब उन्हें 77वें बाफ्टा पुरस्कार में बतौर प्रेजेंटेटर बुलाया गया है। दीपिका 18 फरवरी, 2024 को लंदन में होने जा रहे इस पुरस्कार समारोह का हिस्सा बनने जा रही हैं। दीपिका, डेविड बेकहम, दुआ लीपा और केट ब्लैंचेट के साथ 77 वें बाफ्टा पुरस्कार में मंच साझा करती नजर आएंगी।



## शादी के बाद जैकी के साथ प्रोड्यूसर की कुर्सी पर बैठेंगी रकुल

रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी इन दिनों अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच रकुल ने फिल्म प्रोडक्शन में दिलचस्पी दिखाई है, असल में एक बातचीत में उनसे पूछा गया कि भविष्य में वे फिल्म निर्देशन और निर्माण में से किसे चुनेंगी? इस पर रकुल ने कहा मैं फिल्म निर्माण तो कर सकती हूं, लेकिन निर्देशन नहीं...मुझे नहीं लगता कि मैं डायरेक्शन कर सकती हूं। रकुल के बॉयफ्रेंड जैकी भगनानी भी प्रोड्यूसर हैं, ऐसे में लोग कयास लगा रहे हैं कि रकुल ने फिल्म निर्माण की प्रेरणा शायद वहीं से ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रकुल और जैकी भगनानी 21 फरवरी को गोवा में शादी रचाएंगे।

# तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री पुरुष प्रधान और पितृसत्तात्मक है

**बॉलीवुड एक्ट्रेस राधिका आप्टे अपनी हाजिर जवाबी के लिए चर्चा में रहती हैं। वह खुलकर अपनी बात रखती हैं। एक बार उन्होंने राजीव मसंद को दिए एक इंटरव्यू में तेलुगू इंडस्ट्री के बारे में कुछ ऐसा कहा था, जिसके बाद अब वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।**

बॉलीवुड एक्ट्रेस राधिका आप्टे ने पर्दे पर कई बेहतरीन किरदार निभाए हैं और अपनी एक खास पहचान बनाई हैं। इस वजह से वह सुर्खियों में भी छाई रहती हैं। हर कोई उनकी तारीफ करता है। अब एक बार फिर से वह सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई हैं। उन्होंने तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री के बारे में एक इंटरव्यू में कुछ विवादित बयान दिया था। जिससे अब सोशल मीडिया दो गुटों में बट गया है। उन्होंने इंडस्ट्री की आलोचना की थी।

दरअसल, राजीव मसंद के पुराने एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस राधिका आप्टे ने कहा था कि, जिस एक इंडस्ट्री में मैंने सबसे ज्यादा स्ट्रगल किया है, वह तेलुगू है। क्योंकि वह इंडस्ट्री बहुत पितृसत्तात्मक है। एक प्रकार से पुरुष प्रधान है। पुरुष अंधे राष्ट्रवादी हैं। महिलाओं के साथ वहां, जिस तरह से व्यवहार किया जाता है, वह असहनीय है। एक्ट्रेस राधिका आप्टे ने हिंदी, तमिल और तेलुगू समेत कई भारतीय भाषाओं की फिल्मों में काम किया है। उन्होंने तेलुगू इंस्ट्री के अंदर अपने स्ट्रगल के बारे में बताया था। उस इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा था, यहां तक कि फिल्मों मेरा किरदार भी मेरा आदमी भगवान है, जैसा था।

सेट पर आपके साथ किसी तीसरे व्यक्ति और एक्टर की तरह बर्ताव किया जाता है। वो एक्टर्स से कुछ पूछते भी नहीं हैं। सेट पर ये कहा जाता है कि एक्टर का मूड अभी ठीक नहीं है और वह अभी चाय पीना चाहते हैं। मैंने लगातार संघर्ष किया है। और मैंने अब इसे छोड़ ही दिया है। मुझे ऐसा लगता है कि ये सिर्फ मेरे साथ हो रहा है।






## संक्षिप्त समाचार

### एयर पॉल्यूशन से निबटने के लिए नई तकनीक पेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार की तेजी के दौर में ओके प्ले इंडिया लिमिटेड के शेयरों में 3.28 फ़ीसदी की तेजी दर्ज की जा रही थी और यह ?6 की मजबूती पर 184 रुपए के लेवल पर बंद हुए हैं. करीब 534 करोड रुपए के मार्केट कैप वाली ओके प्ले इंडिया लिमिटेड के शेयरों का 52 हफ्ते का उच्च स्तर 187 रुपये जबकि 52 हफ्ते का निचला स्तर 57 रुपए है. ओके प्ले इंडिया लिमिटेड ने कहा है कि कंपनी एयर पॉल्यूशन से निपटने के लिए नई तकनीक पेश कर रही है. क्रेडिट स्कोर क्या है? जानिए क्रेडिट स्कोर का आपकी वित्तीय स्थिति पर क्या असर पड़ता है फिल्टर सिस्टम कंट्रोल नाम की एक नई टेक्नोलॉजी पेश कर ओके प्ले इंडिया ने खराब हवा वाले इलाके में भी कम ऊर्जा में एयर पॉल्यूशन दूर करने की नई तकनीक विकसित करने की जानकारी दी है. कुछ दिन पहले ही ओके प्ले इंडिया ने जर्मनी की दिग्गज फिल्ट्रेशन सॉल्यूशन कंपनी मैन+ह्यूमल के साथ करार किया था. कंपनी ने एयर पॉल्यूशन से निपटने के लिए कई प्रोडक्ट पेश करने की योजना बनाई थी. ओके प्ले इंडिया ने कहा है कि उसने घर के अंदर प्रदूषित हवा को साफ करने के लिए मोबाइल एयर प्यूरीफायर पेश किया है. कंपनी ने कहा है कि उसके प्योर एयर विकल्प में नैनो फाइबर से लैस फिल्टर एलिमेंट और फिल्ट्रेशन में काफी मदद निभाते हैं. इसके साथ ही ओके प्ले इंडिया ने फ़िल्टर क्यूब जैसे एयर प्योरिफायर विकल्प भी पेश किए हैं.

### आशीष कचोलिया के निवेश वाली कंपनी ने वारंट जारी कर जुटाए 280 करोड़, बढ़ रही निवेशकों की दिलचस्पी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक आशीष कचोलिया के निवेश वाली कंपनी फिनोटेक्स केमिकल ने शेयर बाजार को जानकारी दी है कि उसने 42 लाख कन्वर्टिबल वारंट जारी कर 145.34 करोड रुपए का फंड जुटाने की प्रक्रिया शुरू की है. फिनोटेक्स केमिकल ने 346 प्रति वारंट के हिसाब से प्रमोटर और नॉन प्रमोटर इन्वेस्टर को प्रेफरेंशियल बेसिस पर यह वारंट जारी कर फंड जुटाने की प्रक्रिया शुरू की है. फिनोटेक्स केमिकल ने कहा है कि फंड जुटाने के इस क्रम में ही कंपनी ने ?2 फेस वैल्यू वाले 39 लाख शेयर के अलॉटमेंट से 135 करोड रुपए जुटाने की कोशिश शुरू की है. कंपनी ने 346 प्रति शेयर के हिसाब से प्रेफरेंशियल बेसिस पर शेयर जारी कर फंड जुटाने की कोशिश की है. क्रेडिट स्कोर क्या है? जानिए क्रेडिट स्कोर का आपकी वित्तीय स्थिति पर क्या असर पड़ता है फिनोटेक्स केमिकल ने कहा है कि शनिवार 9 मार्च को कंपनी की एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग बुलाई गई है जिसमें इस प्रेफरेंशियल इश्यू पर कंपनी के सदस्यों की मंजूरी ली जाएगी. फिनोलेक्स केमिकल के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की शुक्रवार 16 फरवरी को इस बारे में एक मीटिंग हुई थी जिसमें कन्वर्टिबल वारंट और प्रेफरेंशियल बेसिस पर शेयर जारी कर फंड जुटाने की प्रक्रिया को मंजूरी दे दी गई है ।

# कंपनी चाहे भारत की हो या विदेश की, देश के कानूनों का पालन करना है जरूरी : राजीव चंद्रशेखर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों पेटीएम पेमेंट बैंक का मुद्दा हर किसी के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी कड़ी में पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े मुद्दे पर अपनी बात रखी।

मंत्री ने कहा कि यह एक एक मामला है, जो दिखाता है कि उद्यमी नियमों का पालन करने की जरूरत को नजरअंदाज करते हैं। कोई भी कंपनी कानूनों का बिना पालन किए काम नहीं कर सकती है।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर रिजर्व बैंक की नियामक कार्रवाई ने फिनटेक कंपनियों का ध्यान कानूनों के पालन के महत्व की ओर आकर्षित किया है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नियमों का पालन कंपनियों के लिए वैकल्पिक नहीं हो सकता है, बल्कि यह एक ऐसा पहलू है जिस पर प्रत्येक उद्यमी को पूरा ध्यान देना चाहिए। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड मामले को लेकर मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी, चाहे वह भारत की हो या विदेश की, बड़ी हो या छोटी, उसे देश के कानूनों का पालन करना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पीपीबीएल को 15 मार्च से नई जमा स्वीकार करने से रोक दिया है। कंपनी के खिलाफ अपनी कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार भी कर दिया है। चन्द्रशेखर ने कहा कि यह धारणा कि पीपीबीएल पर आरबीआई की कार्रवाई ने फिनटेक को परेशान कर दिया है। राजनेता, उद्यमी और टेक्नोक्रेट इस बात से असहमत थे कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक मुद्दे ने पूरे फिनटेक उद्योग के लिए हानिकारक परिणामों के बारे में चिंता बढ़ा दी है। मुझे लगता है कि इसने फिनटेक उद्यमियों का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया है कि आपको यह भी जानना होगा कि कानून का अनुपालन कैसे करना है। चन्द्रशेखर ने आगे कहा कि उद्यमी आम तौर पर जो कुछ भी बना रहे हैं उस पर इतना ध्यान केंद्रित करते हैं कि कभी-कभी, वे नियामकों द्वारा निर्धारित नियमों की अनदेखी कर सकते हैं।

### पेटीएम क्यूआर कोड करता रहेगा काम

आरबीआई ने शुक्रवार को जारी एफएक्यू (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न) की सूची में स्पष्ट किया कि दूसरे बैंक से लिंक्ड पेटीएम क्यूआर कोड, पेटीएम साउंडबॉक्स या पेटीएम पीओएस टर्मिनल 15 मार्च के बाद भी काम करना जारी रखेंगे। फिनटेक फर्म वन97 कम्युनिकेशंस (पेटीएम के मालिक) ने इस बीच कहा कि उसने अपना नोडल खाता पेटीएम पेमेंट्स बैंक से एक्सिस बैंक में ट्रांसफर कर दिया है। इस कदम के साथ 15 मार्च की समय सीमा के बाद पेटीएम क्यूआर, साउंडबॉक्स, कार्ड मशीन की निरंतरता की अनुमति देगा।


# मछुआरों को ई-मार्केट प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए सरकार ने ओएनडीसी को किया शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। मछुआरों को ई-मार्केट प्लेटफॉर्म प्रदान करने के उद्देश्य से, मत्स्य पालन विभाग 19 फरवरी को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के कृषि भवन में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एल मुरुगन की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा, ÷यह आवश्यक कदम मछुआरों, मछली किसान उत्पादक संगठनों, उद्यमियों, एसएचजी, मछुआरा सहकारी समितियों और



मत्स्य पालन क्षेत्र के अन्य संबंधित हितधारकों को व्यापक बाजारों तक पहुंचने, उनकी पहुंच और संभावित ग्राहक आधार का विस्तार करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।÷ उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन विभाग और ओएनडीसी के बीच सहयोग प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों के कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान करेगा, छोटे पैमाने के उत्पादकों और विपणक की दक्षता, सामूहिकता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करेगा। उन्होंने कहा, ओएनडीसी ई-मार्केटिंग का एक अनोखा प्लेटफॉर्म है और अधिकतम एफएफपीओ और अन्य मछुआरा सहकारी समितियों को जोड़ने के लिए मत्स्य पालन क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# आर्थिक मंदी के बीच चीन में श्रमिकों का विरोध-प्रदर्शन तेजी से बढ़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था चीन घोर आर्थिक महामंदी में फंसाता जा रहा है। चीन में आर्थिक हालात तेजी से खराब हो रहे हैं और मंदी की चपेट में देश आता जा रहा है। इसका असर चीन की अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई दे रहा है। चीन में श्रमिक विरोध-प्रदर्शन तेजी से बढ़ गए हैं, खासकर पिछले सप्ताह के अंत में शुरू हुए चंद्र नव वर्ष से पहले। न्यूयॉर्क स्थित अंतर्राष्ट्रीय अधिकार समूह फ्रीडम हाउस के चीन में विरोध-प्रदर्शनों पर नज़र रखने वाले चाइना डिसेंट मॉनिटर द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2022 की समान अवधि की तुलना में 2023 की चौथी तिमाही में श्रमिकों का विरोध-प्रदर्शन तीन गुना से अधिक हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषकों का मानना है कि यह अशांति खराब कामकाजी परिस्थितियों और चीन की मौजूदा आर्थिक कठिनाइयों से जुड़ी है। चाइना डिसेंट मॉनिटर ने सितंबर और दिसंबर 2023 के बीच चीन में 777 श्रमिक विरोध दर्ज किए, जबकि 2022 की समान अवधि में यह संख्या 245 थी। हांगकांग स्थित चाइना लेबर बुलेटिन, जो चीनी श्रमिकों के अधिकारों को बढ़ावा देता है, के स्वतंत्र डेटा में 1 जनवरी से 3 फरवरी 2024 के बीच 183 अतिरिक्त विरोध दर्ज किए गए, जिनमें अकेले गुआंग्डोंग प्रांत में 40 शामिल हैं। चाइना डिसेंट मॉनिटर का नेतृत्व करने वाले केविन स्लेटन ने कहा कि श्रमिकों का विरोध अक्सर वेतन विवाद और व्यावसायिक सुरक्षा से जुड़ा होता है।

# गिरफ्तारी और तस्करी की जानकारी देने के निर्देशों में संशोधन, 24 घंटे के अंदर सीबीआईसी को देनी होगी रिपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीआईसी के संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, सीमा शुल्क क्षेत्र के मुख्य आयुक्त/महानिदेशक को किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर इसकी रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से सीबीआईसी को भेजनी होगी।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की जानकारी देने से संबंधित दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। इस कदम का मकसद 'सिंडिकेट' द्वारा धोखाधड़ी के प्रयासों पर लगाम लगाना और जोखिम आधारित लक्ष्य में सुधार करना है।

सीबीआईसी की ओर से फील्ड अधिकारियों को दिए एक निर्देश में कहा गया है कि गिरफ्तारी, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट सीमा शुल्क क्षेत्रों (जोन) द्वारा या तो साझा नहीं की जा रही है या यदा-कदा ही साझा की जा रही है। कई मामलों में गिरफ्तारी की रिपोर्ट में जो ब्योरा दिया जाता है, वह पर्याप्त नहीं होता। सीबीआईसी के संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, सीमा शुल्क क्षेत्र के मुख्य आयुक्त/महानिदेशक को किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर इसकी रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से सीबीआईसी को भेजनी होगी।

गिरफ्तारी रिपोर्ट में हिरासत में लिए गए व्यक्ति की राष्ट्रीयता और उसके अपराध का ब्योरा देना होगा। इसके अलावा अधिकारियों को जब्त किए गए सामान की मात्रा और उसके मूल्य का विवरण भी उपलब्ध कराना होगा। ऐसे मामलों में जहां सीमा शुल्क अधिकारी द्वारा गिरफ्तारी नहीं की गई है, तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी से संबंधित रिपोर्ट संबंधित क्षेत्र के आयुक्त द्वारा 'तुरंत' सीबीआईसी को भेजी जानी है। यह देखते हुए कि सीमा शुल्क आयुक्तों से उनके अधिकार क्षेत्र के तहत तस्करी और वाणिज्यिक धोखाधड़ी के मामलों के संबंध में 'अद्यतित रहने की उम्मीद की जाती है', सीबीआईसी ने कहा कि घटना की रिपोर्ट में उड़ान/यात्रा/क्रूज संख्या और सीमा शुल्क घोषणा दस्तावेज का विवरण होना चाहिए। रिपोर्ट में माल की उत्पत्ति के मूल देश और इसमें शामिल शुल्क का भी उल्लेख होना चाहिए।

# अपने चहेते कलाकारों के लाइव शो के लिए हजारों किलोमीटर की यात्रा करेंगे फैन्स, भविष्य का बड़ा बिजनेस बनेगा म्यूजिक टूरिज्म



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपने चहेते कलाकारों के लाइव कॉन्सर्ट का हिस्सा बनना म्यूजिक लवर्स को खूब भाता है। लेकिन क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि फैन्स की यह चाहत उन्हें सैकड़ों- हजारों किलोमीटर की यात्रा करने की ओर मोड़ सकती है। म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए यात्रा का ट्रेंड ही म्यूजिक टूरिज्म के नाम से जाना जाता है। भविष्य में इस ट्रेंड को एक बड़ा बिजनेस बनने की क्षमता के रूप में देखा जा रहा है। टेलर स्विफ्ट इस वर्ष अपने एरास टूर के लिए कई देशों में लाइव शो करेंगी। यह वर्ल्ड टूर 17 मार्च, 2023 को यूएस के एरिजोना में शुरू हुआ है। इसमें पांच महाद्वीपों की 151 तारीखें शामिल की गई हैं। पॉप सिंगर के लाइव शो के लिए उनकी ऑडियंस देशों-विदेशों से यात्रा करेंगे। माना जा रहा है कि आने वाले महीनों में रोमानिया और ग्रीस जैसे देश म्यूजिक लवर्स की पसंदीदा जगह होंगे। दरअसल, ऐसा इसलिए माना जा रहा है क्योंकि, ये देश ब्रिटेन के मशहूर बैंड कोल्डप्ले के म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड का हिस्सा हैं। इन देशों के शहरों में इस मशहूर बैंड को कॉन्सर्ट होने जा रहे हैं। रोमानिया, फ्रांस, इटली, जर्मनी, फिनलैंड, ऑस्ट्रिया, आयरलैंड,ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसे देशों में कई शो पहले से ही बुक हो चुके हैं। स्पैनिश एयर ट्रैवल बुकिंग कंपनी अमाडेस म्यूजिक टूरिज्म को वर्ष 2024 के प्रमुख टूरिज्म ट्रेंड्स में से एक मान रही है। ग्रीस की राजधानी एथेंस में दो शो के ऐलान के बाद सप्ताह में एथेंस के लिए उड़ानों की खोज में 62त्न की बढ़ोतरी हुई। कंपनी ने रोमानिया के लिए उड़ानों में की सर्च में 91त्न से ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की। म्यूजिक और टूरिज्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग मानते हैं कि म्यूजिक टूरिज्म एक बड़ा बिजनेस बनाने की क्षमता रखता है। डेटा एनालिटिक्स फर्म फ्यूचर मार्केट इनसाइट्स की मानें तो ग्लोबल म्यूजिक टूरिज्म मार्केट 2033 तक करीब 1.16 लाख करोड़ रुपएतक पहुंचने की उम्मीद है। यह वर्ष 2023 में करीब 50 हजार करोड़ रुपए का था। आने वाले 10 वर्षों में इसके 9त्न सालाना की दर से बढ़ने का अनुमान है।

# निर्यात बढ़ाने के लिए नए निर्यातक तैयार करने में जुटी सरकार, छोटे उत्पादकों को ई-कामर्स निर्यातक बनने में दी जा रही है मदद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्यात में वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सरकार अधिक से अधिक उद्यमियों को निर्यातक बनने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस काम के लिए जिला स्तर पर छोटे-छोटे उद्यमियों को ई-कामर्स प्लेटफार्म के जरिए निर्यातक बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। फिलहाल 200 जिलों में इस प्रकार का अभियान चलाया जाएगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) व ई-कामर्स प्लेटफार्म मिलकर जिला स्तर पर छोटे उद्यमियों को ई-कामर्स प्लेटफार्म के माध्यम से निर्यातक बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने अगले छह-सात साल में ई-कामर्स निर्यात को 200 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। जिला स्तर पर कार्यक्रम के तहत छोटे उद्यमियों को उनके वस्तु के पंजीकरण, निर्यात के लिए लाइसेंस, लॉजिस्टिक व ग्राहकों के डाटा के साथ उनके ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है। अमेजन इंडिया ग्लोबल ट्रेड के निदेशक भूपेन वाकनकर ने बताया कि डीजीएफटी ने अमेजन इंडिया को 75 जिलों में ई-कामर्स निर्यात अभियान शुरू करने की जिम्मेदारी दी है और मुरादाबाद से इस अभियान की शुरुआत की जा चुकी है। वाराणसी, हरिद्वार, पानीपत, फरीदाबाद जैसे जिलों में भी वे डीजीएफटी के साथ उद्यमियों को ई-कामर्स निर्यातक बनाने का कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# जिस शख्स ने 500 कर्मचारियों को बनाया करोड़पति, बोर्ड ने उसे दिखाया ठेंगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिजनस सॉफ्टवेयर फर्म फ्रेशवर्क्स इंक के फाउंडर और सीईओ गिरीश मातृभूतम एक बार फिर सुर्खियों में हैं। कंपनी के बोर्ड ने उन्हें दिए गए 60 लाख परफॉर्मेंस बेस्ड शेयर कैंसल कर दिए हैं। बोर्ड का कहना है कि कंपनी के शेयरों में हाल में आई चुनौती को देखते हुए यह फैसला किया गया है। मातृभूतम को साल 2021 में ये शेयर दिए गए थे। वह सितंबर 2021 में उस समय सुर्खियों में आए थे जब कंपनी के लिस्ट होते ही उनकी कंपनी के 500 कर्मचारी एक झटके में करोड़पति बन गए थे। मातृभूतम की पहचान ऐसे कारोबारी के रूप में है जो कर्मचारियों को सैलरी नहीं बल्कि कंपनी का हिस्सा बांटते हैं। एक

बिजनस सॉफ्टवेयर फर्म फ्रेशवर्क्स इंक ने सितंबर 2021 में अमेरिकी एक्सचेंज नैसडैक पर धमाकेदार एंट्री की थी। कंपनी के 500 कर्मचारी एक झटके में करोड़पति बन गए थे। इसमें से 69 की उम्र तो 30 से भी कम थी। यह नैसडैक में लिस्ट होने वाली भारत की पहली सॉफ्टवेयर एज सर्विस और यूनिकॉर्न कंपनी थी। गिरीश मातृभूतम की इस कंपनी के शेयर ने नैसडैक इंडेक्स पर अपने इश्यू प्राइस से 21 फीसदी प्रीमियम पर एंट्री की थी और इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 12 अरब डॉलर के ऊपर पहुंच गया था।

फ्रेशवर्क्स की शुरुआत 2010 में हुई थी। तब मातृभूतम और शान कृष्णसामी ने क्लाउड बेस्ड कस्टमर सर्विस सॉफ्टवेयर पर काम शुरू किया था। अपने दोस्तों के बीच जी के नाम से मशहूर मातृभूतम ने तंजौर की शास्त्र यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने के बाद जोहो (ह्व॥ह्व) में काम किया। फ्रेशवर्क्स की स्थापना जब हुई तब तक दुनिया में कई कंपनियां इस सेक्टर में उतर चुकी थीं। ऐसे में कंपनी की सफलता पर संदेह जताया जा रहा था। फ्रेशवर्क्स को पहली फंडिंग 2011 में मिली।ष्द्ध्य ने इसमें 10 लाख डॉलर निवेश किया। उसी साल कंपनी को अपना पहले कस्टमर भी मिला। इसके बाद फ्रेशवर्क्स ने अपने प्रॉडक्ट रेंज का विस्तार करते हुए सेल्स और सीआरएम को भी जोड़ा। साथ ही फ्रेशवर्क्स को फ्रेशडेस्क के रूप में रिब्रांड किया गया। 2021 में इसका एन्युअल रिकरिंग रेवेन्यू 49 फीसदी तेजी के साथ 30 करोड़ डॉलर को पार कर गया। साथ ही उन्होंने स्टार्टअप्स में निवेश के लिए एक फंड भी बनाया। कंपनी का बिजनेस मॉडल अपमार्केट सेल्स और उसके प्रोडक्ट पर आधारित है। सेल्स मॉडल पर इस कंपनी ने बहुत अच्छा काम किया है। फ्रेशवर्क्स के मुताबिक बिजनस सॉफ्टवेयर महंगा है और साथ ही इसे यूज करने भी आसान नहीं है। फ्रेशवर्क्स 'रेडी टू गो' सॉफ्टवेयर बनाती है जिसे इस्तेमाल करना आसान है। इसके लिए कंपनी ने अपना कस्टमर केयर कॉल सपोर्ट भी बनाया है जहां किसी भी वक्त जानकारी ली जा सकती है।

# एआई शेयरों में तेजी ने कई लोगों को बना दिया बिलिनेयर, जानिए किसे हुआ है सबसे ज्यादा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से जुड़े शेयरों में इस साल काफी तेजी आई है। इससे इन कंपनियों से जुड़े अरबपतियों की बल्ले-बल्ले हो रही है। इस साल उनकी नेटवर्थ में आई कुल उछाल में एआई शेयरों की हिस्सेदारी करीब 96त्न है। इस साल सबसे ज्यादा तेजी एआई चिप्स बनाने वाली कंपनी एनवीडिया में आई है। पिछले साल भी यह शेयर 239त्न उछला था। हाल में यह ऐमजॉन और अल्फाबेट को पछाड़कर



दुनिया की चौथी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी है। इससे कंपनी के फाउंडर जेंसन हुआंग की नेटवर्थ में काफी उछाल आई है। साथ ही उनके दूर के एक रिश्तेदार भी बिलिनेयर क्लब में शामिल हुई हैं। एनवीडिया की प्रतिद्वंद्वी कंपनी एडवांस्ड माइक्रो डेवाइसेज इंक की सीईओ लीसा सू की नेटवर्थ 1.2 अरब डॉलर पहुंच चुकी है। पिछले एक साल में इस कंपनी के शेयरों में करीब दोगुना तेजी आई है।

दुनिया के अरबपतियों की इस साल हुई कमाई में एआई शेयरों का सबसे ज्यादा योगदान है। दुनिया के टॉप 500 अमीरों में से 30 की नेटवर्थ में एआई स्टॉक के कारण तेजी आई है।

# कंगाल पाकिस्तान में भारत से सस्ता है मोबाइल डेटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत दुनिया के उन टॉप पांच देशों में शामिल है जहां मोबाइल डेटा सबसे सस्ता है। लेकिन दुनिया के तीन देशों में मोबाइल डेटा भारत से भी सस्ता है। इनमें पाकिस्तान भी शामिल है। Cable.co.uk के मुताबिक भारत में जहां एक जीबी मोबाइल डेटा की कीमत 0.16 डॉलर यानी करीब 13.28 रुपये है। वहीं पड़ोसी देश पाकिस्तान में एक जीबी मोबाइल डेटा आपको 0.12 डॉलर यानी 9.96 रुपये में मिल जाएगा। अगर दुनिया में सबसे सस्ते डेटा का बात करें तो यह इजरायल में है। वहां आपको एक जीबी मोबाइल डेटा के लिए महज 0.02 डॉलर यानी करीब 1.66 रुपये खर्च करने होंगे। यानी भारत में आपको जितने में एक जीबी मोबाइल डेटा मिलता है, उतने में इजरायल में आपको आठ जीबी डेटा मिल जाएगा।

पाकिस्तान और इजरायल के अलावा इटली में भी मोबाइल डेटा की कीमत भारत से सस्ती है। इटली में एक जीबी मोबाइल डेटा की कीमत 0.09 डॉलर यानी 7.47 रुपये है। सबसे सस्ता डेटा के मामले में भारत के बाद फ्रांस, बांग्लादेश, रूस, यूक्रेन, उरुग्वे, इंडोनेशिया, मलेशिया और चीन का नंबर है। बांग्लादेश में एक जीबी मोबाइल डेटा की कीमत 0.23 डॉलर है जबकि चीन में यह 0.38 डॉलर है। नाइजीरिया, ब्राजील, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन में एक जीबी मोबाइल डेटा की कीमत 0.50 डॉलर से कम है। इसी तरह ऑस्ट्रिया, यूके, चिली, मिस्त्र और डेनमार्क में एक जीबी मोबाइल डेटा की कीमत एक डॉलर से कम है। अर्जेंटीना की करीब स्थित ब्रिटेन के कंट्रोल वाले देश फाकलैंड आइलैंड्स में एक जीबी मोबाइल डेटा की कीमत दुनिया में सबसे ज्यादा है।

# भारत ने टेस्ट इतिहास में दर्ज की अपनी सबसे बड़ी जीत

यशस्वी का दोहरा शतक



## इंग्लैंड को 434 रन से हराया

### जडेजा को 5 विकेट, सीरीज में बनाई बढ़त



**राजकोट (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट में भारत ने 434 रन से जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 1-2 से बढ़त बना ली है। भारत ने सरफराज खान (68) के अर्धशतक और यशस्वी जायसवाल (214) के दोहरे शतक की बदौलत 4 विकेट के नुकसान पर 430 रन बनाते हुए इंग्लैंड को 557 रन का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड का कोई भी खिलाड़ी बड़ी पारी नहीं खेल सका और उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को 319 रन पर ढेर कर 126 रन की बढ़त हासिल की थी। शानदार बल्लेबाजी के साथ ही इस जीत में भारतीय स्पिनरों ने शानदार भूमिका निभाई जिन्होंने दूसरी पारी में 8 और पहली पारी में 5 विकेट अपने नाम किए थे। इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में यशस्वी जायसवाल ने बैक टू बैक दोहरा शतक लगाकर धमाल मचा दिया। यशस्वी ने टीम इंडिया के लिए दूसरी पारी में 214 रनों की दमदार पारी खेली। यशस्वी खेल के तीसरे तीन 104 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गए थे, लेकिन चौथे दिन शुभमन गिल के आउट होने के बाद वह फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे और दोहरा शतक ठोक दिया।

पिछली बार जब यहां (2018 में) टेस्ट खेला गया था, तो भारत ने पहली पारी में तीन शतक लगाए थे और वेस्टइंडीज के खिलाफ एक पारी और 272 रन से खेल जीता था। 2016 में इस स्थल पर एकमात्र अन्य टेस्ट में भारत और इंग्लैंड के बीच हुआ था जोकि उच्च स्कोरिंग ड्रॉ था।

### दोनों टीमों की संभावित इलेवन

**भारत** – यशस्वी जयसवाल, रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

**इंग्लैंड** – जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स (विकेटकीपर), रेहान अहमद, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन ।



## जायसवाल और सरफराज पर गुस्साए रोहित शर्मा, वापस जाने को कहा



**राजकोट (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन रोहित शर्मा उस समय गुस्से में नजर आए जब बल्लेबाजी कर रहे सरफराज अहमद और यशस्वी जायसवाल पारी घोषित कर वापस मैदान में आने वाले थे। इस दौरान रोहित शर्मा को गुस्से में दोनों बल्लेबाजों को वापस जाने के लिए कहा गया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

एक फेसबुक पेज द्वारा साझा किए गए वीडियो में रोहित को गुस्से में दोनों खिलाड़ियों को वापस मैदान में लौटने का इशारा किया जाता है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि वह कहते नजर आ रहे हैं कि वापस जाओ। इस दौरान इंग्लैंड के बल्लेबाज और कप्तान बेन स्टोक्स भी गुस्से में नजर आते हैं और ये क्या हो रहा है का इशारा करते हैं।

गौर हो कि इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट टेस्ट के चौथे दिन भारत ने 196/2 के स्कोर के आगे खेलते हुए सरफराज खान (68) के अर्धशतक और यशस्वी जायसवाल (214) के दोहरे शतक की बदौलत 4 विकेट के नुकसान पर 430 रन बनाते हुए इंग्लैंड को 557 रन का लक्ष्य दिया है। हालांकि शुभमन गिल (91) शतक नहीं लगा पाए और गलत कॉल के कारण रन आउट हो गए।

# बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भारत को गोल्ड

### महिला टीम ने पहली बार खिताब जीता; फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराया

**मलेशिया (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का खिताब जीत कर इतिहास रच दिया। भारत ने पहली बार (मेंस और विमेंस) इस चैंपियनशिप में गोल्ड जीता है। मलेशिया में खेली गई चैंपियनशिप के फाइनल में इंडियन विमेंस टीम ने थाईलैंड को 3-2 से हराया। 2016 से खेली जा रही चैंपियनशिप का यह 5वां एडिशन था। इंडियन विमेंस टीम चैंपियनशिप में पहली बार कोई मेडल जीती है। वहीं मेंस टीम इससे पहले 2016 और 2020 में ब्रॉन्ज जीत चुकी है। पीवी सिंधु ने सुपानिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हराया।

**ऐसे चला फाइनल मुकाबला** – पहले मुकाबले में पीवी सिंधु ने सुपानिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हराया। स्कोर 1-0 हो गया।

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई (डबल्स) के खिलाफ 21-16, 18-21, 21-16 से जीत दर्ज की। स्कोर 2-0 हो गया।




अस्मिता चालिहा को बुसानन ओंगबामरुंगफान ने 11-21, 14-21 से हराया। स्कोर 2-1 हो गया। प्रिया और श्रुति की जोड़ी को बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनताकर्ण ऐम्सार्ड (डबल्स) के खिलाफ 11-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। स्कोर 2-2 हो गया। 17 साल की अनमोल खरब ने चोईकीवोंग पोर्नपिचा को 21-14, 21-9 से हराते हुए भारत को 3-2 की खिताबी जीत दिला दी।

### सेमीफाइनल में जापान को 3-2 से हराया था

चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शनिवार को भारत ने दो बार की चैंपियन जापान को 3-2 से हराया था। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में थाईलैंड ने इंडोनेशिया को 3-1 से मात दी।

### क्वार्टर फाइनल में हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराया था

भारतीय विमेंस टीम ने क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को हांगकांग को 3-0 से हराया था। टीम ने पहली बार टॉप-4 में प्रवेश किया। इसी के साथ महिला टीम ने पहली बार टूर्नामेंट में मेडल पक्का कर लिया। अब भारत का मुकाबला जापान से होगा। टॉप सीड चीन को हराकर ग्रुप स्टेज में टॉप पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधु, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की डबल्स जोड़ी की जीत के दम पर हॉन्गकॉन्ग को हराया।

## मुस्तफिजुर रहमान के सिर पर लगी बॉल

### हॉस्पिटल में एडमिट, बीपीएल फ्रेंचाइजी विक्टोरियन्स के साथ प्रैक्टिस कर रहे थे



**चटग्राम (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान बांग्लादेश प्रीमियर लीग-2024 (बीपीएल) के एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान चोटिल हो गए। इसके बाद उन्हें हास्पिटल में एडमिट कराया गया।

रविवार सुबह कोमिला विक्टोरियन्स की टीम जोहुर अहमद चौधरी स्टेडियम में प्री मैच ट्रेनिंग कर रही थी। रहमान बॉलिंग के लिए तैयार हो रहे थे, तभी दूसरे नेट्स में बैटिंग कर रहे लिट्?टन दास का एक तेज शॉट उनके सिर के पिछले हिस्से में लगा और वे गिर पड़े। उनके सिर से खून बहने लगा। ऐसे में उन्हें आनन-फानन में इंपीरियल अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट में भर्ती कराया गया।

टीम के फिजियो एसएम जाहिदुल इस्लाम सजल ने बयान जारी कर कहा- ट्रेनिंग के दौरान एक गेंद सीधे मुस्तफिजुर रहमान के सिर के बाएं हिस्से में लगी। वहां एक खुला घाव हो गया और हमने ब्लीडिंग रोकने के लिए कंप्रेशन बैंडेज बांधी और उन्हें तुरंत इंपीरियल अस्पताल में भर्ती कराया।

**पांइट्स टेबल के दूसरे नंबर पर है टीम** – कोमिला विक्टोरियन्स की टीम लीग के मौजूदा सीजन में 9 मैचों में से 7 जीतकर 14 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर है। रंगपुर राइडर्स 16 अंकों के साथ टॉप पर है।

### सिटी स्कैन में मुस्तफिजुर की इंजरी सीरियस नहीं

क्रिकबज के अनुसार, सिटी स्कैन से पता चला कि रहमान को इंटरनल ब्लीडिंग नहीं हुई है। उनकी चोट गंभीर नहीं है। उनके सिर के बाहरी हिस्से में चोट है। ऐसे में रहमान की इंजरी सीरियस नहीं है और वे कुछ दिनों में ठीक हो जाएंगे।

### 19 फरवरी को सिलहट स्ट्राइकर्स से मैच

कोमिला विक्टोरियन्स को सोमवार 19 फरवरी को सिलहट स्ट्राइकर्स से मैच खेलना है। ऐसे में रहमान का उस मुकाबले में खेलना मुश्किल है। टीम को इस तेज गेंदबाज के बिना ही उतरना होगा। रहमान लीग के इस सीजन के 9 मैचों में 11 विकेट ले चुके हैं।

# एमआई एमिरेट्स ने जीता आईएलटी-20

### खिताबी मुकाबले में दुबई कैपिटल्स को 45 रन से हराया, पूरन-फ्लेचर के अर्धशतक




**दुबई (एजेंसी)।** दुबई में शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दुबई कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। एमआई एमिरेट्स ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 208 रन बनाए। जवाब में दुबई ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 163 रन ही बना सका। एमिरेट्स के कप्तान निकोलस पूरन और आंद्रे फ्लेचर ने अर्धशतक लगाए। वहीं, विजयकांत वियासकांत और ट्रेंट बोल्ट ने 2-2 विकेट लिए।

**एमिरेट्स को फ्लेचर-पूरन ने 200 पार पहुंचाया** – एमिरेट्स के लिए पारी की शुरुआत मुहम्मद वसीम और कुसल परेरा ने की। वसीम 43 रन और परेरा 38 रन बना कर आउट हुए। इसके बाद आंद्रे फ्लेचर आए और उन्होंने 53 रन की पारी खेली। उनका साथ निकोलस पूरन ने दिया। दोनों के बीच 56 रन की साझेदारी हुई।

फ्लेचर के बाद किरोन पोलार्ड आए और पूरन का साथ दिया। पूरन पर धीरे खेल रहे थे, उन्होंने 15 बॉल में 18 रन ही बनाए थे, लेकिन डेथ ओवर में उन्होंने 12 बॉल में 39 रन स्कोर किए। इसके साथ ही पूरन ने कुल 57 रन बनाए और नाबाद रहे। पोलार्ड भी 9 रन बना कर नाबाद रहे।

**तीन बॉलर्स को मिला 1-1 विकेट** – दुबई की ओर से जेसन होल्डर, सिकंदर रजा और जहीर खान को 1-1 विकेट मिला।

**कैपिटल्स बड़ी साझेदारी करने में नाकाम** – दुबई कैपिटल्स बड़ी साझेदारी करने में नाकाम रहे। ओपनिंग करने उतरे लुस डु प्लॉय 0 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, तीसरे नंबर पर आए टॉम एबेल भी 14 रन ही बना सके। दूसरे छोर पर ओर टॉम बैंटन और कप्तान सैम बिलिंग्स के बीच 38 रन की सबसे बड़ी साझेदारी हुई।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड टेस्ट टीम का ऐलान

### विलियमसन और साउदी अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे; पहला मुकाबला 29 फरवरी से

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जाने वाले दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। सीरीज का पहला मैच 29 फरवरी से वेलिंग्टन में खेला जाएगा। दूसरा मैच 8 मार्च से खेला जाएगा, जो केन विलियमसन और कप्तान टिम साउदी के करियर का 100वां टेस्ट होगा। ऑस्ट्रेलिया टीम 21 फरवरी से न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगी। टीम यहां 3 टी-20 और 2 टेस्ट खेलेगी। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शानदार ऑलराउंडकर प्रदर्शन और प्लंकेट शील्ड में 22 विकेट लेने वाले स्कॉट कुगलेन को मौका मिला है। विलियम ओ रूर्के भी टीम का हिस्सा हैं, जिन्होंने हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हेमिल्टन में टेस्ट डेब्यू पर 9 विकेट लिए थे।



**टी-20 सीरीज के लिए भी टीम में बदलाव हुए** – इसके अलावा टी-20 सीरीज के लिए भी न्यूजीलैंड टीम में बदलाव हुए हैं। मैट हैनरी और टिम सेफर्ट चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं, उनकी जगह बेन सियर्स और विल यंग टीम में आए हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम

टिम साउदी (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), मैट हेनरी, स्कॉट कुगलेन, टॉम लैथम, डेरिल मिचेल, विलियम ओ रूर्क, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, नील वैगनर, केन विलियमसन, विल यंग।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम

मिचेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट (दूसरा और तीसरा मैच), मार्क चापमैन, जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉन्वे, लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सीयर्स, ईश सोढ़ी, टिम साउथी (पहला मैच), विल यंग।

## 45वें शतरंज ओलिम्पियाड की 'मशाल' खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हंगरी को सौंपी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने गत दिवस शतरंज ओलिम्पियाड की मशाल हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट को सौंपी जो इस साल इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में अनुराग ठाकुर ने फिडे के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोरकोविच और मेजबान शहर के प्रतिनिधियों को मशाल सौंपी। 2024 शतरंज के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष है क्योंकि फीडे अपना 100वां जन्मदिन मना रहा है। इस विशाल मील के पत्थर को मनाने के लिए, यह वर्ष दुनिया भर में शतरंज गतिविधियों से भरा रहेगा - त्योहारों और



ऐतिहासिक प्रदर्शनियों से लेकर कैंडिडेट्स जैसे विशेष टूर्नामेंट तक। भंडार में बहुत कुछ है और उत्साहित होने के लिए भी बहुत कुछ है।

अब, उत्सव की धमाकेदार शुरुआत करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है? आज एफआईडीई के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भारत में आयोजित एक विशेष शतरंज मशाल समारोह में ठीक यही हुआ। शतरंज ओलिम्पियाड में मशाल रिले की परंपरा चेन्नई में जुलाई0अगस्त 2022 में खेली गई प्रतियोगिता से पहले जून 2022 में भारत ने शुरू की थी। चेन्नई में खेले गए शतरंज ओलिम्पियाड में 2,500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था तथा भारत ने इस प्रतियोगिता में 9 पदक जीते थे, जिनमें महिला टीम का ऐतिहासिक कांस्य पदक भी शामिल है। भारतीय ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद और हंगरी की ग्रैंड मास्टर जुडिथ पोल्गर भी इस अवसर पर उपस्थित थे दरअसल 2022 में ही फीडे नें यह निर्णय लिया था की हर दो वर्ष में होने वाले विश्व शतरंज ओलंपियाड की मशाल हमेशा इस खेल की जन्मभूमि भारत से ही शुरू हुआ करेगी और इसी परंपरा की शुरुआत इस वर्ष की गयी ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### ममता सरकार पर जमकर बरसे छत्तीसगढ़ के सीएम साय

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पश्चिम बंगाल की सरकार पर जमकर आरोप लगाया है। सीएम विष्णुदेव साय ने ममता सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल का सरकार महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है। साथ ही कहा कि खुद महिला होने के बाद भी ममता बैनर्जी प्रदेश की महिलाओं का सम्मान के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार में संदेशखली की घटना मन को व्यथित करने वाली है। जिस बंगाल में माता दुर्गा की पूजा आराधना की जाती है वहां टीएमसी के नेताओं के द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक शोषण हो रहा है, यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। सीएम साय ने कहा कि बड़े ही दुख की बात है कि जिस प्रदेश की मुख्यमंत्री खुद महिला है उस सरकार में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार मताओं-बहनों के प्रति सम्मान की भावना नहीं रख रही है। ममता सरकार में महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों को समर्थन और बढ़ावा दिया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की सरकार सिर्फ घटाना को दबाने का प्रयास करने साथ आरोपियों को संरक्षण देने का काम कर रही है।

### जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में रविवार को मैदानी इलाकों में हल्की बारिश होने के साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार से बुधवार तक केंद्र शासित प्रदेश में व्यापक बारिश और बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 5.8, गुलमर्ग में माइनस 1.4 और पहलगाम में 2.5 डिग्री रहा। लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.5 और कारगिल में 2.8 डिग्री दर्ज किया गया। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 13, कटरा में 11.8, बटोटे में 8.1, भद्रवाह में 2.4 और बनिहाल में 7 डिग्री रहा।

### छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी के खिलाफ थाने में शिकायत

**बिलासपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत की गई है। बिलासपुर के सरकंडा में यह शिकायत बेलतरा से भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने की? गई है। इस शिकायत में पीएम नरेंद्र मोदी के विरुद्ध राहुल गांधी पर जातिगत टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया है। छत्तीसगढ़ में बेलतरा से विधायक सुशांत शुक्ला ने सरकंडा थाना में राहुल गांधी पर शिकायत करते हुए लिखा है कि कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने बीते 8 फरवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रायगढ़ की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जातिगत टिप्पणी की थी। साथ ही कहा कि पीएम मोदी की जाति के संबंध में भ्रामक और पूरी तरीके से असत्य कथन कहा था। विधायक सुशांत शर्मा ने कहा है कि इसी सभा के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के संबंध में कहा है कि वह हिंसा और नफरत की राजनीति करती है। सरकंडा में की गई शिकायत में राहुल गांध के द्वारा विशेष उद्देश्य से पीएम मोदी के खिलाफ मानहानी करते हुए टिप्पणी की है। भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने पुलिस को दिए गए आवेदन में राहुल गांध?ी के खिलाफ शिकायत करते हुए स्त्रद्धक्रकरने की? मांग की है। शुक्ला ने पुलिस को शिकायत करते हुए कहा है कि आईपीएस की धारा 153ए, 295,500 और 501 के तहत राहुल पर एफआईआर करने की मांग करता हूं। बतादें कि यह विधायक सुशांत शुक्ला ने बीते 10 जनवरी को शिकायत करते हुए आवेदन किया था।

# उद्धव ने न केवल बाल ठाकरे की विचारधारा को बल्कि नरेंद्र मोदी को भी दो बार धोखा दिया -एकनाथ शिंदे





**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे पर एक बार फिर बड़ा हमला बोला है। शिंदे ने कहा कि उद्धव ने न केवल बाल ठाकरे की विचारधारा को बल्कि नरेंद्र मोदी को भी दो बार धोखा दिया है, दूसरी बार तब जब उद्धव सीएम थे और उन्होंने पीएम के साथ एक निजी बैठक के दौरान एक वादा किया था। शिंदे ने आरोप लगाया कि उद्धव को मोह और माया ने जकड़ दिया था। उनके (उद्धव) मासूम चेहरे पर जाना, उस मुखौटे के पीछे कई चेहरे हैं।

एकनाथ शिंदे ने कोल्हापुर में शिवसेना कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, अपने परिवार के कुछ गलत कामों को छिपाने के लिए, आप (उद्धव का जिक्र करते हुए) नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मिले। आपने बीजेपी के साथ गठबंधन बनाने की प्रतिबद्धता जताई। हालांकि, महाराष्ट्र लौटने के बाद, उद्धव पलट गए और पीएम मोदी धोखा दिया।

**2021 में पीएम मोदी से मिले थे उद्धव=** सीएम ने कहा कि यह बातचीत 2021 में उद्धव, तत्कालीन एमवीए मंत्री अशोक चव्हाण और अजीत पवार की मोदी से मुलाकात के बाद हुई थी। शिंदे ने कहा, इस बैठक के बाद उद्धव ने मोदी से अकेले में मुलाकात की। शिंदे ने कहा कि विश्वासघात का पहला कृत्य तब हुआ जब 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद शिवसेना ने भाजपा के साथ अपना चुनाव पूर्व गठबंधन जारी नहीं रखा।

उन्होंने कहा कि जब उन्होंने 2022 में फिर से उद्धव से बीजेपी के साथ गठबंधन करने के लिए कहा (जबकि सेना उस समय भी एमवीए में थी) और जो बीत गया उसे जाने दो कहकर उद्धव ने यह जांचने की कोशिश की कि क्या सीएम का पद सेना के पास ही रहेगा? शिंदे ने कहा, इसका मतलब है कि उद्धव पूरे पांच साल के लिए सीएम बनना चाहते थे। भले ही पार्टी खत्म हो जाए और कार्यकर्ताओं को परेशानी हो, फिर भी वह कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे। शिंदे ने कहा, मैंने अपने जीवन में ऐसी गंदी राजनीति कभी नहीं देखी।

**2004 से सीएम बनना चाहते थे उद्धव :** एमवीए के गठन के दौरान एक बातचीत का हवाला देते हुए शिंदे ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि शरद पवार ने सीएम पद के लिए उद्धव का नाम सुझाया था। जबकि सच्चाई यह है कि उद्धव की इच्छा सत्ता में रहने की थी। यह 2004 से था। उन्होंने (उद्धव) मुझसे कहा कि उन्होंने सीएम पद नहीं मांगा। वह सोच रहे थे कि मैं क्या करूंगा? मैंने उनसे कहा कि मैं उनका समर्थन करूंगा। मैंने धैर्य दिखाया लेकिन समझ गया कि हमारे प्रमुख को मोह, माया ने जकड़ दिया है। शिंदे ने कहा, उनके मासूम चेहरे पर मत जाइए... उस मुखौटे के पीछे कई चेहरे हैं।

शिंदे ने सेना पदाधिकारियों से कहा कि वे इस बात की चिंता न करें कि लोकसभा उम्मीदवार कौन होंगे। उन्होंने उनसे कहा कि वे हर निर्वाचन क्षेत्र से पीएम नरेंद्र मोदी को महायुति का उम्मीदवार मानें।

## रेलवे में टेक्नीशियन के पदों बंपर भर्ती, 9000 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेलवे भर्ती बोर्ड ने टेक्नीशियन के 9000 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। रेलवे की इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 9 मार्च 2024 को शुरू होगी और आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल 2024 है। इच्छुक अभ्यर्थी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन जमा करा सकते हैं। रेलवे की इस वैकेंसी के लिए अभी शॉर्ट नोटिस जारी किया गया है। आरआरबी ने कहा है कि भर्ती के संबंध में डिटेल्ड नोटिफिकेशन आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर 9 मार्च 2024 को जारी किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह है कि आरआरबी टेक्नीशियन भर्ती में आवेदन करने से पहले आवेदन योग्यता, आयु सीमा, चयन प्रक्रिया व अन्य शर्तों की लिए विस्तृत नोटिफिकेशन आरआरबी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। आरआरबी टेक्नीशियन भर्ती में रिक्तियों का ब्योरा रेलवे के इस भर्ती अभियान में कुल 9000 पदों की रिक्तियों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इनमें से 1100 रिक्तियां टेक्नीशियन ग्रेड-1 सिग्नल और 7900 पद टेक्नीशियन ग्रेड-थर्ड सिग्नल के पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

रेलवे की इस वैकेंसी में 18 से 36 वर्ष की आयु वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। वहीं टेक्नीशियन ग्रेड-थर्ड लिए 18 से 33 वर्ष की आयु वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। टेक्नीशियन भर्ती के लिए एससी, एसटी व एक्स सर्विसमेन व दिव्यांगों के लिए शुल्क 250 रुपए निर्धारित है। वहीं अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के रूप में 500 रुपए देने होंगे।

## अब सड़क पर बिना हैलमेट गाड़ी चलाते दिखे पुलिस जवान तो खैर नहीं, एसपी ने जारी किया फरमान



**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस कर्मियों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाते हुए एसपी रायपुर ने सभी पुलिस के जवानों को हैलमेट और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के निर्देश दिए है। रायपुर पुलिस कप्तान संतोष सिंह ने जिला पुलिस बल के जवानों, अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रैफिक नियम का शख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार एसपी ने सभी को यह कहा है कि यदि ट्रैफिक नियम की अवहेलना करते हुए कोई भी कर्मचारी या फिर अधिकारी पाए गए तो उन पर विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने परवाना जारी करते हुए यह लिखा है कि सभी पुलिस के कर्मचारी और अधिकारी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के साथ-साथ जब भी वह दो पहिया वाहन चलाएं तो उस दौरान हेलमेट जरूर पहनें। इसके अलावा जब भी चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करें तो सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। अगर वह इन नियमों का पालन नहीं करते हैं और पकड़े जाते हैं, तो उन पर चालानी कार्रवाई के साथ-साथ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

आदेश जारी करने की आखिर वजह क्या?

बता दे कि बीते दिनों रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा ने रायपुर में क्राइम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली थी। इस बैठक में रायपुर शहर में ट्रैफिक नियमों को पालन करने के लिए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इस विषय पर सोच विचार कर पाया गया है कि आम नागरिकों से पहले पुलिसकर्मियों को यातायात नियमों का पालन करवाना बेहद जरूरी है। ऐसा करने से आम नागरिकों और पुलिस के बीच आदर्श स्थापित करने में मदद मिलेगी।

जिसे लेकर एसपी संतोष सिंह ने कहा है कि यह बिल्कुल भी सही नहीं है कि खुद पुलिसकर्मी सड़क नियमों का पालन न करें। सबसे पहले पुलिस के जवानों और अधिकारियों को नियमों के पालन करने की जरूरत है।

## वित्त मंत्रालय ने कर्ज वसूली में तेजी लाने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी की अध्यक्षता में शनिवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में ऋण वसूली में तेजी लाने और ऋण वसूली न्यायाधिकरणों की दक्षता बढ़ाने के कदमों पर चर्चा हुई।बैठक में ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरणों (डीआरएटी) के अध्यक्षों और ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया।सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी; मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), इंडियन बैंक एसोसिएशन (आईबीए); और वित्त मंत्रालय तथा भारतीय दिवाला एवं दिवालियापन बोर्ड (आईबीबीआई) के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।बैठक के दौरान जिन मुख्य मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें शामिल हैं:- डीआरटी और डीआरएटी सख्त निगरानी के माध्यम से विभिन्न चरणों में लंबित मामलों को कम करने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।* वसूली की प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाने के लिए ऋण वसूली न्यायाधिकरण विनियम, सरफेसी अधिनियम और आरडीबी अधिनियम में बदलाव और संशोधन के संबंध में विभिन्न सुझाव।* बैंक पैनल में शामिल अधिवक्ताओं के प्रदर्शन की समय-समय पर समीक्षा करेंगे और पैनल में शामिल अधिवक्ताओं को उनके प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए मामलों के आवंटन को तर्कसंगत बनाएंगे।* विभिन्न अधिनियमों- सरफेसी अधिनियम, 2002, आरडीबी अधिनियम, 1993 और आईबीसी, 2016 के प्रावधानों के तहत बैंकों और वित्तीय संस्थानों की संपत्तियों की लिस्टिंग और नीलामी के लिए विकासाधीन ई-नीलामी मंच का लाभ उठाना।

## धान खरीद में लापरवाह अफसरों पर होगी सख्त कार्रवाई, सीएम योगी के निर्देश

**लखनऊ, एजेंसी।**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि धान बेचने में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। शनिवार को उन्होंने धान की सरकारी खरीद की समीक्षा की। उन्होंने धान खरीद से जुड़े अधिकारियों से कहा कि किसान हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए अगर धान खरीद में लापरवाही बरती जाती है तो दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में चल रही धान की सरकारी खरीद में अब तक 52.47 लाख टन धान की खरीद की गई है जबकि लक्ष्य 70 लाख टन धान की खरीद का तय किया गया है। 7.82 लाख किसानों को अब तक 11170.55 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। खाद्य व रसद विभाग की विपणन शाखा, पीसीएफ, यूपीएसएस, मंडी परिषद और भारतीय खाद्य निगम द्वारा 5206 क्रय केन्द्र खोले गये हैं। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति कुंतल और धान ग्रेड-ए का मूल्य 2203 रुपये प्रति कुंतल तय हुआ है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में पहली अक्तूबर 2023 से 31 जनवरी तक और पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में पहली नवम्बर से 29 फरवरी तक धान खरीद का समय तय है।

### यूपी की विकास परियोजनाओं में भागीदार बनें - अवस्थी

मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि छात्र यूपी की विकास परियोजनाओं में भागीदार बनें। शनिवार को आईआईएम लखनऊ में आयोजित इंटरैक्टिव सत्र को संबोधित करते हुए अवस्थी ने कहा कि देश के विकास में उद्यमियों और एआई का बहुत महत्व है। उन्होंने यूपी के विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही पहल पर चर्चा की। सत्र के दौरान सीएसआर कॉन्क्लेव, एआई कॉन्क्लेव और एफडीआई प्रदर्शनी जैसी विभिन्न रोमांचक पहलों के बारे में भी बात की गई।

## एलेक्सई नवलनी का शव सौंपने से रूसी अधिकारियों का इनकार, समर्थक बोले- सबूत मिटाने की हो रही कोशिश



**मॉस्को, एजेंसी।**
राष्ट्रपति पुतिन के मुखर आलोचक एलेक्सई नवलनी की जेल में मौत के बाद जेल अधिकारियों ने उनका शव परिजनों को सौंपने से इनकार कर दिया है। नवलनी के समर्थकों का आरोप है कि रूसी सरकार ने ही नवलनी की हत्या की है और अब वे सबूत मिटाने के लिए ही शव नहीं सौंप रहे हैं। क्रेमलिन की तरफ से अभी तक नवलनी की मौत को लेकर पूरी तरह से चुप्पी साधी गई है।

47 वर्षीय एलेक्सई नवलनी की बीते शुक्रवार को रूस की सबसे खतरनाक और सख्त जेलों में से एक आर्कटिक जेल में मौत हो गई थी। नवलनी बीते तीन वर्षों से जेल में बंद थे। नवलनी की मौत के बाद पश्चिमी देशों के नेताओं ने इसकी कड़ी आलोचना की और रूसी सरकार और राष्ट्रपति पुतिन को नवलनी की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया। पश्चिमी देश पुतिन सरकार पर ही नवलनी की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। शनिवार को नवलनी की मां अपने वकील के साथ नवलनी का शव लेने आर्कटिक जेल पहुंची, लेकिन जेल अधिकारियों ने शव सौंपने से इनकार कर दिया। नवलनी समर्थकों ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि सरकार सबूत मिटाना चाहती है और इसी वजह से वे शव नहीं सौंप रहे हैं। रूस में नवलनी की मौत के बाद उनके समर्थक विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं। शनिवार को कई जगहों पर छिटपुट झड़प की घटनाएं भी हुई और पुलिस ने 30 से ज्यादा शहरों में 340 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार भी किया है। राजधानी मॉस्को में भी दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नवलनी के समर्थकों ने उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की।

# हमास की मांगें मानी ही नहीं जा सकतीं, सीजफायर की बातचीत से पीछे हटा इस्राइल



**तेल अवीव, एजेंसी।**
इस्राइल और हमास के बीच चल रही शांतिवार्ता अटक सकती है। दरअसल इस्राइल का कहना है कि हमास की मांगें ऐसी हैं, जिन्हें माना नहीं जा सकता। ऐसे में इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकेत दिए हैं कि वे बातचीत से पीछे हट रहे हैं। नेतन्याहू ने ये भी कहा कि इस्राइल फलस्तीन के साथ दो देश के समझौते पर किसी अंतरराष्ट्रीय दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि इस्राइल ऐसी कोई भी बातचीत सीधे फलस्तीन से करेगा और वो भी बिना तय शर्तों के। इस्राइल और हमास के बीच मिस्त्र की राजधानी काहिरा में शांति वार्ता हो रही है। अमेरिका के कहने पर इस्राइल ने अपने वार्ताकार भी काहिरा भेजे थे, लेकिन बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने वार्ताकार आगे की बातचीत के लिए काहिरा भेजने से इनकार कर दिया है। मीडिया द्वारा इसे लेकर पूछे गए सवाल पर नेतन्याहू ने कहा कि हमें इस बातचीत से हमास की भ्रामक मांगों के अलावा कुछ हासिल नहीं हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमास द्वारा जो मांगें रखी जा रही हैं, उनमें गाजा में युद्ध तुरंत समाप्त करने और हमास को छोड़ने की मांग की जा रही है। साथ ही हजारों हमास समर्थकों को इस्राइल की जेलों से रिहा करने के साथ ही यरूशलम में यहूदियों के धार्मिक स्थल टेंपल माउंट को लेकर भी मांग की गई है।

### 100 से ज्यादा बंधक अभी भी हमास के कब्जे में

नेतन्याहू ने कहा कि काहिरा में इस्राइली प्रतिनिधि सिर्फ बैठकर बातें सुन रहे थे और हमास नेताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है। ऐसे में जब तक हमें कोई बदलाव नहीं दिख जाता है, तब तक हम बातचीत के लिए वापस अपने प्रतिनिधियों को नहीं भेजेंगे। इस्राइल के अभी भी 100 से ज्यादा बंधक हमास के कब्जे में हैं। वहीं इस्राइल, हमास के खात्मे पर अड़ा है। इस्राइल ने अब राफा शहर में अपना अभियान शुरू कर दिया है। फलस्तीन को अलग देश के रूप में मान्यता देने की मांग पर इस्राइली पीएम ने कहा कि एकतरफा तरीके से फलस्तीन को अलग देश की मान्यता देने से बड़ा ईनाम, आतंकवाद के लिए कुछ हो नहीं सकता।

# यूनिवर्सिटी में मृत पाया गया यूट्यूब की पूर्व सीईओ का बेटा, दादी ने जताया ड्रग ओवरडोज से मौत का अंदेशा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
यूट्यूब की पूर्व सीईओ सुजन वोजिस्की के 19 साल के बेटे मार्को ट्रॉपर का शव मिला है। कैंपस पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर किसी साजिश के कोई निशान नहीं मिले हैं। हालांकि, बच्चे की दादी एस्थर वोजिस्की का मानना है कि उसकी मौत ड्रग ओवरडोज से हो सकती है।

यूट्यूब की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुजन वोजिस्की के बेटे की मौत हो गई। इसकी पुष्टि परिवार ने की है। बताया जा रहा है कि इस सप्ताह की शुरुआत में 19 वर्षीय मार्को ट्रोपर का शव कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के बर्कले कैंपस के छात्रावास में मिला। आशंका जताई जा रही है कि मौत ड्रग ओवरडोज के चलते हुई। कैंपस अधिकारियों का कहना है कि कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के बर्कले परिसर में स्थित क्लार्क केर छात्रावास में मार्को ट्रॉपर रह रहा था। वह रूम से नहीं निकला और दरवाजा खटखटाने पर भी जवाब नहीं दिया। इसके बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने दरवाजा खुलवाया। मंगलवार शाम करीब चार बजकर 23 मिनट पर ट्रॉपर का शव मिला।

फिलहाल मौत का कारण पता नहीं चल सका है। कैंपस अधिकारियों ने कहा है कि घटनास्थल पर किसी साजिश के कोई निशान नहीं मिले हैं। हालांकि, बच्चे की दादी एस्थर वोजिस्की का मानना है कि उसकी मौत ड्रग ओवरडोज से हो सकती है। एस्थर वोजिस्की ने अपने पोते को सबसे दयालु, प्यार करने वाला, मजेदार और सुंदर इंसान बताया। साथ ही उसके गणित की भी तारीफ की। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, ट्रोपर एक ड्रग का सेवन कर रहा था। हमें नहीं पता कि यह क्या था। हम बस एक बात जानते हैं कि वह ड्रग करता था। परिवार को ट्रॉपर के टॉक्सिकोलॉजी रिपोर्ट का इंतजार है। इससे पता चल सकेगा कि मौत क्यों हुई। रिपोर्ट आने में 30 दिन तक लग सकते हैं। फेसबुक पोस्ट में एस्थर वोज्स्की ने कहा कि उनका पोता बहुत प्यारा था। वह मैथ जीनियस था। दादी ने बताया कि ट्रोपर गणित में पढ़ाई कर रहा था और वह दूसरे सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू करने वाला था। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, हम सब बहुत दुखी हैं। उन सभी अवसरों और जीवन के अनुभवों के बारे में सोच रहे हैं, जिसमें मार्को हमारे साथ था। मार्को हम सब तुमसे प्यार करते हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129